To regulate online marketing companies engaged in selling food items, FSSAI, in 2018, specified procedures for the licensing and registration of e-commerce business operators along with their responsibilities. Under the Food Safety and Standards (Labelling and Display) Regulations, 2020, e-commerce platforms are required to display relevant food information such as nutritional details, allergens, vegetarian/non-vegetarian logo, and calorific value obtained from the respective food businesses.

FSSAI has issued orders directing e-commerce Food Business Operators for displaying calorific value and other prescribed nutritional information on their online platforms. The order also requires e-commerce platforms to obtain the relevant information from food business operators and enable its display on their websites or mobile applications.

For compliance with the set standards, limits, & other statutory requirements under the Act and Food Safety & Standards Regulations (FSSR), FSSAI, through its 4 (four) Regional offices and State/UT food safety authorities conducts regular localized/targeted special enforcement and surveillance drives.

The details of the enforcement action taken in compliance with Regulation 9(1) of the FSS (Labelling and Display) Regulation, 2020 in last three years is attached at **Annexure.**

FSSAI considers the Recommended Dietary Allowance (RDA) as recommended by Indian Council of Medical Research (ICMR) and accordingly, 2,000 kcal energy per day for an average active adult are specified in the Regulation.To assist FBO including small enterprises, the calculation of energy (calorie) are elaborated in Regulation (5) (3) (e) of Food Safety and Standards (Labelling and Display) Regulations, 2020. Under regulation 9 (4) of the said regulation, a deviation of 25 percent in case of nutritional information declaration is also allowed.

Contents Page

Annexure

Details of the action taken in check on-site and on quick commerce platforms for compliance with Regulation 9(1) of the FSS (Labelling and Display) Regulation, 2020 by Regional offices, FSSAI in last three years

Financial Year	No. Food Establishment inspected	No. of Food Establishment compliant	No. of Food Establishment found Non-compliant	Details of Action taken	
				Improvement Notice issued	License Suspended
2022-23	141	126	15	15	6
2023-24	73	71	2	2	0
2024-25	165	164	1	1	0

MR. CHAIRMAN: First supplementary. Ms. Swati Maliwal.

सुश्री स्वाति मालिवालः सर, आज देश में बड़ी-बड़ी food chains — Domino's, Pizza Hut, KFC, Haldiram आदि कानून का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं और अपने menu पर खाने की calorific value नहीं लिख रहे हैं। सर, एक pizza में आम तौर पर 1500 से 2000 calories होती हैं, यानी 15 से 20 रोटी के बराबर calories, which is extremely unhealthy. सर, अगर लोगों को यह बात खाना order करने से पहले पता चल जाए, तो वे खुद भी कम junk food खाएंगे और बच्चों को भी कम देंगे। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूँ कि इन restaurant chains के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी, ताकि वे menu पर calories display करना शुरू करें। जो restaurant calories लिख भी रहे हैं, उन्हें कैसे check किया जा रहा है कि वे सही information दे रहे हैं या नहीं?

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

श्री जगत प्रकाश नड्डाः माननीय सभापति महोदय, इनका जो प्रश्न है, वह Food Safety and Standards Authority of India के द्वारा govern किया जाता है। Food Safety and Standards Authority of India के द्वारा हम इस बात की चिंता करते हैं कि जो भी food item है, उसका standardization science-based हो, यह हमारा mandate है। उसकी जो manufacturing होती है, यह कहाँ बनता है, उसके standards क्या हैं और उसके premises में क्या व्यवस्था है, इसके बारे में भी हम standards तय करते हैं। इसी तरह उसका storage system क्या है, उसके procedures और temperature maintain होते हैं या नहीं, इसके भी हम standards तय करते हैं। Distribution, यानी transportation के standards को भी हम तय करते हैं और उसमें

Contents Page

temperature and traceability का भी ध्यान रखते हैं। Point of sale पर इसके standards क्या हों, इसकी भी हम चिंता करते हैं। जो articles imports होते हैं, उनके बारे में FSSAI पूरी तरह से ध्यान रखती है। जहाँ तक FSSAI का mandate है, आपने जो प्रश्न पूछा है, उसके संबंध में मैं बताना चाहता हूँ कि हम ensure करते हैं availability of safe and wholesome food, और FSSAI uniformly इसको applicable करती है across the country. According to the Food Safety and Standards (Labelling and Display) Regulation, 2020, इसमें information देना mandatory है कि premises में जहाँ food बना है, उसके processed, served और stored होने की जानकारी display की जाए। इसी तरह specific provisions में restaurants and food-based service establishments में भी हम इस बात की चिंता करते हैं। Regulation 9(1) of Food Safety Standards में Regulation, 2020 के तहत food establishments में जो central licensing है, वह भारत सरकार देती है। साथ ही, जो food chains हैं जिनके 10 से ज्यादा outlets हैं, उन्हें हम regulate करते हैं और बाकी को States regulate करते हैं। इसी तरह e-commerce platforms में भी calorific values, allergen information और multi-nutritional information through menu cards, boards, booklets, handouts, websites, etc., के माध्यम से display करना आवश्यक है।

माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, उसके उत्तर में मैं बताना चाहता हूँ कि इन सभी चीजों को हम regulate करते हैं। जिनके less than ten outlets हैं, उन्हें States regulate करते हैं और वहाँ के local authorities regulate करते हैं, जबकि बाकी सभी को हम regulate करते हैं। इसके साथ ही हमने ICMR के स्टैंडर्ड्स भी बना रखे हैं कि 2000 per day के हिसाब से हम ज्यादा calorific value नहीं देंगे। जहां तक इनका प्रश्न है, तो मैं यही कहना चाहूंगा कि central licensing की दृष्टि से जो कंपनीज़ आती हैं, उनको हम पूरी तरह से regulate करते हैं और उसके लिए हम action taken भी करते हैं। इसमें मैंने आपको बताया भी है कि 2024-25 में 165 establishments की inspection हुई, जिसमें 164 compliant थे, एक non-compliant था। उनको नोटिस दिया गया और किसी के खिलाफ कोई लाइसेंस सस्पेंड नहीं किया गया। हमारी इस पर regular watch है और हम कोशिश करते हैं कि वह अपनी calorific value भी डिस्प्ले करे। जो calorific value है, वह ICMR तय करता है।

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part – I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials]

Contents Page

ANNOUNCEMENTS BY THE CHAIR

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, the speeches of the Members in the Discussion on the Working of the Ministry of Rural Development, raised by Dr. K. Laxman on the 10th March, 2026, was completed on 12th March, 2026. Reply by the hon. Minister to the discussion is pending. In view of the request received from the hon. Minister, if the House agrees, he may reply to the discussion from 2 p.m. today. Further discussion on the Appropriation Bill, 2026, may resume after the reply. Does the House agree?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 2 p.m.

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

$DISCUSSION ON THE WORKING OF MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक): सर, कोरम ही पूरा नहीं है।

श्री उपसभापति: जयराम रमेश जी, अब तो कोरम पूरा हो गया है। Now, Further Discussion on the Working of the Ministry of Rural Development, raised by Dr. K. Laxman on the 10th March, 2026. Now, I call upon the hon. Minister of Rural Development to reply the discussion. माननीय मंत्री जी।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान): माननीय उपसभापति जी, मैं कब से इंतजार कर रहा था - 'बड़ी देर भई नंदलाला।' मैं संजय सिंह जी, प्रमोद तिवारी जी, जयराम रमेश जी को धन्यवाद दूँगा। संजय सिंह जी से मैंने कहा था कि जब मैं बहस का उत्तर दूँ, तो सुनने जरूर आना। आप वादे के पक्के हैं। मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। केवल संजय जी का ही नहीं, बल्कि इस चर्चा में भाग लेने वाले सभी माननीय सदस्यों का हृदय से आभारी हूँ। इस चर्चा में 54 लोग बोले। मुझे लगता है कि इस चर्चा को तीन दिन हो गए हैं और यह चौथा दिन है।

$ Further discussion continued from the 10th March, 2026.

Contents Page

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजु): यह आज तक की सबसे लम्बी चर्चा है।

श्री शिवराज सिंह चौहान: जैसा कि संसदीय कार्य मंत्री जी बता रहे हैं कि किसी विभाग के कार्यकरण पर यदि आज तक सबसे लम्बी चर्चा हुई है, तो ग्रामीण विकास मंत्रालय पर हुई है। इसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ कि आपने ग्रामीण विकास को, ग्रामीणों को, गाँवों को, गरीबों को इतना महत्व दिया है। इस चर्चा का प्रारंभ के. लक्ष्मण जी ने किया था, लेकिन देर इतनी हो गई है कि कई सदस्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। मैं एक बार सबका नाम लेकर आभार प्रकाट करना चाहूँगा - आदरणीय श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल, डा. के. लक्ष्मण, मोहम्मद नदीमुल हक जी, गोला बाबूराव जी, सुलता देव जी, संजय यादव जी, डा. मु. तंबी दुरै जी, सुधा मूर्ती जी, रविचंद्र वद्दीराजू जी, जॉन ब्रिटास जी, रामजी लाल सुमन जी, फौजिया खान जी, सुरेन्द्र सिंह नागर जी, धनपाल जी, मस्तान राव यादव बीडा जी, रामभाई मोकरिया जी, संजय जी, पी.पी. सुनीर जी, रेखा जी, तिरुची शिवा जी, श्री रामजी, घनश्याम तिवाड़ी जी, अनिल सुखदेवराव बोंडे जी, प्रियंका जी, मयंक जी, संदोष कुमार जी, रामचंद्र जांगड़ा जी, महुआ माजी जी, सुभाष बराला जी, धर्मशीला जी, चौधरी मोहम्मद रमज़ान जी, अमर पाल मौर्य जी, वी. शिवदासन जी, मिथलेश जी, हारिस जी, सदानंद महालू शेट जी, धनंजय भीमराव महादिक जी, नबाम रेबिआ जी, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई जी, मनन कुमार जी, रमिलाबेन जी, संगीता बलवन्त जी, शक्तिसिंह गोहिल जी - ये तो बड़ी शक्ति से बोले थे, महेंद्र भट्ट जी, माया नारोलिया जी, बंशीलाल जी, डा. भीम सिंह जी, बृज लाल जी, संत बलबीर सिंह जी, रामेश्वर तेली जी, इमरान प्रतापगढ़ी जी, राजाथी जी, बाबू राम निषाद जी एवं सीमा जी। मैं समझता हूँ कि मेरे पास जो सूची है, उसमें लगभग... ...(**व्यवधान**)...

श्री पी. विल्सन (तमिलनाडु): सर, तिरुची शिवा जी का नाम भी लीजिए।

श्री शिवराज सिंह चौहान: जी, शिवा जी का नाम लिया है। मैं किसी को भूल नहीं सकता। चाहे इधर हों या उधर हों, सब अपने हैं। मैं सबका हृदय से आभार प्रकट करता हूं। चर्चा हुई, गम्भीरता से चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए।

उपसभापति जी, मैं आज अपनी बात आगे रखने से पहले सभी माननीय सदस्यों से यह वादा करता हूँ कि जो रचनात्मक सुझाव आए हैं, जिन पर अमल सम्भव है - केवल बहस के लिए बहस नहीं है, बल्कि सकारात्मक चर्चा है, रचनात्मक चर्चा है और चर्चा में जो सुझाव आए हैं, उन्हें इम्प्लीमेंट करना, उन्हें मानना हमारी जवाबदारी है। मैं पूरा वचन देता हूँ कि जिन पर अमल किया जा सकता है, हम उन पर अमल करने का जरूर प्रयास करेंगे। मैं माननीय सदस्यों से एक बात और कहना चाहता हूं कि वे चर्चा में मुद्दे उठाएं - केवल यह भी नहीं होना चाहिए। ग्रामीण विकास मंत्री के नाते, अगर आप सदन के बाहर भी सुझाव देंगे, तो भी मैं आपका हृदय से स्वागत करूंगा। चर्चा में आलोचनाएं भी हुई हैं। आलोचना स्वस्थ हो, तो कोई दिक्कत नहीं है, उसका स्वागत है। माननीय उपसभापति जी, मैं तो इस विचार में विश्वास रहता हूं:

Contents Page

"निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय,
बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।"

इसलिए ऐसी हर आलोचना का भी स्वागत है। लेकिन केवल आलोचना के लिए आलोचना नहीं होनी चाहिए, आलोचना स्वस्थ होनी चाहिए, रचनात्मक होनी चाहिए, लेकिन केवल कुछ कहना है, केवल इसलिए आलोचना करें - यह उचित नहीं है। लोकतंत्र केवल ईंट, गारे, सीमेंट और कंक्रीट का भवन नहीं है। यह लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। मैं यहां बारंबार शीश झुकाता हूं और इस पवित्र मंदिर की अगर कोई मूर्ति है, भगवान है, तो वह हमारी जनता है और यदि कोई प्राण है, तो वह स्वस्थ बहस है, स्वस्थ संवाद है और इसलिए भी मैं इस बहस का स्वागत करता हूं।

माननीय उपसभापति जी, इस चर्चा में बार-बार एक बात सामने आई है और उसे कई सदस्यों ने दोहराया है कि विकसित भारत-जी राम जी से बड़ी परेशानी है। एक और बात यह कही गयी कि नाम बदल दिया, गांधी जी का नाम बदल दिया। मैं बहुत स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं, बापू विश्व वंद्य हैं। उनके चरणों में हम प्रणाम करते हैं। मैं एक बात और दृढ़ता के साथ कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ मेरे संबंध 35 साल पुराने हैं और मैंने जब भी महात्मा गांधी पर चर्चा करते हुए उनको देखा है, तो अत्यंत श्रद्धा और आदर के भाव से चर्चा करते हुए देखा है। बापू हमारे विचारों में हैं, बापू हमारी भावनाओं में हैं, बापू हमारी अंतरआत्मा में हैं, बापू हमारे कामों में हैं, बापू भारतीय जनता पार्टी की पंच-निष्ठाओं में हैं। हमने सदैव बापू का आदर किया है। हमने बापू को भी माना और बापू की भी मानी है। कुछ ऐसे लोग जरूर हैं, जो बापू का नाम बार-बार लेते हैं, लेकिन उन्होंने कभी बापू की नहीं मानी। उपसभापति महोदय, बापू जी ने तो कहा था कि कांग्रेस भंग कर दो, विसर्जन कर दो, देश को आजादी प्राप्त हो गई है, लोक सेवक संघ बनाओ और अगर राजनीतिक दल बने ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश: किस संदर्भ में कहा था?

श्री उपसभापति: प्लीज़, सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश: सर, सही इतिहास ...

श्री उपसभापति: उनका इतिहास आप सुन लीजिए। प्लीज़...

श्री शिवराज सिंह चौहान: उपसभापति जी, अभी तो मैंने प्रारंभ ही किया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश: किस संदर्भ में बोला था?

श्री उपसभापति: आप सब लोगों ने बोला, इन लोगों ने सुना। अब आप इनको सुनिए। ...(**व्यवधान**)... जयराम जी, आप बैठ जाइए। मंत्री जी, आप बोलिए।

Contents Page

श्री शिवराज सिंह चौहानः आजादी की लड़ाई की पूंजी को अगर अपनी पार्टी के खाते में जमा करने के लिए कांग्रेस को जीवित रखने का अपराध किया, तो वह कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व ने किया। आपने बापू की कब मानी? देश का विभाजन बापू के विचार की हत्या थी। 1975 में देश में आपातकाल लगाना, यह भी बापू जी के विचार की हत्या थी। ऐसा भयानक भ्रष्टाचार - यह मेरा विषय नहीं है और मैं आज इस पर विस्तार से चर्चा नहीं करूंगा। क्या यह बापू के विचार की हत्या नहीं थी?

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आज फिर अपनी वचनबद्धता दोहराता हूं। अगर हमारी सरकार चल रही है, तो इसमें पूज्य बापू जी के विचार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार हैं। दीनदयाल जी कहा करते थे कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य परमात्मा की प्राप्ति है। परमात्मा कैसे मिलेगा? वे कहते थे कि मैं नहीं जानता हूं कि मंदिर में जाकर अगर आप भगवान की आरती उतारोगे, तो प्रसन्न होकर दर्शन देगा कि नहीं देगा। मैं यह भी नहीं जानता कि तीज और त्योहारों पर व्रत और उपवास रखोगे, तो नारायण प्रसन्न होकर दर्शन देगा कि नहीं देगा; मैं यह भी नहीं जानता कि हिमालय की कंदराओं में बैठ कर घनघोर तपस्या करोगे, तो परमात्मा दर्शन देगा कि नहीं देगा; लेकिन मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि दीनों की सेवा कर ली, दुखियों की सेवा कर ली, अगर गरीबों की आंखों के आंसू पोंछ दिए, तो गरीबों की उन्हीं आंखों में तुम्हें साक्षात नारायण के दर्शन होंगे, साक्षात परमात्मा दिखाई देगा। दरिद्र ही नारायण है, जनता ही जनार्दन है - यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का कहना था। माननीय उपसभापति महोदय, पंडित दीनदयाल जी हों; डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी हों, जिन्होंने कभी कहा था कि एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे और वह संकल्प आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पूरा किया; लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी हों; अटल बिहारी वाजपेयी जी हों; लाल कृष्ण आडवाणी जी हों; उनके विचारों के आधार पर हमारी सरकार चल रही है।

माननीय उपसभापति महोदय, 'विकसित भारत-जी राम जी' आया, तो कांग्रेस के मित्रों को बड़ी तकलीफ हुई। मनरेगा योजना खत्म कर दी, गांधी जी का अपमान कर दिया! माननीय उपसभापति महोदय, ऐसी कितनी योजनाएं आईं! काम के बदले अनाज योजना; संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना; उसके बाद, जवाहर रोजगार योजना। जवाहर रोजगार योजना भी स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी के नाम पर कांग्रेस की सरकार में आई थी। पहले जवाहर रोजगार योजना आई, बाद में उन्हीं के नाम पर फिर दूसरी योजना नहीं बनी, 'नरेगा' बना दी। अगर केवल नाम बदलना अपमान है, तो सबसे पहले स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का अपमान कांग्रेस ने किया। यह उस समय यूपीए की सरकार ने किया। क्या नाम बदलना किसी का अपमान होता है? बाद में आपने 'नरेगा', फिर 'नरेगा' से 'मनरेगा' किया। महात्मा गांधी का नाम भी पहले नहीं रखा, पहले तो यह 'नरेगा' ही थी, लेकिन जब वोटों की फसल काटनी थी, तो वह 'नरेगा' 'मनरेगा' हो गई। आपको न गरीब से लेना-देना था, न मजदूर से लेना-देना था, आपको तो अपने वोट से लेना-देना था। नाम बदलने से अपमान नहीं होता है। जहां तक नाम का सवाल है, मैं कितनी योजनाओं के नाम लूं! माननीय उपसभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं, एक परिवार के नाम पर,

Contents Page

महात्मा गांधी नहीं, गांधी जी से भी गांधी जी को चुराने वाले लोग भी हैं, एक ही परिवार के नाम से, यह मेरे पास रिकॉर्ड है, 600 सरकारी योजनाओं के नाम स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी, स्वर्गीय इंदिरा जी और स्वर्गीय राजीव जी के नाम पर रखे गए हैं। यह पूरा रिकॉर्ड है। अलग-अलग योजनाओं के नाम हैं। माननीय उपसभापति जी, 15 स्कॉलरशिप्स; 15 नेशनल पार्क्स-म्यूजियम्स; 5 एयरपोर्ट या बंदरगाह; इसी तरह से अनेक योजनाओं के नाम हैं, 16 राजीव जी के नाम पर, 8 इंदिरा जी के नाम पर और 3 जवाहरलाल नेहरू जी के नाम पर रखे गए। माननीय उपसभापति महोदय, इसके साथ ही, 74 सड़कें, जगहें और इमारतें, 51 अवाड्र्स, 37 संस्थान, फेयर-फेस्टिवल्स, 39 चिकित्सा संस्थान और अस्पताल हैं। शैक्षणिक संस्थानों में 55 के नाम स्वर्गीय राजीव जी के नाम पर, 21 के नाम इंदिरा जी के नाम पर और 22 के नाम नेहरू जी पर हैं। खेल टूर्नामेंट या ट्रॉफी, वे भी खिलाड़ियों के नाम पर नहीं हैं। 23 राजीव जी के नाम पर, 4 इंदिरा जी के नाम पर और 2 पंडित नेहरू जी के नाम पर हैं। ...(**व्यवधान**)... राज्य सरकार की योजनाओं के नाम भी, 25 राजीव जी के नाम पर, 27 इंदिरा जी के नाम पर, फिर 52 ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप सुनिए, प्लीज़।

श्री शिवराज सिंह चौहान: अगर आप कहें, तो मैं उन योजनाओं के नाम पढ़ देता हूं। कहां बापू जी में श्रद्धा थी! आपने तो एक खानदान के नाम पर इनके नाम रखे। ...(**व्यवधान**)... अगर हम एक योजना का नाम 'विकसित भारत-जी राम जी' कर दें, तो आपको तकलीफ हो जाती है। आखिर राम के नाम में क्या आपत्ति है? माननीय उपसभापति जी, जैसे ही 'मनरेगा' की जगह दूसरी योजना, 'विकसित भारत-जी राम जी' की बात आई, तूफान खड़ा हो गया! ऐसा लगा कि कांग्रेस भूचाल ला देगी, संग्राम होगा। संग्राम नहीं, महासंग्राम। ...(**व्यवधान**)... "याचना नहीं, अब रण होगा, संग्राम महाभीषण होगा।.." माननीय उपसभापति महोदय, मैं भी डर गया कि शिवराज, पता नहीं, क्या होने वाला है? धरती हिलेगी कि आसमान फटेगा? एक फोटो देख कर तो मैं और भी घबरा गया - महासंग्राम करते दो महा मजदूर। ...(**व्यवधान**)... दो महा मजदूर। ...(**व्यवधान**)... सर पर गमछा, कंधे पर कुदाल। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will see. ...*(Interruptions)*...

श्री शक्तिसिंह गोहिल (गुजरात): सर, मेरा point of order है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः Point of order. ...*(Interruptions)*... वह किस रूल के तहत है? ...(**व्यवधान**)...माननीय शक्तिसिंह गोहिल जी।

श्री शक्तिसिंह गोहिलः सर, यह रूल नम्बर 238 के तहत है। यह इसलिए है कि हाउस में बोलते वक्त कोई मेम्बर कोई तस्वीर नहीं दिखा सकता, लेकिन मंत्री जी खुद तस्वीरें दिखाते हैं। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will see. ...*(Interruptions)*... We will see. ...*(Interruptions)*...

श्री शक्तिसिंह गोहिलः सर, यह कैसे चलेगा? ...(**व्यवधान**)... तो फिर हम भी दिखाएंगे।

श्री उपसभापतिः यह रूल सबके लिए applicable है। ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य: वे मनरेगा के दो मजदूर हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः माननीय प्रमोद तिवारी जी।

श्री प्रमोद तिवारीः महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से अपने ज्ञान के लिए एक बात जानना चाहता हूं कि जो शहीद हो जाते हैं, जो इस दुनिया में नहीं रहते, जो बड़े लोग होते हैं, उनके नाम पर तो योजनाएँ भी हैं।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, please. ...*(Interruptions)*... नहीं, नहीं। एक मिनट।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री; तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी)ः महात्मा गांधी जी के नाम पर कितने रखे? ...(**व्यवधान**)...महात्मा गांधी जी के नाम पर कितने रखे? वल्लभ भाई जी के नाम पर कितने रखे, सुभाष बाबू जी के नाम पर कितने रखे? ...(**व्यवधान**)... बताइए।

श्री उपसभापतिः नहीं, यह बहस अलग दिशा में जा रही है। ...(**व्यवधान**)... माननीय प्रमोद जी, अब आप अपनी बात खत्म कीजिए। ...(**व्यवधान**)... नहीं, यह बहस दूसरी तरफ नहीं जाएगी। आप अपनी बात रखिए। उसके बाद माननीय मंत्री जी को बुलाएंगे।

श्री प्रमोद तिवारी (राजस्थान)**:** महोदय, अच्छा किया कि आपने उनको डाँट कर बैठा दिया।

श्री उपसभापतिः ठीक है, थैंक यू। अब माननीय मंत्री जी बोलेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारीः माननीय महोदय, आप मेरी बात सुन लीजिए।

श्री उपसभापतिः हो गया। आपकी बात पूरी हो गई।

श्री प्रमोद तिवारीः अभी पूरी नहीं हुई है। उनकी बात बीच में आ गई, इसलिए मैं नहीं कह पाया।

श्री उपसभापतिः प्लीज़, आप अपनी बात जल्दी खत्म कीजिए।

श्री प्रमोद तिवारीः महोदय, मैं संक्षेप में सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जो इस देश की महान विभूतियां होती हैं, जो दुनिया में नहीं रहतीं, उनको स्मरण करते हुए, उनके नाम पर योजनाएं चलती हैं। यह जो स्टेडियम का नाम ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री उपसभापतिः धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... Nothing is going on record now. ...*(Interruptions)*... Hon. Minister of Parliamentary Affairs. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record, Pramod*ji*. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Yes, hon. Minister of Parliamentary Affairs.

श्री किरेन रिजिजुः सर, मैं क्लियर करना चाहता हूं। कांग्रेस के लोग और जयराम जी भी बार-बार यह मुद्दा उठाते रहते हैं। माननीय शिवराज सिंह जी ने जो कहा है, इस देश में जितने सरकारी कार्यक्रम हैं, सरकारी जगहें, सरकारी रोड्स, सरकारी मकान, ऐसी जितनी भी सरकारी चीजें हैं, चाहे स्टेडियम हों, चाहे कोई भी चीज हो, सारी सरकारी चीजों के नाम आप लोगों ने एक ही परिवार के नाम पर रखे। शिवराज जी ने जो लिस्ट बतायी, वह पूरी लिस्ट भी अभी तक नहीं दी है।

एक बात यह है कि आप लोग जो बार-बार जिक्र करते हैं, उसका भारत सरकार के पैसे से कोई लेना-देना नहीं है। वह सरकार का कोई कार्यक्रम नहीं है। गुजरात का अपना एक निजी एसोसिएशन है, वह सरकारी संस्था नहीं है। ...(**व्यवधान**)... उसने अपने आप से एक स्टेडियम बनाया। उस पर ये टूट पड़ते हैं। ...(**व्यवधान**)... इन लोगों ने तो पूरा सरकारी पैसा, सरकारी संस्थाओं, सारे सरकारी कार्यक्रमों को एक ही परिवार के नाम पर पूरा झोंक दिया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रहलाद जोशी: सर, ये लोग क्या पाठ पढ़ाते हैं? जब स्वयं इंदिरा गांधी जी, नेहरू जी और राजीव जी जीवित थे, तब इनको 'भारत रत्न', ...(**व्यवधान**)... अपने आपको पहनाए। ये क्या बात करते हैं?

श्री उपसभापतिः माननीय जोशी जी, आप बैठ जाइए। मंत्री जी, अब आप बोलिए।

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति जी, ...(**व्यवधान**)... मैं हरेक महापुरुष की गरिमा का सम्मान करता हूं और मैंने हरेक नाम पूरे सम्मान और आदर के साथ लिया है। यह मेरा स्वभाव है। माननीय उपसभापति महोदय, जब प्रमोद जी ने पूछा ही है, तो जिन्होंने यह उद्घोष किया था – 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', वह भी बता दीजिए कि उनके नाम पर इन्होंने कितनी योजनाएं रखी थीं? ...(**व्यवधान**)... महारानी लक्ष्मीबाई, जिन्होंने कहा था – 'खून की अंतिम बूंद दे दूंगी, अपनी झांसी नहीं दूंगी', उनके नाम पर कितनी योजनाओं के नाम रखे थे? पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी ने कहा था – 'इलाही वह दिन भी आएगा, जब अपना राज देखेंगे, जब अपनी जमीं होगी और अपना आसमां होगा', उनके नाम पर कितनी योजनाओं के नाम रखे? चंद्रशेखर आजाद जी के नाम पर और शहीदे आजम सरदार भगत सिंह जी के नाम पर कितनी योजनाओं के नाम रखे? ऐसे दर्जनों महापुरुष हैं। ...(**व्यवधान**)... हमारा देश धन्य है। सरदार वल्लभ भाई पटेल, जिन्होंने पूरे देश को एक किया, ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री उपसभापतिः कृपया सीट पर बैठ कर नहीं बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहान: जिन्होंने 650 देसी रियासतों का विलय करके, भारत को यह स्वरूप प्रदान किया, उनके नाम पर कितनी योजनाओं के नाम रखे? अगर प्रणाम करना है, तो हर एक महापुरुष को प्रणाम कीजिए, पार्टी और खानदान देख कर प्रणाम मत कीजिए।

उपसभापति महोदय, मैं महासंग्राम की बात कर रहा था। सचमुच में, मैं पहले डर गया था। मैं कई जगह गया, ग्राम सभाओं में समझाया कि 'विकसित भारत - जी राम जी' यह है। अब मैंने देखा कि संग्राम कब होगा। पहले भीषण संग्राम की तारीख 5 जनवरी तय हुई। 5 जनवरी को हमने देखा कुछ नहीं हुआ। बोले, अब 8 जनवरी को होगा। 8 जनवरी को कुछ नहीं हुआ, तो फिर कहा कि 10 जनवरी को होगा। माननीय उपसभापति महोदय, क्या देश में कहीं संग्राम दिखा? मैं देश भर में घूमता रहा कि कहाँ संग्राम है, संग्राम तो देखूँ। मैंने वह फोटो भी देखी - सिर पर गमछा, कंधे पर कुदाल, लेकिन नीचे जींस की पैंट। संग्राम महाभीषण होगा, लेकिन पत्ता भी नहीं हिला। यह इनका विश्वास है और इनकी हालत है। मैं पूछना चाहता हूँ कि कहाँ मजदूर मैदान में उतरे? कहाँ जनप्रतिनिधि मैदान में आए? कहाँ नरेगाकर्मी मैदान में आए?

माननीय उपसभापति महोदय, ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि मोदी जी के साथ विश्वास है, जनता है, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' है और देश ने यह स्वीकार कर लिया कि 'विकसित भारत - जी राम जी' 'मनरेगा' से बहुत बेहतर योजना है।...(**व्यवधान**)... वह भी बता रहा हूँ। पहले तो मैं यह बता दूँ कि आप बड़े चिंतित थे, कई माननीय सदस्यों ने आशंका जाहिर की, मैं उनका आदर करता हूँ, लेकिन मैं उनकी आशंकाओं का जवाब दे रहा हूँ। पहले तो कहा कि बजट में प्रावधान ही नहीं होगा। यह सरकार 'मनरेगा' को खत्म करना चाहती है, बजट कहाँ से आएगा, राज्य पैसा कहाँ से देंगे।

माननीय उपसभापति महोदय, मुझे अपने नेतृत्व पर, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर गर्व है और मैं वित्त मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने पहली बार 95,692 करोड़ रुपए का प्रावधान, जो केवल केंद्र का हिस्सा है, केंद्रीय बजट में यहाँ किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रावधान है। हम तो प्रावधान करते हैं, क्योंकि हम योजना लेकर आए थे। ये आशंका जता रहे थे कि राज्य सरकार के पास पैसा कहाँ से आएगा, राज्य सरकार बजट में कहाँ से प्रावधान करेगी? माननीय उपसभापति महोदय, यह योजना इतनी अच्छी है कि इसको देश की जनता ने स्वीकारा है, प्रशंसा की है। राज्य सरकारों ने भी अपने बजट में प्रावधान कर दिया है। आप जानते हैं कि इस समय राज्य सरकारों के बजट में प्रावधान हो रहा है। मान्यवर, मैं उन राज्यों के नाम बताना चाहता हूँ। आप कहते थे कि राज्यों के पास पैसा कहाँ से आएगा? भारत की आर्थिक स्थिति निरंतर मजबूत हो रही है। केंद्र का बजट भी बढ़ रहा है, राज्य का बजट भी बढ़ रहा है। केंद्रीय करों में राज्यों को ज्यादा हिस्सा दिया जा रहा है। आप देखिए, झारखंड में हमारी सरकार नहीं है। वहाँ झारखंड मुक्ति मोर्चा और आपकी सरकार है। वहाँ बजट में 1,986 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। केरल में हमारी सरकार नहीं है, वहाँ लेफ्ट की सरकार है। वहाँ भी बजट में 1,000

Contents Page

करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। संजय जी, पंजाब में हमारी सरकार नहीं है, आपकी सरकार है, वहाँ भी बजट में 610 करोड़, 40 लाख रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के बारे में हमारे मित्र कह रहे थे कि वहाँ पैसा कहाँ से आएगा। वहाँ राज्य को केवल 10 परसेंट देना है। वहाँ के बजट में 216 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। प्रमोद जी, हिमाचल प्रदेश में हमारी सरकार नहीं है। वहाँ कांग्रेस की सरकार है। आप कह रहे थे कि पैसा कहाँ से आएगा, लेकिन हिमाचल प्रदेश ने बजट में 143 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया है। मिजोरम में 130 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। तमिलनाडु ने प्रावधान किया, तेलंगाना प्रावधान कर रहा है। उत्तर प्रदेश ने 4,578 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ ने 4,500 करोड़ रुपए, मध्य प्रदेश ने 4,171 करोड़ रुपए, बिहार ने 1,892 करोड़ रुपए, राजस्थान ने 4,000 करोड़ रुपए, आंध्र प्रदेश ने 3,840 करोड़ रुपए, ओडिशा ने 2,230 करोड़ रुपए, असम ने 108 करोड़ रुपए, मेघालय ने 800 करोड़ रुपए, गुजरात ने 600 करोड़ रुपए, मणिपुर ने 259 करोड़, 60 लाख रुपए, त्रिपुरा ने 173 करोड़ रुपए, हरियाणा ने 148 करोड़ रुपए, नागालैंड ने 118 करोड़ रुपए, अरुणाचल प्रदेश ने 48.2 करोड़ रुपए, उत्तराखंड ने 42.3 करोड़ रुपए और सिक्किम ने 18.88 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। गोवा में गांव ही बहुत कम है, इसलिए उसने 2.8 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। महाराष्ट्र ने प्रावधान कर दिया है। केवल एक सरकार रह गई, जिसने प्रावधान नहीं किया। जयराम जी, वह है कर्णाटक सरकार। कर्णाटक में शायद खरगे जी ने सिद्धारमैया जी को डरा दिया कि इसको कर मत देना, हमने विरोध किया है; इसको कर मत देना, हमने विरोध किया है। मुझे कांग्रेस की नीति, नेता और नीयत ही पता नहीं चलती कि वह क्या है। एक नेता बजट में प्रावधान कर रहा है। एक मुख्य मंत्री बजट में प्रावधान करते हैं, तो दूसरे मुख्य मंत्री बजट में प्रावधान नहीं करते। न नीति, न नेता, न नीयत! कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि *एक दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई इधर गिरा, कोई उधर गिरा।* यह आज कांग्रेस की स्थिति है। कोई प्रावधान कर रहा है, कोई नहीं कर रहा है। कोई मान रहा है, कोई नहीं मान रहा है। अब कांग्रेस की हालत क्या है, यह आप सोचकर देखिए। मुझे उसके बारे में विस्तार से बात नहीं करनी है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं मनरेगा के बारे में यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि मनरेगा को किसने ढंग से लागू किया। यह योजना यूपीए सरकार की थी। ये आरोप लगाते हैं कि हम योजना खत्म करना चाहते थे। अगर योजना समाप्त करनी होती, मजदूरों का हित ध्यान में नहीं होता, तो योजना 2014-15 में ही खत्म हो जाती। लेकिन, ये प्रधान मंत्री जी हैं, किसी दूसरी सरकार ने योजना चलाई, इसलिए नाम नहीं बदलेंगे, बल्कि उसको बेहतर ढंग से चलाने की कोशिश करेंगे। मैं दावा करता हूँ कि यूपीए की सरकार से कई गुना बेहतर अगर मनरेगा को किसी ने चलाने का काम किया है, तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। मैं यह केवल भाषण देने के लिए नहीं कह रहा हूँ, बल्कि मैं यह तथ्यों के साथ कह रहा हूँ। माननीय उपसभापति महोदय, जब यूपीए की सरकार थी, जयराम जी, वीबी -जी राम जी से पहले जब इसका मनरेगा नाम था, मैं तब की बात कर रहा हूँ। तब आपने वर्ष 2006-07 से लेकर 2013-14 तक इसमें 2,12,409 करोड़ रुपये खर्च किए थे और नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस पर 8,58,346 करोड़, 71 लाख रुपये खर्च किए। आप ज़रा अपने दिल पर हाथ रखकर बोलिए कि अगर हम मनरेगा

Contents Page

खत्म करना चाहते, मजदूरों का भला नहीं चाहते, तो क्या हम 8,58,346 करोड़, 71 लाख रुपये खर्च करते?

माननीय उपसभापति जी, राज्यों से भेदभाव के आरोप लगाए गए। यूपीए और एनडीए की सरकारों में मनरेगा के तहत किस राज्य को कितना पैसा दिया गया है - मैं आज वह भी सदन के माध्यम से एक बार देश को बताना चाहता हूँ। आंध्र प्रदेश को यूपीए की सरकार ने 26,260 करोड़ रुपये दिए और मोदी जी की सरकार ने 76,570 करोड़, 31 लाख रुपये दिए, अरुणाचल प्रदेश को आपने 393 करोड़ दिए, हमने 3,787 करोड़ दिए - किरेन जी, हमने उसको 55 लाख रुपये एडिशनल भी दिए, असम को आपने 4,668 करोड़ दिए और हमारी सरकार ने 19,232 करोड़, 55 लाख दिए, बिहार को आपने 9,649 करोड़ दिए, लेकिन उसे 51,841 करोड़ हमने दिए, आपने छत्तीसगढ़ को 11,155 करोड़ दिए और हमने 33,485 करोड़ दिए, गुजरात को आपने 3,103 करोड़ दिए और हमने 12,985 करोड़ दिए, हरियाणा को आपने 1,477 करोड़ दिए और हमने 4,942 करोड़ दिए, हिमाचल प्रदेश को आपने 2,766 करोड़ दिए और हमने 9,372 करोड़ दिए। जयराम जी, जम्मू एंड कश्मीर को आपने 2,853 करोड़ दिए, हमने 11,768 करोड़ दिए। झारखंड को आपने 7,458 करोड़ दिए और हमने 25,317 करोड़ दिए। प्रहलाद जी, कर्णाटक के बारे में भी सुन लीजिए। यूपीए सरकार ने 8,739 करोड़ रुपए दिए, जबकि हमने 48,667 करोड़, 48 लाख रुपए दिए। यहाँ देवेगौड़ा जी भी बैठे हैं, मैं उनका बहुत आदर करता हूँ।

केरल में आपने 5,016 करोड़ रुपए दिए, जबकि मोदी जी की सरकार ने 34,211 करोड़ रुपए दिए। महोदय, कहाँ भेदभाव किया जा रहा है? मध्य प्रदेश में आपने 21,076 करोड़ रुपए दिए, जबकि मोदी जी ने 61,922 करोड़, 63 लाख रुपए दिए। महाराष्ट्र में आपने 4,655 करोड़ रुपए दिए, जबकि एनडीए की सरकार ने 29,595 करोड़ रुपए दिए। मणिपुर में यूपीए ने 2,670 करोड़ रुपए दिए, जबकि एनडीए ने 6,472 करोड़, 98 लाख रुपए दिए। मेघालय में आपने 1,372 करोड़ रुपए दिए, जबकि हमने 10,782 करोड़ रुपए दिए। मिजोरम में आपने 1,525 करोड़ रुपए दिए, जबकि हमने 5,022 करोड़ रुपए दिए। नागालैंड में आपने 2,821 करोड़ रुपए दिए, जबकि एनडीए की मोदी जी की सरकार ने 5,781 करोड़ रुपए दिए। ओडिशा में आपने 6,790 करोड़ रुपए दिए, जबकि हमने 38,986 करोड़ रुपए दिए।

संजय सिंह जी, पंजाब को यूपीए ने 858 करोड़ रुपए दिए थे, जबकि एनडीए ने 10,028 करोड़, 59 लाख रुपए दिए। राजस्थान में आपने 23,353 करोड़ रुपए दिए, जबकि मोदी जी की सरकार ने 79,350 करोड़ रुपए दिए। सिक्किम में आपने 468 करोड़ रुपए दिए, जबकि एनडीए की सरकार ने 1,205 करोड़ रुपए दिए।

माननीय उपसभापति महोदय, तमिलनाडु में हमारे ऊपर भेदभाव के आरोप लगाए जाते हैं। इसलिए मैं इस महान सदन के माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ और तमिलनाडु की महान जनता को प्रणाम करते हुए बताना चाहता हूँ कि यूपीए ने पूरे कार्यकाल में 16,559 करोड़ रुपए दिए थे, जबकि नरेन्द्र मोदी जी ने 86,174 करोड़, 63 लाख रुपए दिए। कहाँ 16 और कहाँ 86 —

Contents Page

यह तुलना है, यह वास्तविकता है। हमारे मन में किसी के लिए कोई भेदभाव नहीं है। त्रिपुरा को आपने 4,598 करोड़ रुपए दिए, जबकि हमने 10,563 करोड़ रुपए दिए। उत्तर प्रदेश में आपने 25,100 करोड़ - इसमें यह भी समझने की बात है कि एनडीए शासित राज्यों में यदि प्रतिशत के हिसाब से देखें, तो उतनी वृद्धि नहीं हुई जितनी अन्य राज्यों में हुई। इसीलिए हम कहते हैं — हम सब भारत माँ के लाल हैं, भेदभाव का कहां सवाल। हम सबको बराबर मानते हैं। "सबका साथ, सबका विकास, सबको न्याय" — यह नीति यदि कहीं है, तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की है।

मैं आज पश्चिमी बंगाल के बारे में भी बता दूँ। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, please.

श्री शिवराज सिंह चौहान: हमारे ऊपर बहुत आरोप लगाए जाते थे कि भेदभाव कर दिया, पैसे काट लिए। लेकिन ममता दीदी के राज्य पश्चिमी बंगाल के महान भाई-बहनों को प्रणाम करते हुए मैं इस सदन के माध्यम से कहना चाहता हूँ कि यूपीए ने 14,985 करोड़ रुपए दिए, जबकि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने 54,415 करोड़, 67 लाख रुपए दिए। क्या हम भेदभाव करते हैं? ...(**व्यवधान**)...

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY (West Bengal): Sir, I am on a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Under which rule?

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Under Rule 239.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes.

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, the hon. Minister has made certain remarks about West Bengal and he has clarified how much money has been allotted to West Bengal. Through you, I am putting a question to the hon. Minister under Rule 239 as to whether it is a fact that the Calcutta High Court and the Supreme Court directed the Union Government to release the pending funds to the Government of West Bengal in regard to MNREGA, but, till today, no fund has been allotted in spite of the Court order...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Clarify this point.

Contents Page

श्री शिवराज सिंह चौहानः माननीय उपसभापति महोदय, पहली बात तो मैंने यह बताई कि 54,415 करोड़, 67 लाख रुपए एनडीए की सरकार ने दिए। दूसरी बात, मैं यह बताना चाहता हूँ कि जब व्यापक पैमाने पर यह शिकायतें आईं कि पश्चिमी बंगाल में ... (**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; it is not fair. ...*(Interruptions)*... Sukhendu Sekhar Rayji, you are a senior Member. Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... No! Please. ...*(Interruptions)*... No, no; I allowed you. ...*(Interruptions)*... आप बोलें, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।

श्री शिवराज सिंह चौहानः वहाँ की सरकार ने योजनाओं का दुरुपयोग किया ... (**व्यवधान**)... मजदूरों की बजाय मशीनों से काम, ठेके पर काम, एक काम को कई टुकड़ों में बाँटकर लाभ कमाया गया। जनता के हक को मार कर अपने कैडर का पेट भरने का काम किया, तब हमने रोक लगाई। वहां टीम गई और उन्होंने पश्चिम बंगाल में निरीक्षण किया और राज्य सरकार को कहा कि गड़बड़ी हो रही है। इन गड़बड़ियों को रोकिए। पश्चिम बंगाल ने गड़बड़ी नहीं रोकी, इसलिए उस पैसे पर रोक लगाई गई, लेकिन इसके बाद मनरेगा चालू करने का निर्देश और आदेश यहां से पश्चिम बंगाल को हुआ। हाई कोर्ट ने जो कहा, उसमें हमने शर्त लगाई कि पैसे का मिसयूज नहीं होगा, दुरुपयोग नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः सुखेन्दु जी, आपसे ऐसा expect नहीं करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहानः हमने शर्त लगाई, तो वे शर्तें फाड़ कर फेंक दी गईं। इसलिए वहां राशि रुकी थी, लेकिन हम हाई कोर्ट के हर फैसले को मानने के लिए प्रतिबद्ध हैं और पश्चिम बंगाल की महान जनता के कल्याण में हमारी सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। मेरे ही विभाग में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क विभाग आता है। उसके पैसे पश्चिम बंगाल को दिए गए। कृषि विभाग की सारी योजनाओं के पैसे पश्चिम बंगाल को दिए गए। जहां गड़बड़ी होगी, वहां तो कार्रवाई करनी पड़ेगी। केवल खाने के लिए पैसा नहीं दिया जाता है।

उपसभापति महोदय, मैं आज यह पूछना चाहता हूं कि विकसित भारत - जी राम जी से क्या दिक्कत है? मनरेगा में जब व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी प्रकाश में आई।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing is going on record. आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान)...

श्री शिवराज सिंह चौहानः आज मैं इस महान सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि मनरेगा में गड़बड़ी की अनेक शिकायतें थीं और यह शिकायत सोशल ऑडिट में भी आई और थोड़ी बहुत नहीं थी, बल्कि राशि के दुरुपयोग की ग्यारह लाख शिकायतें की गईं। सोशल ऑडिट में की कि मजदूर नहीं, मशीनें काम कर रही हैं, ठेकेदार काम कर रहे हैं। एक काम के कई टुकड़े करके दिए जा रहे हैं।

Contents Page

उपसभापति महोदय, मैं एक दिन दिल्ली के एक परिवार में भोजन करने गया। उस घर में काम करने वाली, जो झाड़ू-पोछा और बर्तन करती है, वह बहन नहीं आई थी। ऐसे ही चर्चा में बात निकल आई कि आज काम वाली बाई नहीं आई। मैंने पूछा कि क्या बात हो गई, वह क्यों नहीं आई? ऐसे चर्चा हो रही थी, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हर तीन महीने में अपने गांव जाती है। मैंने कहा कि गांव परिवार से मिलने जाती होगी। वे बोले परिवार से मिलने नहीं जाती, बल्कि मनरेगा के पैसे बैंक से निकालने जाती है। एक ऐसी घटना नहीं है, बल्कि ऐसी लाखों-लाख घटनाएं थीं कि मज़दूर काम ही नहीं कर रहे थे। फर्जी बिल बनते थे, फर्जी वाउचर बनते थे, फर्जी जॉब कार्ड बनते थे और मजदूर का पैसा खाते में डाल के बंदर बांट हो जाता था कि बीस परसेंट तू ले जा, अस्सी परसेंट हमें दे जा। यह व्यापक पैमाने पर शिकायत है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Sukhendu Sekhar Ray, you are a very well-behaved Member. Please. ...(*Interruptions*)... Nothing is going on record. No, I am not allowing it. शिवराज सिंह जी, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। आप बोलें।

श्री शिवराज सिंह चौहान: मैं यह किसी एक राज्य के बारे में नहीं कह रहा हूं। व्यापक पैमाने पर अलग- अलग राज्यों से इस तरह की शिकायतें आना प्रारंभ हुईं और तब यह विचार हुआ कि क्या मनरेगा अपने उद्देश्य में सफल रही है? मैंने कई जगह मजदूरों की उम्र देखी, तो मैं हैरत में रह गया। अस्सी साल की मां मनरेगा की मजदूर है। पचहत्तर- अठहत्तर साल की मां मजदूरी करने जा रही है और इसलिए जांच-पड़ताल में यह सामने आया कि व्यापक पैमाने पर हेरा-फेरी हो रही है। इसलिए एक विचार और मन में आया। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि इतनी बड़ी धनराशि, जिसके बारे में मैंने अभी बताया कि सरकार द्वारा खर्च की गई। यह राशि बंदर बांट में जानी चाहिए? क्या इस राशि से मज़दूर का भला नहीं होना चाहिए, क्या इस राशि से गांव का विकास नहीं होना चाहिए, क्या विकसित भारत के लिए विकसित गांव के निर्माण में यह राशि काम नहीं आनी चाहिए? और तब यह विचार आया कि अब समय आ गया है। पहले छोटे-मोटे सुधार होते रहे। सीधे खाते में पैसे डालने की व्यवस्था से लगा के कई तरह के प्रयत्न किए, लेकिन तब यह विचार मन में आया कि अब ठेगड़े लगाने से काम नहीं चलेगा, मनरेगा के पूरे स्वरूप को बदलने की जरूरत है, ताकि इस पैसे का सही उपयोग मजदूर के लिए भी हो। मजदूर के साथ-साथ गाँव के विकास के लिए भी हो। इसके बाद ही पूरा विचार करके विकसित भारत - जी राम जी योजना लाई गई थी, अचानक नहीं लाई गई थी। माननीय उपसभापति महोदय, मैं पूछना चाहता हूँ कि इसमें क्या प्रावधान किए गए? अगर इस मनरेगा की कोई मूल थीम और प्राण था, तो वह था गरीब मजदूर को रोजगार मिले। आज मैं कह रहा हूँ कि इसमें इस मूल भाव को और मजबूत किया गया है और इसके माध्यम से 100 दिन नहीं, 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी गारंटी देने का काम किया गया है। माननीय उपसभापति महोदय, अब इसमें आपत्ति क्या है? जब मजदूर को 125 दिन काम की गारंटी है, तो महासंग्राम क्यों होगा? केवल गारंटी ही नहीं है, उसके लिए बजट में प्रावधान भी है। आप केंद्र और राज्यों का पैसा मिला लें, तो एक अनुमान के हिसाब से यह 1,51,282 करोड़ रुपया होता है। माननीय उपसभापति महोदय,

Contents Page

यूपीए की सरकार ने तो साल में 40,000 करोड़ से ज्यादा कभी खर्च नहीं किये। जयराम जी यह अच्छी तरह से जानते हैं। एक बार तो वह 40,000 करोड़ तक गया, फिर घटाकर 33,000 करोड़ कर दिया। उसी में कटौती की गई! केवल दिखावे के लिए योजना चलती रही है, लेकिन अब बजट में पर्याप्त प्रावधान हैं। एक तरफ 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, लेकिन दूसरी तरफ क्या इतनी विशाल धनराशि का उपयोग गाँव के विकास में नहीं होना चाहिए? अगर 1,51,282 करोड़ रुपये को पाँच साल में देखेंगे, तो लगभग 8,00,000 करोड़ रुपया हो जाएगा। माननीय उपसभापति महोदय, 2,86,000 पंचायतें और 8,00,000 करोड़ रुपया - इसे 2,86,000 पंचायतों के बीच में वितरित कीजिए, पाँच साल में बांटिए, तो एक पंचायत में पौने तीन करोड़ से लेकर तीन करोड़ रुपये तक आएगा। माननीय उपसभापति महोदय, अगर जनता के इस धन का सही उपयोग पंचायत के विकास में हो जाए, तो गाँव स्वर्ग बन जाएगा, गाँव पूरी तरह से विकसित हो जाएगा और गाँव के बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता, संकल्प पूरा नहीं हो सकता, महात्मा गाँधी का सपना पूरा नहीं हो सकता। मोदी जी ने यह विकसित भारत - जी राम जी योजना महात्मा गाँधी के संकल्प को पूरा करने के लिए बनाई है। इसमें एक तरफ मजदूर के लिए रोजगार है, दूसरी तरफ गाँव का संपूर्ण विकास है। गाँवों के विकास के लिए कौन-कौन से काम किए गए हैं?

उपसभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूँ कि जल संरक्षण के काम - गाँव का पानी गाँव में, खेत का पानी खेत में। जल संरक्षण की बात बापू भी करते थे, इसलिए चेक डैम, स्टॉप डैम, बोरी बंधान, पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार, पुनरुद्धार, इसमें अलग-अलग तरह के कई काम किए गए है। प्रधान मंत्री, मोदी जी का संकल्प है - संपूर्ण विकसित गाँव। हम पर एक आरोप लगाया गया, चर्चा में भी लगाया गया कि केंद्र अब योजनाएं थोप देगा, गाँव के पास काम तय करने का अधिकार नहीं होगा। उपसभापति महोदय, यह उल्टा मनरेगा में होता था, राज्य योजना थोप देता था कि फलाने काम करो। अब विकसित भारत - जी राम जी में यह तय किया गया है कि गाँव के विकास की योजना दिल्ली नहीं बनाएगी, किसी राज्य की राजधानी नहीं बनाएगी। अगर विकसित गाँव का प्लान कोई बनाएगा, तो ग्राम सभा बनाएगी, गाँव की पंचायत बनाएगी। गाँव बैठकर तय करेगा कि हमारे गाँव में कौन सा काम होना चाहिए। गाँव में सड़क हो, पुल-पुलिया हो, पंचायत भवन हो, आंगनवाड़ी केंद्र हो, ग्रामीण पुस्तकालय हो, विद्यालय हो, किचन हो, अतिरिक्त कक्ष हो, स्कूल परिसर की बाउंड्री हो, खेल के मैदान हों, शांतिधाम हों, सामुदायिक कार्य हों, ठोस तथा तरल अवशिष्ट प्रबंधन हो, सामुदायिक स्वच्छता परिसर हो, कचरा पृथक्करण हो, सोलर लाइट हो, ग्रामीण पार्किंग क्षेत्र हो, परिवहन शेड हो, जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल-जीवन मिशन के कामों का रख-रखाव हो, खेती की सड़क हो, कोई भी काम, जो ग्राम सभा तय करेगी, वे विकसित भारत - जी राम जी योजना के अंतर्गत किए जाएंगे। माननीय उपसभापति महोदय, आजीविका से संबंधित काम - अगर ग्रामीण आजीविका मिशन की बहनें स्व-सहायता समूह के माध्यम से काम कर रही हैं, वे कोई शेड बनाना चाहती हैं, एफपीओ को किसी रचना की जरूरत है, वह भी इसके माध्यम से बनाया जा सकेगा। माननीय उपसभापति महोदय, ऐसे आजीविका मूलक काम किए जाएंगे। आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अगर कहीं ड्रेनेज का सिस्टम बनाना

Contents Page

हो, कोई बाउंड्री वॉल बनानी हो और कोई दूसरा काम करना हो, तो वे काम भी इसके अंतर्गत किए जा सकते हैं। आप विचार करके देखिए कि अगर सारे काम होंगे, तो गांव कहां से कहां पहुंच जाएगा। इसमें एक बात और है कि कई बार मनरेगा में मजदूरी डिले होती थी। डिले होने पर मजदूरी मिल जाए, इसके लिए कोई प्रभावी प्रावधान नहीं था। हमने इसमें प्रावधान किया है कि अगर मजदूर को देर से मजदूरी मिली, तो ब्याज के साथ मजदूरी देनी पड़ेगी, मतलब उसका ब्याज भी देना पड़ेगा। यह प्रावधान हमने किया है। पहले बेरोजगारी भत्ता नाम मात्र के लिए था, लेकिन यह तय किया गया कि अगर 15 दिन के अंदर रोजगार नहीं दे पाए, तो इसमें बेरोजगारी भत्ता देना भी सुनिश्चित किया जाएगा। यह प्रावधान भी इसके अंदर किया गया है। मैं आपके माध्यम से एक बात और मनरेगा कर्मियों को कहना चाहता हूं, जो रोजगार सहायक है, मेट है, अन्य मनरेगा कर्मी हैं, उनको तीन-चार महीने तक तनख्वाह नहीं मिलती थी, वेतन नहीं मिलता था और जो प्रशासनिक व्यय है, उसे अफसर इधर-उधर खर्च कर देते थे। मनरेगा के कर्मियों को यह मजदूरी नहीं मिलती थी, वेतन नहीं मिलता था। अब हमने प्रशासनिक व्यय 6 परसेंट से बढ़ाकर 9 परसेंट से कर दिया है। हम नियमों में यह सुनिश्चित करेंगे कि रोजगार सहायक हो, मेट हो या विकसित भारत-जी राम जी योजना में काम करने वाला दूसरा कर्मचारी हो, उसकी तनख्वाह पहले जाएगी, उसका वेतन, उसका मानदेय पहले जाएगा। इसका भी हम नियमों में प्रावधान करने का प्रयत्न करेंगे।

माननीय उपसभापति महोदय, एक बात पर बड़ी चर्चा हुई कि 60 दिन काम नहीं देंगे। जब माननीय शरद पवार जी कृषि मंत्री थे, तो उन्होंने भी इस पर चिंता व्यक्त की थी। स्वर्गीय रघुवंश बाबू ने भी चिंता व्यक्त की थी। जब यह योजना बन रही थी, तब किसी ने कहा कि 100 दिन से ज्यादा रोजगार क्यों नहीं, तो उन्होंने खेती के कामों की चिंता की थी कि खेती के काम के लिए मजदूर नहीं मिलेंगे। आखिर हमारे छोटे-छोटे किसान हैं। हमारा 86 परसेंट किसान सीमांत है, लघु है। इसलिए इस बात का भी प्रावधान किया है कि 60 दिन, जब खेती का पीक सीजन हो और जब राज्य शासन चाहे, तो इस काम को बंद कर सकेंगे, जिससे कि खेती में भी मजदूर मिल जाएं और किसान का भी काम हो जाए। किसान की भी जय-जय और मजदूर की भी जय-जय। ऐसी विकसित भारत-जी राम जी योजना बनाई है। माननीय उपसभापति महोदय, इसमें क्या आपत्ति क्या है, यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं। यह योजना एक अच्छी योजना थी। अब तो यह भी नहीं कह रहे हैं कि संग्राम होगा। यह तो भूल ही गए। ...(**व्यवधान**)... डराने के बाद अब भूल गए। कांग्रेस तो आपदा में अवसर ढूंढ़ती है। उस समय लगा कि अभी मजा आ जाएगा, मजदूर सड़क पर आ जाएंगे, मोदी जी को घेर लेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब ये मिडिल ईस्ट के चक्कर में घेरने की कोशिश में लगे हैं। इनको इससे मतलब नहीं है कि जनता को गैस मिले या नहीं मिले। इनको तो लगता है कि अब मोदी फंसे और कहेंगे कि मजा आ गया, अब गैस नहीं मिल रही है। ...(**व्यवधान**)... इस मानसिकता में काम करने वाले लोग हैं।

माननीय उपसभापति जी, मैं विभाग के कुल ग्रामीण बजट के बारे में कहना चाहता हूं। 2004-14 के बीच केवल 4,90,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 2014 के बाद पिछले साल तक

Contents Page

15,20,000 करोड़ रुपये खर्च करने का काम एनडीए की सरकार ने किया है। यह ग्रामीण विकास के हमारी प्रति दृष्टि और दृष्टिकोण है। ग्रामीण विकास के बाकी कामों, जैसे रोजगार के लिए तो सवा लाख करोड़ का प्रावधान है। ग्रामीण आवास के लिए 54,916 करोड़ का प्रावधान है, दीन दयाल अंत्योदय योजना के 19,200 करोड़ का प्रावधान है और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19,000 करोड़ का प्रावधान है। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के लिए भी 9,771 करोड़ रुपये का प्रावधान है। वॉटरशेड के लिए 2,500 करोड़ रुपये का प्रावधान है। ग्रामीण विकास के इतिहास में सर्वाधिक प्रावधान के लिए मैं प्रधान मंत्री जी को प्रणाम करता हूं और वित्त मंत्री जी को हृदय से बधाई देता हूं। इनके समय गांव की हालत क्या थी? उपसभापति महोदय, मैं गांव में पैदा हुआ। मैं गांव से पढ़ने भोपाल आया। वहां से 13 किलोमीटर पैदल कीचड़ में चलकर आते थे, तब कहीं बस मिलती थी। आने-जाने के रास्ते नहीं थे। बरसात में गांव टापू बन जाते थे। अगर बरसात के महीने में कोई बीमार हो जाए, तो खटिया पर डालकर, डोली बनाकर, कंधों पर लादकर सड़क तक लाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता था। सड़क तक आते-आते बच गए, तो ठीक है, नहीं तो रास्ते में ही राम नाम सत्य हो जाता था और खटिया अर्थी बनकर श्मशान घाट पहुंचती थी। वह अस्पताल नहीं पहुंच पाती थी, यह हालत थी गांवों की! आपने कितने दिन राज किया? 1947 से लेकर 1964 तक स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी थे, थोड़े से कार्यकाल के लिए स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री जी आए, फिर इंदिरा जी ने सरकार चलाई, फिर राजीव जी ने सरकार चलाई। आज मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों आपने गांव की सड़कें नहीं बनाईं? क्यों गांवों को बदहाल और बेहाल छोड़ा? कोई सड़क नहीं, कोई रास्ता नहीं! माननीय उपसभापति महोदय, जब 1977 में पहली बार जनता पार्टी की सरकार बनी और स्वर्गीय मोरारजी भाई देसाई देश के प्रधान मंत्री बने, तब कुछ गांवों ने पहली बार मोरम रोड देखे, नहीं तो कांग्रेस की पहचान थी गांव की गरबाट। उस पर बैल और बछिया के साथ चलते चलो, बाकी कुछ था ही नहीं। सड़कें थीं नहीं, चलते कहां! लेकिन आज मैं गर्व के साथ स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को प्रणाम करना चाहता हूं। वे अटल बिहारी वाजपेयी जी थे, जिन्होंने गांव के इस दर्द को महसूस किया। माननीय उपसभापति महोदय, 2000 में वे एक योजना लेकर आए - प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना। अटल जी के चेहरे पर तेज था, उनकी वाणी में ओज था, सरस्वती उनके कंठ पर विराजती थीं तथा कीर्ति और प्रतिष्ठा उनकी आरती उतारती थीं। वे भारत की करोड़ों-करोड़ जनता के हृदय के हार थे, भारत के मुकुट मणि थे। उन्होंने भारत के इस दर्द को समझा। उस समय उन्होंने एक कविता पढ़ी थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लॉन्च करते हुए उन्होंने एक कविता पढ़ी थी, वे पंक्तियां मैं वैसी की वैसी पढ़ना चाहता हूं। अटल जी ने कहा थाः

"स्वप्न देखा था कभी जो आज हर धड़कन में है,
एक नया भारत बनाने का इरादा मन में है।
भूख जो जड़ से मिटा दे, वह उगाना है हमें,
प्यास न बाकी रहे, वह जल बहाना है हमें।
जो प्रगति से जोड़ दे, ऐसी सड़क ही चाहिए,
देश सारा गा सके, वह गीत गाना है हमें।

Contents Page

एक नया संगीत देखो, आज तो कण-कण में है,
एक नया भारत बनाने का इरादा मन में है।"

उस महापुरुष के मन में यह विचार आया और तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बनी। उसके पहले कभी गांव की सड़क की चिंता नहीं हुई। ये गाँव की बात करते हैं! आज मुझे कहते हुए गर्व है कि आज जो सड़कें बनी हैं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पहले चरण में 1,63,728 सड़कों का निर्माण पूरा हो गया है, 2,39,347 करोड़ रुपए की; दूसरे चरण में 6,617 सड़कों का निर्माण हुआ; तीसरे चरण में 12,943 सड़कों के निर्माण का काम पूरा हुआ; और अब चौथे चरण में प्रधान मंत्री, श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी ने 25,000 नई बसावटें जोड़ने का लक्ष्य रखा है और प्रथम चरण की शेष सड़कें भी बनाई जाएंगी और उसके लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान रखा गया है। माननीय उपसभापति महोदय, केवल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें ही नहीं बनेंगी, बल्कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की सड़कें भी बनेंगी। जिनको आखिरी गांव कह कर जिन्होंने कभी छोड़ दिया था, कभी सड़कें नहीं बनाईं हमारी सीमा के गांवों पर, शायद इनको डर था कि कहीं हमला हो गया, तो इन सड़कों से दुश्मन तेजी से अंदर घुस जाएगा, इसलिए सड़क ही मत बनाओ। लेकिन आज नया भारत खड़ा है। एक वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध, शक्तिशाली और संपन्न भारत नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खड़ा हो रहा है। प्रधान मंत्री जी ने कहा कि ये वाइब्रेंट ग्राम हमारे लिए आखिरी नहीं, पहले गांव हैं। कितना भुगतते हैं वे, जब युद्ध होता है! मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता, समय उसकी इजाजत नहीं देता, लेकिन उन गांवों का संपूर्ण विकास हो, इसलिए जो वाइब्रेंट विलेजेज़ हैं, उनमें भी अगर 1,085 किलोमीटर सड़कों को स्वीकृति देने का काम किया, तो नरेन्द्र मोदी जी सरकार ने किया। केवल इतना ही नहीं, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 8,617 सड़कें आदिवासी क्षेत्रों में बनाई गईं; प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, पीएम अजय, उसके अंतर्गत भी वहां सड़कें बनाने का काम शुरू किया गया; और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना अलग बनाई गई। माननीय उपसभापति महोदय, मैं आज भारत के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह जी को बधाई देना चाहता हूं। वामपंथी उग्रवाद से पीड़ित जिलों में सड़कों के निर्माण के लिए उनके अध्यक्षता वाली कमेटी ने स्वीकृति दी। इनके समय में तो वामपंथी उग्रवाद पनपा, लेकिन प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत के गृह मंत्री अमित शाह जी ने यह संकल्प लिया कि इस मार्च के अंत तक हम नक्सलिज़्म को समाप्त करके ही चैन की सांस लेंगे। अब उन निर्दोष आदिवासियों का रक्त नहीं बहेगा। बस्तर के जंगल में, उन गांवों में, जहां कभी घुस नहीं सकते थे, वहां आज विकास और निर्माण की नयी गाथाएं लिखी जा रही हैं। माननीय उपसभापति महोदय, आज वहां बारूदी सुरंगों में विस्फोट नहीं होता, बल्कि होली के रंग खेले जाते हैं। वहां तेजी शांति स्थापित करने का काम किया जा रहा है। इस काम के लिए अमित शाह जी का नाम इतिहास में दर्ज होगा और सम्मान के साथ लिया जाएगा।

माननीय उपसभापति महोदय, हम उन इलाकों में भी सड़कें बनाने का महाभियान चला रहे हैं। जब कहीं सड़कें बनती हैं, तो वहां केवल सड़कें नहीं बनतीं, बल्कि वहां के लोगों की

Contents Page

ज़िंदगी भी बदलती है। जब कहीं सड़क नहीं होती, तो कीचड़ के कारण वहां के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, बिना पढ़े घर में ही रह जाते हैं। बेटियों के तो स्कूल जाने का सवाल ही नहीं है। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, बीमारों का इलाज नहीं हो पाता था। ये सड़कें ही हैं, जिनके निर्माण के कारण मातृ मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर में कमी आई है, क्योंकि इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी की संख्या बढ़ी है। अब सड़क होने के कारण वहां गाड़ी आती है और उनको अस्पताल में ले जाती है, तो अस्पताल में डिलीवरी होने के कारण जच्चा और बच्चा भी सुरक्षित रहते हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, जब सड़कें नहीं थीं, तो किसान को अपनी फसल की पूरी कीमत नहीं मिलती थी। मैं एक बार मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, खंडवा जिले में दौरा करने गया, तो केला उत्पादक किसानों ने मुझसे शिकायत की कि हम अपना केला बेचने जाते हैं, तो वह हलवा बन जाता है। मैंने कहा- हलवा कैसे बन जाता है? तो वे बोले- यहां इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं, कुछ है ही नहीं, तो उसे ट्रक में भरते हैं। हम तो यहां पर साबुत केला भरते हैं, लेकिन जब वहां उसे उतारते हैं, तो वह हलवे के रूप में परिवर्तित हो जाता है, इसलिए हमारे यहां सड़कें बना दीजिए। किसान कहते थे कि हमें प्रति क्विंटल 100-200 रुपये कम मिलते हैं, क्योंकि वहां ट्रक वाला नहीं जाता और यदि वह वहां जाता था, तो ज्यादा पैसे लेता था। अब वहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें हैं। अब एक किसान को प्रति क्विंटल 200-300 रुपये ज्यादा दाम मिलने लगा है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। इसका बाकायदा इम्पैक्ट असेस्मेंट हुआ। थर्ड पार्टी इम्पैक्ट असेस्मेंट में जो बातें सामने आई हैं, उन बातों को मैंने दोहराने की बात कही है।

माननीय उपसभापति महोदय, जब गांव और गरीब की बात आए, तो महिला के सशक्तीकरण की बात के बिना वह पूरी हो नहीं सकती। यह भारत है, हमारा देश, जिसने आज नहीं, हजारों सालों पहले कहा था – 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः।' जहां मां, बहन और बेटी को मान, सम्मान और इज्जत की नजरों से देखा जाएगा, वहीं देवता निवास करेंगे।

"गंगा, गीता, गायत्री हैं नारियां,
सीता, सति, सावित्री हैं नारियां,
दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती हैं नारियां।"

माननीय उपसभापति महोदय, जिस देश ने मां, बहन और बेटी की हमेशा देवी मान कर पूजा की, कालांतर में देश की गुलामी के बाद, माता और बहन के बारे में दृष्टिकोण बदला। बाद में तो हालत यह हो गई कि उससे देश में चिंता पैदा हो गई। यहां बेटी का पैदा होना अपराध हो गया था। सेक्स रैश्यो बुरी तरह से बदल रहा था। कई राज्य तो ऐसे हैं कि वहां 1,000 बेटों पर केवल 800 बेटियां ही पैदा हुई थीं - 810, 812 बेटियां। तब अगर किसी ने चिंता की, तो इस सरकार ने की। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि जिस-जिस राज्य में हमारी सरकारें बनीं, वहां महिला के सशक्तीकरण के लिए व्यापक पैमाने पर काम हाथ में लिए गए। जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी गुजरात के मुख्य मंत्री थे, तब 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान चलाया गया। हरेक कन्या

Contents Page

स्कूल जाए, उसके लिए विशेष रूप से अभियान चलाए गए। 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना' जैसी योजना प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी लेकर आए। मेरे जैसा एक अदना कार्यकर्ता जब मध्य प्रदेश जैसे राज्य का मुख्य मंत्री बना, तो हमने 'लाड़ली लक्ष्मी' जैसी योजना बनाई और यह तय किया कि अगर मध्य प्रदेश की धरती पर कोई बेटी पैदा होगी, तो वह बोझ नहीं, बल्कि वरदान होगी। हमारी कल्पना थी कि बेटी लखपति पैदा होनी चाहिए। बेटी के पैदा होते ही इतने पैसे उसके अकाउंट में डालेंगे, वह पांचवीं पास करके छठी में जाए, तो 2,000 रुपये; आठवीं पास करके नौवीं में जाए, तो 4,000 रुपये; दसवीं पास करके ग्यारहवीं में जाए, तो 6,000 रुपये; बारहवीं में 12,500 रुपये और कॉलेज में फिर 12,500 रुपये और जब वह 21 साल की हो जाए, तो उसे सीधे 1 लाख, 18 हजार रुपये मिल जाएंगे। इस तरह, अगर कोई बेटी पैदा होगी, तो वह लखपति ही पैदा होगी, यह संकल्प लिया। यह भारतीय जनता पार्टी की सरकारों का दृष्टिकोण था और उसके कारण परिवर्तन आए। 'लाड़ली लक्ष्मी' जैसी योजना और 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना' जैसी योजना ने मातृ मृत्यु दर में कमी लाई। उन्हीं बेटियों ने सबसे पहले मुझे 'मामा' कहना शुरू किया।

3.00 P.M.

आज मध्य प्रदेश में 56 लाख लाडली लक्ष्मी बेटियाँ हैं। जिन बेटियों को मैं खेला कर, बाहों में झुला कर उछाल कर गोद में लेता था, वे अब कॉलेज में पढ़ती हैं और जब मामा, मामा कहती हैं, तो मेरा रोम-रोम पुलकित हो जाता है और सचमुच में जिन्दगी धन्य हो जाती है। ऐसी एक नहीं, बल्कि अनेक योजनाओं की श्रृंखला है, जो भाजपा शासित राज्यों ने चलाई। हमने 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' चलाई। माननीय उपसभापति महोदय, आज यहाँ बताना प्रासंगिक होगा कि जब गाँव में मजदूरी करने वाली बहनें, बेटा-बेटी को जन्म देती थीं, तो वे दो दिन पहले भी खेतों में मजदूरी करने जाती थीं और बेटा-बेटी को जन्म देने के बाद आठ दिन भी नहीं होते थे कि अपनी फटी साड़ी का टुकड़ा अपने माथे पर बांध कर फिर से खेतों में मजदूरी करने पहुँच जाती थीं, तब हमने यह किया कि गर्भवती बहन को बेटा, बेटी के पैदा होने के पहले 4,000 रुपए देंगे और पैदा होने के बाद 12,000 रुपए उसके खाते में डालेंगे, ताकि वे घर पर रह कर महीने, दो महीने आराम कर सकें। ऐसी एक नहीं, अनेक योजनाओं की श्रृंखलाएं थीं। आज मैं 'दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के बारे में बताना चाहता हूँ। माननीय उपसभापति महोदय, हमारी गांव की गरीब बहनें तो कई बार हजार, पांच सौ रुपए के लिए परेशान हो जाती थीं। दिन-दिन भर मेहनत करने के बाद हजार, पांच सौ रुपए उनके पास आते थे। उनके लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक अभियान चला और आज मुझे कहते हुए प्रसन्नता है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विज़नरी दृष्टिकोण के कारण हर एक माता को वे देवी के रूप में देखते हैं - इस दृष्टि के कारण आज स्वयं सहायता समूहों से 10 करोड़ से ज्यादा बहनें जुड़ चुकी हैं। 90,90,000 स्वयं सहायता समूह में 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं और बहनें केवल जुड़ी नहीं हैं...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री जयराम रमेशः माननीय मंत्री जी, आप यह भी बता दीजिएगा कि 'राष्ट्रीय आजीविका मिशन' की शुरुआत कब हई थी। आप वह भी बता दीजिए।

श्री शिवराज सिंह चौहान: जयराम रमेश जी, वह बता रहा हूँ।...(**व्यवधान**)... आप गुस्सा क्यों हो जाते हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः वे बता रहे हैं।...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, मैं माननीय जयराम रमेश जी का बहुत आदर करता हूँ। मैंने ऐसा sincere और गंभीर सांसद नहीं देखा है। जब संसद चलती है, तब मैंने पूरे समय इनको यहाँ बैठे हुए देखा है। मैं सचमुच उनका बहुत आदर करता हूँ, लेकिन गुस्सा उनके चेहरे पर फबता नहीं है। अब मुस्कुरा कर बोलिए। अब मामा तो सबको प्यार करता है। ...(**व्यवधान**)... मैं आपको बता रहा हूँ कि आपके समय में 21 लाख स्व-सहायता समूह बने थे, हमने उनको बढ़ा कर 90,90,000 कर दिया। आपके समय में इससे केवल दो करोड़ बहनें जुड़ी थीं, अब 10 करोड़ से ज्यादा बहनें जुड़ी हैं - मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूँ। वितरित ऋण उन बहनों के खाते में जा रहा है, रिवॉल्विंग फंड अलग जाता है, फिर बैंक लिंकेज से भी जोड़ा गया है। हमने बहनों को कई कामों से जोड़ा। कामों से जोड़ने के लिए ट्रेनिंग दी, प्रशिक्षण प्रदान किया और प्रशिक्षण करने के बाद किसी-न-किसी काम के लिए बैंक लिंकेज मिले - इसका इंतजाम किया। फिर उनके प्रोडक्ट की मार्केटिंग, पैकेजिंग, 'सरस मेला' जैसे प्लेटफॉर्म बनाए, ताकि उनके सामान का प्रचार भी हो सके, वह बिक भी सके - ये प्रयास प्रारंभ किए। जो वितरित ऋण था, उसकी राशि पहले, पूरे समय में, यानी 2011 से 2014 तक 22 हजार करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़ कर 12 लाख 4 हजार करोड़ रुपए हो गई है। यह नरेन्द्र मोदी जी की सोच का परिणाम है। यह सरकार की सोच का परिणाम है। जो रिवॉल्विंग फंड जैसी पूंजीगत सहायता दी गई है, उससे यह संभव हुआ। जयराम जी, माथे पर हाथ मत रखिए, मामा की आँखों में झांक कर देखिए, आपने 1,501 करोड़ रुपए दिए और हमने 61,086 करोड़, 51 लाख रुपए दिए। अगर मैं पूरी गाथा सुनाऊँगा, तो 'आजीविका मिशन' में ही पूरा समय चला जाएगा। प्रधान मंत्री जी ने एक नया concept दिया, जिसने पूरे देश में हमारी ग्रामीण बहनों को नए उत्साह से लबरेज कर दिया, भर दिया। उन्होंने कहा कि हर बहन को लखपति दीदी बनाना हमारा टारगेट है। हर बहन को लखपति दीदी बनाना है और लखपति दीदी बनाने के लिए अभियान चला। प्रधान मंत्री जी ने संकल्प लिया कि हम तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएँगे। यह 2027 तक बनना था, लेकिन सवा साल पहले ही वह टारगेट पूरा हो गया। मैं ग्रामीण विकास मंत्रालय की पूरी टीम को आज हृदय से बधाई देना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमने सवा साल पहले ही तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट पूरा कर दिया। तीन करोड़ लखपति दीदी बन गईं। लखपति दीदी की आमदनी एक लाख रुपये से ज्यादा है। लेकिन, प्रधान मंत्री जी कहां बैठने देते हैं! 3 करोड़ पूरा नहीं हुआ कि उन्होंने बोला कि अब 6 करोड़ बनाओ, तो हम 6 करोड़ बनाने के काम में जुट गए। प्रधान मंत्री जी ने केवल यह कहा और हम बैठे नहीं हैं। हैदराबाद में हमने बैठक बुलाई, जिसमें

Contents Page

सारे बैंकर्स बुलाए, स्टेकहोल्डर्स बुलाए और हमने तय कर दिया कि जब प्रधान मंत्री जी ने 6 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है, तो यह 6 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प पूरा होगा। हमने लक्ष्य भी तय किया, रोडमैप भी बनाया। इसमें कई तरह के काम हैं। वे वड़ी, पापड़ और अचार बनाने के छोटे-छोटे काम तो करेंगी ही, लेकिन बहनें अब केवल यही काम नहीं करेंगी। कोई काम छोटा नहीं होता। मुर्गी पालन, बकरी पालन, पशुपालन करने के साथ-साथ वे ड्रोन दीदी, बैंक सखी, पशु सखी, कृषि सखी तो बनेंगी ही, साथ ही अब बहनों को उद्यमी बनाने का काम भी हम करके दिखाएंगे। समूह के अलावा इंडिविजुअल बहनें भी कैसे लखपति बनें और वे अलग-अलग तरह के उद्यम प्रारंभ करें - उस दिशा में भी हम कदम बढ़ाएंगे। माननीय उपसभापति महोदय, हमने तय किया है कि उसके लिए हम पांच साल में 10 लाख करोड़ रुपये बैंक लिंकेज भी कराएंगे और इंडिविजुअल दीदी को उद्यमी बनाने के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपये भी दिलाएंगे। यह सारी दुनिया देखेगी कि एक दिन 6 करोड़ लखपति दीदी भी बन जाएंगी।

माननीय उपसभापति महोदय, हमारा संकल्प और सपना है कि कोई बहन गरीब न रहे। क्यों किसी बहना की आंखों में आंसू रहे, क्यों वह छोटी-मोटी राशि के लिए अपने हाथ फैलाए? *नारी तू नारायणी!* इस लखपति दीदी अभियान ने उस बहन की सृजनात्मक क्षमता को आज दुनिया के सामने लाकर खड़ा कर दिया है। मेरी वे बहनें, जो कल तक घूंघट में रहती थीं, घर से बाहर नहीं निकलती थीं, केवल रोटी बनाने का काम करती थीं, वे आज जब माइक पर आती हैं, तो ऐसा बोलती हैं कि बड़े-बड़े नेताओं के छक्के छूट जाते हैं। उनका केवल आर्थिक सशक्तीकरण नहीं हुआ, बल्कि उनका आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ शैक्षणिक सशक्तीकरण भी हुआ है और सामाजिक सशक्तीकरण भी हुआ है। पहले वे जानी जाती थीं कि यह राम सिंह की औरत है, अब आजकल लोग कहते हैं कि ये राधा का पति है। यह हालत है! उन्होंने अपनी क्षमता से, अपनी रचनात्मकता से, अपनी मेहनत से एक नया इतिहास रचा है। कभी किसी कवि ने लिख दिया था - *नारी तू केवल अबला है* या *आंचल में है दूध और आंखों में पानी*, लेकिन आज वे ही बहनें कह रही हैं - *आज मैं ऊपर, आसमां नीचे।* वे जमाने से आगे चल रही हैं। यह चमत्कार लखपति दीदी अभियान के कारण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कारण हुआ है।

उपसभापति जी, यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक एक-एक बहन को हम लखपति नहीं बना देते। हिंदुस्तान की इस धरती पर कोई बहन गरीब नहीं रहेगी, यह संकल्प प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है। उसको पूरा करने में हमारा विभाग लगातार प्रयासरत है। आप देखिए, आज उनका राजनीतिक सशक्तीकरण भी हुआ है। अकेले मध्य प्रदेश में 17,000 बहनें चुनकर आई हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई श्योपुर जिले की एक आदिवासी महिला हैं, जो सेल्फ हेल्प ग्रुप में काम करती थीं और आज उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। आज जब वे लालबत्ती लगी गाड़ी में झंडा लगाकर बैठती हैं, तो उन्हें देखकर बहनें फूली नहीं समाती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, अलग-अलग पदों पर पहुंचने का काम आज हमारे ग्रामीण क्षेत्र की ये स्व-सहायता समूह की बहनें कर रही हैं। अब वह दिन भी दूर नहीं है, जब कई बहनें राज्य सभा और लोक सभा की और शोभा बढ़ाने का काम करेंगी। यह उनका राजनैतिक

Contents Page

सशक्तीकरण नहीं, चमत्कार है। यह एक बड़ा परिवर्तन है, जो भारत की इस पवित्र भूमि पर नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। मैं उनका अभिनंदन करता हूँ।

माननीय उपसभापति महोदय, जब बहनों की बात आती है, तो केवल बहनों के लखपति बनने से काम नहीं चलेगा। उनको रहने के लिए बढ़िया घर भी चाहिए। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि जब कच्चा मकान होता है और वे केवल झोंपड़ी में रहती हैं, तो वैसी जिंदगी की कितनी दिक्कतें होती हैं - आज यह समझने की जरूरत है। घास-फूस की कच्ची झोंपड़ी में घनघोर बारिश आने पर पानी रात भर घर के अंदर गिरता है, जिससे पूरा परिवार सो नहीं पाता, चूते हुए पानी के सामने खाली बर्तन रखकर वह कोशिश करता है कि उसका कच्चा फर्श खुद न जाए। दलदली न बन जाए, इस बात के वह प्रयत्न करता है। बरसात में केवल घर नहीं टूटता, बल्कि गरीब की ज़िन्दगी भी टूटती है, आशाएँ भी टूटती हैं, बच्चों के सपने भी टूटते हैं और उनका भविष्य भी बिखरता है। इसलिए एक घर परिवार के आसानी से रहने के लिए बहुत जरूरी है। मैं कहना चाहता हूँ, जब ग्रामीण गरीबी थी, तब स्वर्गीय कल्याण सिंह जी, जो देश के बहुत बड़े नेता थे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे, जब वे पार्टी का काम करते थे, तो एक अधिवेशन में उन्होंने एक कविता कही थी। अगर उस समय कोई मौजूद हो, तो उसे याद होगी। वह कविता मुझे आज भी याद है। उन्होंने कहा थाः

"टूटे घेर घरौंदे तेरे,
टूटी तेरी खटिया रे।
अँधियारे में कटे ज़िन्दगी,
बिना दीया, बिन डिबिया रे।
तेरे घरवाली के तन पर,
फटी-फटाई अँगिया रे।
इस सडांध में आग लगा दे,
क्रांति भरे अंगारों से।
देश की खुशहाली का रास्ता,
गाँव गली-गलियारों से।"

यह स्वर्गीय कल्याण सिंह जी ने कहा था और जब हमारी सरकार आई, तब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हमारी सरकार ने गरीबों के घर बनाने का संकल्प लिया। माननीय उपसभापति महोदय, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि 4 करोड़ घर बनाने का संकल्प प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा हो गया है। पक्के मकान आज उन ग्रामीण गरीब बहनों और भाइयों को मिल रहे हैं। कुछ माननीय सदस्यों ने यह बात उठाई कि राशि कम है। मैं कहना चाहता हूँ कि जब उधर की सरकार थी, तब केवल 70 हजार रुपए मिलते थे और उसमें भी हालत यह हो जाती थी कि पैसा पहले नकद दिया जाता था, बाद में चेक दिया जाता था और सूची नाम में जोड़ने वाला आधे पैसे रख लेता था। गरीब तक पूरा पैसा पहुँचता ही नहीं था। उस समय एक स्वर्गीय प्रधान मंत्री जी ने बड़े मायूस होकर कहा था, "हम क्या करें? एक रुपया भेजते हैं, पंद्रह

Contents Page

पैसा पहुँचता है।" वे मजबूर थे, लेकिन आज मज़बूत प्रधान मंत्री हैं, जो आज अगर एक रुपया भेजते हैं, तो पूरा का पूरा एक रुपया गरीब के खाते में पहुँचता है। यही परिवर्तन है।

माननीय उपसभापति महोदय, यह तय हुआ कि गरीब को घर देंगे। हम 1,20,000 रुपए देते हैं, लेकिन केवल 1,20,000 रुपए ही नहीं है। शौचालय बनाने के लिए 12,000 रुपए अलग से दिए जाते हैं। मनरेगा की मजदूरी से convergence किया गया है, क्योंकि जब गरीब घर बनाता है, तो वह खुद मजदूर भी बन जाता है। 90–95 दिन की मजदूरी मिलती है, जिससे कुल मिलाकर लगभग डेढ़ लाख रुपए तक सहायता पहुँच जाती है। लेकिन सिर्फ डेढ़ लाख रुपये तक ही सीमित नहीं रहते, जब कोई प्रधान मंत्री कल्पनाशील मस्तिष्क का धनी होता है, तो वह एक योजना को संपूर्ण कैसे बनाता है - यह इसमें देखा जा सकता है। घर के साथ अन्य योजनाएँ भी जोड़ी गईं। केवल घर नहीं, बल्कि घर में बहन को उज्ज्वला रसोई गैस कनेक्शन भी दिया गया। याद कीजिए, माननीय उपसभापति महोदय, आपने भी गाँव में वह मजबूरी देखी होगी, जब बरसात के दिनों में लकड़ी गीली हो जाती थी, बहनें इधर-उधर से लकड़ी लाकर चूल्हे में ठूँसती थीं और घंटों चूल्हा फूँकती रहती थीं। धुआँ उनके फेफड़ों के अंदर जाता था और वे कई बीमारियों का शिकार हो जाती थीं। इनकी सरकार इतने दिनों तक रही, क्या इन्होंने बहन के उस दर्द को समझा? क्या उस समय की सरकार में संवेदना थी? अगर किसी ने इस दर्द को महसूस किया, तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया और यह ऐतिहासिक निर्णय लिया कि गाँव की गरीब बहन के घर में भी गैस कनेक्शन होना चाहिए। अब यह तय किया गया कि घर होगा, तो उसमें गैस कनेक्शन भी होगा। इसके साथ-साथ गाँव तक पक्की सड़क का इंतजाम किया गया और "नल से जल" की व्यवस्था भी की गई। माननीय उपसभापति महोदय, वे दिन भी हमने देखे हैं। मैं तो गाँव का रहने वाला हूँ। रात-रात भर कुएँ पर इंतज़ार होता था। गर्मी में पानी खत्म हो जाता था। बहनें इंतज़ार करती थीं कि बूंद-बूंद करके पानी इकट्ठा हो, ताकि एक बाल्टी भर सकें। लाइन लगती थी और रात-रात भर जागना पड़ता था — पहले मेरा बर्तन कैसे भरे, मेरा घड़ा कैसे भरे। कई बार तीन-तीन, चार-चार किलोमीटर पैदल केवल पानी लेने जाना पड़ता था। बहनों की ज़िन्दगी में चार-पाँच-छह घंटे केवल पानी भरने में ही निकल जाते थे। वे पानी भरने कहां-कहां जाते थे। मैंने अपनी आँखों से देखा है कि ऐसी नदियाँ, जो गर्मी में सूख जाती थीं, उनके बीच गड्ढा खोदकर थोड़ा-बहुत पानी निकाला जाता था कि उसमें थोड़ा water level ऊपर होगा और एकाध बाल्टी पानी मिल जाएगा। वही गंदा पानी पीकर कई बार वे बहनें बीमारियों का शिकार हो जाती थीं। क्यों जयराम रमेश जी, आपकी सरकार का ध्यान क्यों नहीं गया? कभी गांव के बारे में सोचा? गांव में शुद्ध पीने का पानी मिले - क्या कांग्रेस की सरकार ने इसकी चिंता की, क्या कभी यूपीए की सरकार ने इसको समझा? इस दर्द को अगर समझा, तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी ने समझा और 'जल जीवन मिशन' नाम की योजना बनाई। यह अपने आप में अद्भुत योजना है। गांव को भी कुएँ से नहीं, हैंडपंप से नहीं - हां, इनके जमाने में थोड़े बहुत हैंडपंप जरूर लग गए थे और वे हैंडपंप भी जब गर्मी में सूखते थे, तो बच्चे लटक-लटक कर हत्थे से जैसे-तैसे घंटों पानी भरते थे। उससे एक्सरसाइज़ भी होती थी, मुंह भी सूखता था और बड़ी मुश्किल से पानी मिलता था। आज 14 करोड़ से ज्यादा घरों में ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री जयराम रमेशः सर, मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः जवाब पूरा हो जाने दीजिए। लंबी चर्चा हुई है। जयराम जी, आपने सुना है कि इतने माननीय सदस्यों ने बोला है, माननीय मंत्री जी उसका जवाब दे रहे हैं। प्लीज़, माननीय मंत्री जी को बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्यगण, बहुत सारे सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण विषय पर बोला है और माननीय मंत्री जी उसके बारे में बता रहे हैं, तो उनको बताने दीजिए।

श्री किरेन रिजिजुः अभी तो केवल 1 घंटा, 40 मिनट हुए हैं।

श्री शिवराज सिंह चौहानः उपसभापति महोदय, मैं चार दिन बैठे-बैठे सुनता रहा। सिर्फ सुना नहीं, लिखता रहा और एक-एक ने क्या कहा, वह भी देखता रहा। मुझे तकलीफ नहीं हुई, फिर आपको तकलीफ क्यों हो रही है? आपको परेशानी किस बात की है? आप तो दिन और रात सदन में बैठते हैं, इतने गंभीर सदस्य हैं। ...(**व्यवधान**)... विस्तार से चर्चा हो जाने दीजिए, मैं जवाब दे रहा हूं।

श्री उपसभापतिः प्लीज़, पहले यह चर्चा पूरी होने दीजिए।

श्री शिवराज सिंह चौहानः महोदय, मैं एक बात कहूंगा, जो जयराम जी को बहुत अच्छी लगेगी और वह घरों में शौचालय के निर्माण के बारे में है। जब गांव में, घरों में शौचालय नहीं थे, तब बहन की क्या हालत होती थी। अगर लोटा लेकर बाहर जाती थी और कोई आ जाता था, तो बार-बार उठकर खड़ा होना पड़ता था। ये दृश्य हमने देखे हैं। वे बार-बार उठती थीं, खड़ी होती थीं, तो सोचिए उनके स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता होगा। क्या इस दर्द को किसी ने समझा? आज मुझे यह कहते हुए संतोष है कि जो दस करोड़ से ज्यादा शौचालय बने हैं, वे नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बनाने का काम किया है। घर के साथ शौचालय कितनी बड़ी राहत देता है, उससे स्वास्थ्य पर कैसा असर पड़ता है - यह मुझे बताने की आवश्यकता नहीं है।

सर, *"घर में बिजली, अंधियारे में कटे जिंदगी।"* जब इनकी सरकार थी, तब बिजली के कनेक्शन नहीं थे। गाँव में बिजली नहीं थी। लगभग अठारह हजार गांवों में तो थी नहीं। बिजली का अता-पता नहीं था और जहां थी, वहां भी एक मोहल्ले में थी, दूसरे में पता ही नहीं था। रामलाल जी के यहां बिजली है, लेकिन लल्लू लाल बेचारा अंधेरे में पड़ा है। कोई देखने वाला नहीं था। उसके यहां कभी खम्भा नहीं पहुंचता था। तब भी यह हालत थी कि आती कम थी और जाती ज्यादा थी। बिजली नहीं आती थी, बिजली के बिल जरूर आते थे। एक जमाने में जब कांग्रेस की सरकार थी, उस समय मैं मध्य प्रदेश में सांसद था। तब मैं एक गांव में गया था। उस गांव के खेत में किसान और उसके बेटे भीड़ में इक्ट्ठे हुए और बोले मामा, ऐसा इंतजाम कर दो कि हम रात में सो लें। मैंने कहा कि सोते क्यों नहीं, क्या कोई बीमारी है? वे बोले बीमारी नहीं है। उस समय के जो मुख्य मंत्री थे, मैं उनका नाम नहीं लूंगा। वे बोले उनके राज में दिन में तो बिजली आती नहीं है, रात में कभी-कभार आती है और आती कम है, जाती ज्यादा है। जैसे ही बिजली आती है, मैं दौड़ के खेत में जाता हूं, बटन दबाता हूं, क्योंकि मैं और मेरा बेटा रात-रात भर खड़े रहते हैं कि जब

Contents Page

बिजली आएगी, तो बटन दबाएंगे। मैं बटन दबाता हूं और पूछता हूं कि बेटा आ गई, तो बेटा वहां से चिल्लाता है कि बापू गई। आ गई और गई। उस जमाने में यह बिजली हुआ करती थी। अंधेरों के प्रदेश बनाकर रखे थे, लेकिन आज 'सौभाग्य योजना' के माध्यम से यदि घर-घर में बिजली देने का चमत्कार किया है, तो वह नरेन्द्र दामोदरदास मोदी ने किया है। माननीय उपसभापति महोदय, बीमार हो जाते थे, तो इलाज के लिए पैसे नहीं होते थे। मैंने अपने गाँव में कैंसर की बीमारी के केसेज़ देखे हैं। गर्दन पर कैंसर का फोड़ा उभर आता था। उसमें से मवाद टपकती थी। इसे गाँव देखता था। हमने मवाद में तड़प-तड़प कर मरते हुए लोगों को देखा है। इलाज की कहीं व्यवस्था नहीं थी, कोई योजना नहीं थी। यह तुम्हारी सरकार थी। तुमने गरीबों के दर्द को कब समझा था, बीमारों की मजबूरी को कब समझा था - यह मैं पूछना चाहता हूँ? भारत में एक गरीब बेटा चाय वाले के परिवार में पैदा हुआ, जिसने तय किया कि कोई गरीब इलाज के बिना नहीं मरेगा और उसने आयुष्मान भारत योजना बनाकर खड़ी कर दी। आज हार्ट की बीमारी हो जाए, लीवर की बीमारी हो जाए, किडनी खराब हो जाए या कोई भी बीमारी हो जाए, तो इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना संबल बनकर खड़ी है। मोदी जी जुग-जुग जिओ - आज सारा देश यह कह रहा है। अगर किसी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब घरों को जोड़ने का चमत्कार किया है, तो वह प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। आपके जमाने में गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ कहते थे, लेकिन गरीबी कैसे हटती थी? तब यह होता था कि:

"नेताजी की कार से कुचल गया मजदूर,
बीच सड़क पर मर गया, हुई गरीबी दूर।"

यह इनका मॉडल था। यह काका हाथरसी ने लिखा था। ऐसे गरीबी हटती थी। यह इनके उस समय के गरीबी हटाओ के नारे थे, पर किस गरीब की गरीबी हटाने का काम किया? माननीय उपसभापति महोदय, अगर किसी ने गरीबों के नाम पर केवल वोट लेने का काम करने का पाप किया, तो कॉंग्रेस ने किया। इन्होंने कभी गरीबी नहीं हटाई। अगर किसी ने गरीबी हटाने का पूरी गम्भीरता से प्रयास किया, तो भारतीय जनता पार्टी की, एनडीए की नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी की सरकार ने किया। अगर किसी ने 80 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम किया, तो नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया। आप बताइए कि आपने गरीबों को कब राशन दिया था? लोग पीएल - 480 का सड़ा हुआ लाल गेहूँ खा-खाकर मर जाते थे। लोग महंगा खरीदते थे। उस जमाने में यह हालत थी! आप गरीबी हटाने का काम करेंगे? माननीय उपसभापति महोदय, जब लीडर विज़नरी होता है, कल्पनाशील मस्तिष्क का धनी होता है, तो कैसी-कैसी योजनाएं निकलकर आती हैं? ये तो कई बार बिजली के बिलों के नाम पर ही चुनाव जीतने की सोचते थे कि माफ कर देंगे, माफ कर देंगे! एक सरकार आई, जिसने कहा फ्री में दे देंगे, फ्री में दे देंगे, दे दो वोट, फ्री में दे देंगे!

महोदय, योजना ऐसी होती है, जैसे 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' हा। यह कल्पनाशील मस्तिष्क होता है, जो मुफ्त में बिजली भी देता है और ऐसी देता है कि जो मांगकर

Contents Page

नहीं, पूरे स्वाभिमान के साथ ली जाती है। अब 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के माध्यम से 'पीएम आवास योजना' के घरों में गरीबों को बिजली मिलेगी। यह नरेन्द्र दामोदरदास मोदी की सरकार है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि नरेन्द्र मोदी जी के मन में जो तड़प और संवेदना है, उसका कोई मुकाबला नहीं है, क्योंकि वे अपने आप को जनता का प्रधान सेवक मानते हैं, जनता के लिए जीते हैं, जनता के लिए काम करते हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, निश्चित तौर पर, मैं आज एक निवेदन आपके माध्यम से करना चाहता हूँ। प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण में कुछ राज्य ऐसे हैं, जिनसे मैं अपील करना चाहता हूँ। वे अपने स्वीकृत लक्ष्य को ही पूरा नहीं कर रहे हैं। प्रधान मंत्री पैसा दे रहे हैं, घर गरीब का बनना है, लेकिन इन्हें आपत्ति यह है कि योजना के साथ पीएम नाम जुड़ा है। जैसे कई बार लाल कपड़ा देखकर बैल बिदक जाता है, वैसे पीएम नाम सुनकर ही आपत्ति हो जाती है कि इसे मत करो, इससे मोदी का नाम हो जाएगा।

माननीय उपसभापति महोदय, तमिलनाडु की सरकार ने अभी तक 1,93,000 मकान स्वीकृत ही नहीं किए हैं। आपको क्या तकलीफ है? गरीबों के घर बनने हैं, तो आपको गरीबों के घर बनाने में दिक्कत और परेशानी क्या है? गरीबों के मकान बनाने के लिए जो नया सर्वे हो रहा है, उस सर्वे में भी भाग लेने का काम नहीं किया। तेलंगाना ने भी यही किया। मैं जयराम जी से कहूँगा कि मुझसे गुस्सा होने के बजाय तेलंगाना की सरकार से कहें कि 'प्रधानमंत्री आवास योजना' का जो नया सर्वेक्षण हुआ है, उसमें भाग जरूर लें, ताकि वहाँ गरीबों को भी मकान मिल सकें। माननीय उपसभापति महोदय, मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि कर्णाटक में भी 7,00,000 आवासों में से 3,80,000 मकान कई दिनों से स्वीकृत ही नहीं किए गए हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि गरीब को घर देने में क्या दिक्कत है? प्रहलाद जी, कर्णाटक के गरीबों को घर मिल जाएगा, तो क्या बिगड़ जाएगा? ...(**व्यवधान**)... पीएम का नाम लो, तो वह तकलीफ है। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, ऐसी राजनीति किस काम की, जो गरीबों की जिंदगी तबाह और बर्बाद कर दे। यह कोई राजनीति है! हरेक राज्य को जो स्वीकृत लक्ष्य है, उसको पूरा करने का काम करना चाहिए। जो नया सर्वे हो रहा है, उसमें हमने कुछ और छूट दी है। प्रधान मंत्री का संकल्प है और सीधा संकल्प है कि हर गरीब को घर मिले। कोई कच्चे मकान में नहीं रहेगा। इसमें जो शेष रह गए हैं, उनके लिए उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित किया है कि फिर से सर्वे करो और देखो कि कौन गरीब लोग छूट गए हैं। परिवार बड़े हो जाते हैं। एक बाप के चार बेटे हो गए, तो एक कमरे में चार बेटे कैसे रहेंगे, चारों के लिए अलग घर चाहिए। उन्होंने इसीलिए कहा कि इसका फिर से सर्वे हो, ताकि जो वंचित रह गए हैं, उनको भी हम आवास देने का काम कर सकें। इसके लिए हम सर्वेक्षण कर रहे हैं। उस सर्वेक्षण में हमने 4 तरह के नए प्रावधान जोड़े हैं। हमारे जो माननीय सांसद बैठे हैं, उनके माध्यम से मैं एक बार फिर पूरे देश के गरीब भाइयों और बहनों को कुछ बताना चाहता हूं। नंबर एक, पहले "प्रधानमंत्री

Contents Page

ग्रामीण आवास योजना" के अंतर्गत, जिसकी आमदनी 10,000 थी, वह ही पात्र था। अगर किसी की 10,000 से ज्यादा आमदनी हो गई, तो वह अपात्र हो जाता था। अब लखपति दीदी बनानी है, तो 10,000 से ज्यादा आमदनी तो करनी ही पड़ेगी। इसलिए अब तय किया है कि 15,000 से ज्यादा भी आमदनी होगी, तो भी गरीब को घर दिया जाएगा। यह संशोधन हमने कर दिया है। एक और प्रावधान था कि अगर घर में दोपहिया वाहन है, मोटरसाइकिल है या स्कूटर है, तो उसको पीएम आवास नहीं मिलेगा। माननीय उपसभापति महोदय, दोपहिया वाहन तो अब हर घर में हो गया है। मजदूर भी आज कल मोटरसाइकिल पर ही बैठकर जाता है। मोदी है, तो मुमकिन है - अब यह हो रहा है। हमने यह भी तय कर दिया कि अगर अब दोपहिया वाहन होगा, तो भी "प्रधानमंत्री आवास योजना" का मकान देंगे। एक और प्रावधान था कि अगर किसी मछुआरे के पास मोटरवाली बोट है, तो उसको पीएम आवास नहीं मिलेगा। अब अगर मछुआरा मछली मारने जाएगा, तो वह समुद्र में चप्पू थोड़े ही चलाएगा! उसको भी मोटरवाली बोट चाहिए। इसलिए हमने तय किया कि मोटरवाली बोट होगी, तब भी उसको "प्रधानमंत्री आवास योजना" का मकान देंगे। इसमें हमने किसान को भी नहीं छोड़ा है। अगर ढाई एकड़ तक सिंचित जमीन और पांच एकड़ तक असिंचित जमीन होगी, तो उस किसान को भी "पीएम आवास योजना" का लाभ दिया जाएगा। महोदय, मोदी है तो मुमकिन है। कोई बिना घर के नहीं रहेगा। यह फैसला भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने, एनडीए की सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में लिया है।

महोदय, मैं एक निवेदन जरूर करना चाहता हूं। मैं इस सदन के माध्यम से, आपके माध्यम से राज्य सरकारों से एक प्रार्थना करना चाहता हूं। कई जगह जो पात्र हैं, उनको मकान इसलिए नहीं मिलते हैं कि उनके पास जमीन नहीं है, उनके पास जमीन का पट्टा ही नहीं है। अब जब वह इस धरती पर पैदा हुआ है, तो भगवान ने इतना हक तो दिया होगा कि रहने के घर लायक तो जमीन उसकी हो। भगवान ने ये जल, जमीन, जंगल, खनिज केवल कुछ लोगों के लिए ही नहीं बनाए हैं - बल्कि ये सबके लिए हैं, लेकिन ये सबके पास नहीं हैं। ये जिनके पास नहीं हैं, उनको रहने के लिए घर के लायक जमीन का टुकड़ा तो दे दो, जिससे कि वे गर्व के साथ कहें, "मैं मालिक हूं।"

महोदय, मैं आज राज्य सरकारों से भावनात्मक रूप से अपील करना चाहता हूं कि हम इन्वेस्टर समिट करते हैं, लैंड बैंक बनाते हैं और ये होड़ लगती है कि मेरे पास इतनी जमीन है। आओ, इंडस्ट्रियलिस्ट ले जाओ, मैं ये छूटें दूंगा। आपने जैसा लैंड बैंक उद्योगपतियों के लिए बना दिया, वैसा ही एक लैंड बैंक मेरे गरीबों के लिए भी बना दीजिए। एक लैंड बैंक गरीबों के लिए बन जाए, जिनके पास रहने के लिए जमीन का टुकड़ा नहीं है, उसे जमीन पर पट्टा देकर उतनी जमीन का मालिक बना दो, ताकि "प्रधानमंत्री आवास योजना" का मकान उसका बन जाए। मैं इसके बारे में हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं, क्योंकि यह काम राज्य सरकारें कर सकती हैं। इसलिए भूमि के पट्टे देने चाहिए। जहां मिले, वहां देने चाहिए, नहीं तो खरीद कर देने चाहिए - इतना हक तो उनका है। क्योंकि जब मैं समीक्षा करता हूं, तो यह विषय आता कि इतने मकान क्यों नहीं बने। इसमें कहा जाता है कि उनके पास जमीन ही नहीं है। जमीन नहीं है, तो क्या उनको

Contents Page

जीने का हक नहीं है? क्या किसी को उनके बच्चों का दर्द नहीं होता? क्या उनको मुस्कुराने का अधिकार नहीं है? इसलिए मैं यह निवेदन जरूर करना चाहता हूं कि यह निश्चित तौर पर होना चाहिए।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं एक और निवेदन रोजगार के बारे में करना चाहता हूं। हर एक को रोजगार चाहिए। रोजगार देने की कई तरह की योजनाएं हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में भी ढंग से रोजगार मिले, इसलिए एनडीए की सरकार ने प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अनेक योजनाएं बनाई हैं। उनमें से एक पीएम विश्वकर्मा योजना है। बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुनार, सुतार, मोची, इनके जमाने में तो उन सबके रोजगार छिन गए। उन कारीगरों को किसी ने आज तक पूछा नहीं। उन गरीब कारीगरों को भी पूछने का काम अगर किसी ने किया, तो नरेन्द्र मोदी जी ने किया। जिनको इन्होंने नहीं पूछा, उनको मोदी ने पूजा और उनके लिए योजना बनाने का काम हुआ।

माननीय उपसभापति महोदय, हमने योजना बनाई - दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना, जिसमें हमने तय किया -- यह इनके जमाने में नहीं था, गांव के गरीब के कौशल की इनको चिंता नहीं थी -- लेकिन हमने तय किया कि ऐसे ग्रामीण नौजवानों को प्रशिक्षित करके हम उनको रोजगार देंगे। उस दिशा में भी 18,29,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, तो 11,78,000 युवाओं को रोजगार मिल गए। इसके साथ ही, एनडीए की सरकार आरसेटी के माध्यम से भी बैंकों को जोड़ कर प्रशिक्षण देने का काम कर रही है। उसमें भी ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 60 लाख बच्चों को स्वरोजगार में नियोजित करने का काम किया गया है। हमें रोजगार देने के जितने रास्ते मिलते हैं, उन सब रास्तों पर मोदी जी की सरकार काम करके रोजगारयुक्त गांव बनाने के काम में निरंतर लगी है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं केवल एक बात दिशा की बैठकों के बारे में जरूर कहना चाहता हूं। कुछ माननीय सांसदों ने यह चिंता प्रकट की है कि उनके यहां दिशा की बैठकें नियमित रूप से नहीं होतीं। अब हम दिशा के दिशानिर्देशों में भी निश्चित तौर पर यह परिवर्तन करेंगे कि यदि राज्य सभा के सांसद भी चाहें, तो उनके मांगने पर जो निश्चित समयावधि है, उसके अंतर्गत दिशा की बैठकें संपन्न होनी चाहिए। विकसित भारत-जी राम जी योजना में हम नॉर्मेटिव आधार पर राज्यों को बजट का प्रावधान कर रहे हैं। उसमें हमने परफॉर्मेंस को एक आधार माना है और परफॉर्मेंस में बुलाने पर भी अगर राज्य ने दिशा की बैठक नहीं बुलाई, तो फिर हम गंभीरता से फंड रिलीज पर विचार करेंगे। सांसदों का सम्मान सर्वोपरि है। यह होना ही चाहिए। कुछ राज्य सरकारें ...(**व्यवधान**)... हां, लोक सभा भी और राज्य सभा भी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दोनों बराबर हैं, दोनों को समान अधिकार, दोनों को समान सम्मान मिले। आखिर आप राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद हैं। उस दिशा में भी हम निश्चित तौर पर काम करेंगे।

माननीय उपसभापति महोदय, हमारा एक वाटरशेड का अभियान चलता है। इस सदन में वाटरशेड पर उतनी चर्चा नहीं हुई, लेकिन गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में, यह

Contents Page

महत्वपूर्ण है। इसलिए हमने इस योजना के अंतर्गत 8,58,000 से अधिक जल संचयन की योजना बनाई है। 18,29,000 हेक्टेयर क्षेत्र को हम संरक्षित सिंचाई के अंतर्गत लाए हैं। इससे 56 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है, 2,82,000 हेक्टेयर क्षेत्र में बागवानी और एग्रो-फॉरेस्ट्री को बढ़ावा मिला है, 626 लाख से अधिक व्यक्ति दिवस रोजगार सृजित हुए हैं और हमने 3,500 झरनों को पुनर्जीवित भी किया है। आगे इसी योजना के माध्यम से हम नदियों को पुनर्जीवित करने का काम भी करेंगे। गंगा, यमुना, सरस्वती, रेवा, महानदी, गोदावरी, ब्रह्मपुत्र, जो हमारी बड़ी नदियां हैं, उनके अलावा, छोटी-छोटी नदियां भी हैं, हम उनको पुनर्जीवित करने का काम भी करेंगे। इसलिए परंपरागत जल निकायों का संरक्षण करने का काम भी किया जाएगा।

माननीय उपसभापति महोदय, हमारा एक लैंड रिसॉर्स डिपार्टमेंट है। ग्रामीण विकास के अंतर्गत देश के भूमि संबंधी रिकॉर्ड का अब तक डिजिटाइजेशन नहीं हुआ था। जयराम रमेश जी, अब 99 परसेंट से अधिक भूमि के डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है और पूरा पैसा भारत सरकार ने दिया है। पहले केवल कागजी भूमि रिकॉर्ड्स रखे जाते थे, जिससे जानकारी प्राप्त करना कठिन था। अगर रिकॉर्ड चाहिए और राजस्व के किसी कर्मचारी-अधिकारी के पास चले गए, तो वह 17 चक्कर लगवाता था और कई बार भेंट पूजा और प्रसाद के बिना रिकॉर्ड मिलना मुश्किल हो जाता था। इस दर्द को भी समझ कर उसका डिजिटाइजेशन किया गया है, जिससे अब नागरिक अपना भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन देख सकते हैं। यह कंप्यूटरीकरण का काम भी कर लिया गया है। इससे भूमि संबंधी विवाद के निपटारे को भी सरल बनाया जाएगा और गांव में जमीन के विवाद से भी छुटकारा मिलने का काम होगा। माननीय उपसभापति महोदय, प्रारंभ में गांधी जी की बात हो रही थी। मैं कहना चाहता हूं कि भू-स्वामित्व का तो ऐसा अधिकार दिया कि गांव में जिसका घर था, वह उस घर के आधार पर बैंक से लोन नहीं ले सकता था। उसकी संपत्ति थी, उसका घर था, लेकिन उसको अधिकार से वंचित करने का पाप और अपराध अगर किसी ने किया, तो कांग्रेस ने किया, इनकी सरकार ने किया। यूपीए ने, कांग्रेस ने कभी चिंता ही नहीं की कि गांव के लोगों को उनके घर का, उनकी संपत्ति का भी अधिकार मिले। उनको उस अधिकार से भी युक्त करने का काम अगर किसी ने किया, तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उनको स्वामित्व के पट्टे देकर किया। अब अगर गांव में मेरा पक्का मकान है, शानदार मकान है, तो उसके आधार पर मैं बैंक से लोन ले सकता हूं। उस मकान की कीमत है, उसका सही अर्थों में खरीद और बिक्री का काम हो सकता है। मुझे तो समझ में नहीं आता कि इन्होंने इतने साल तक क्या किया है? इन्होंने क्या किया और ये क्या कर रहे थे? जितने काम अब हो रहे हैं, अगर तब हो गए होते, तो पता नहीं, हमारा देश आज कहां पहुंच गया रहता!

SHRI P. WILSON: Sir,... *(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. माननीय मंत्री जी।

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, देश कैसे बदलता है, इसका उदाहरण यह सरकार है। आप कह रहे थे कि गांधी जी का नाम हटा दिया। महोदय, गांधी जी जीवित हैं,

Contents Page

गांधी जी के विचार जीवित हैं। 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के 4 करोड़ मकानों में गांधी जी के विचार जीवित हैं, 11 करोड़ 'शौचालयों' के निर्माण में गांधी जी के विचार जीवित हैं, 10 करोड़ 'उज्ज्वला रसोई गैस' के कनेक्शंस में गांधी जी के विचार जीवित हैं, 15 करोड़ से अधिक घरों में 'नल से जल' के कनेक्शंस में गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' में गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 1.5 लाख प्राइमरी केयर और सस्ती जेनरिक दवाई देने वाले सेंटर्स में गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 52 करोड़ के 'मुद्रा लोन' में, जो गरीबों की जिंदगी बदल रहे हैं, गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 'सौभाग्य योजना' में, सौ परसेंट घरेलू विद्युतीकरण में गांधी जी के विचार जिंदा हैं, सोलर की कैपेसिटी के विस्तार में डायरेक्ट 'डीबीटी' के माध्यम से, 'पीएम जन-धन खाते' खोलकर, जो 34 लाख करोड़ खोले गए हैं, उनमें गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 'स्किल इंडिया मिशन' में गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 'अटल पेंशन योजना' में गांधी जी के विचार जिंदा हैं, 'पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना' में गांधी जी के विचार जिंदा हैं और 'किसान सम्मान निधि' में भी गांधी जी के विचार जिंदा हैं। भारत के सच्चे लाल, मोदी जी ने कर दिया कमाल! महोदय, गांधी जी के विचार जिंदा हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, इसलिए आज मैं इनको बिना मांगे एक महत्वपूर्ण सलाह देना चाहता हूं। मैं तो सब तरफ सद्भावना रखता हूं, सबसे स्नेह और प्रेम करता हूं। ये सच में आपदा में अवसर नहीं खोजें। जम्मू-कश्मीर में जब वह घटना हुई, जिसमें हमारे निर्दोष नागरिक मारे गए थे, उस समय इनके मन में तकलीफ नहीं थी, बल्कि एक उल्लास था कि मोदी जी फंस रहे हैं, मोदी जी फंस रहे हैं। मिडिल ईस्ट की घटनाओं में भी हमने इनको देखा। ...(**व्यवधान**)... कहीं टैंकर न आ जाए, गैस कनेक्शन न मिल जाए, लाइनें लग जाएं, लाइनों में गड़बड़ हो जाए, लोग परेशान हो जाएं। लोग परेशान हों, तो हों, मेरी एक फूटे, तो फूटे, लेकिन सामने वाले की दोनों फूट जाएं। ...(**व्यवधान**)... ये आपदा में अवसर नहीं ढूंढ़ें। इससे कांग्रेस का भला नहीं होगा।

माननीय उपसभापति महोदय, आप एक उदाहरण देख लीजिए। जब-जब इन्होंने मोदी जी का अपमान किया, उस अपमान का बदला जनता ने लिया। इन्होंने कभी कहा था - मौत का सौदागर। गुजरात के चुनाव के पहले कहा था - मौत का सौदागर।

SHRI JAIRAM RAMESH: What is this, Sir? ...*(Interruptions)*..

श्री शिवराज सिंह चौहान: हालत यह हुई कि कांग्रेस permanent coma में ऐसी गई है कि वह उठ ही नहीं पा रही है।...(**व्यवधान**)... कभी हिटलर, तो कभी तानाशाह, तो कभी गद्दाफी ...(**व्यवधान**)... मैं तो इनको सलाह दे रहा हूं कि अगर ऐसे भारत के प्रधान मंत्री का ...(**व्यवधान**)... जयराम जी, मैं आज आपको एक घटना बताना चाहता हूं। मैं जब मध्य प्रदेश का मुख्य मंत्री था, ...(**व्यवधान**)... मैं जब मध्य प्रदेश का मुख्य मंत्री था, तब स्वर्गीय मनमोहन जी देश के प्रधान मंत्री थे। उस समय मैं अमेरिका के प्रवास पर वाशिंगटन डीसी गया था। वहाँ कुछ पत्रकार मिले और उन्होंने मुझे कहा कि भारत के प्रधान मंत्री अंडर अचीवर हैं। मैंने उनसे कहा, खबरदार, वे कांग्रेस के प्रधान मंत्री नहीं हैं, बल्कि वे भारत के प्रधान मंत्री हैं और मेरे प्रधान

Contents Page

मंत्री अंडर अचीवर नहीं हो सकते, वे देश का सम्मान हैं। यह हमारा भाव था और आपका भाव क्या है? आप जब भी विदेश में जाते हैं, केवल प्रधान मंत्री नहीं, पूरे हिंदुस्तान का अपमान करते हैं, हर माता का अपमान करते हैं।...(**व्यवधान**)... कांग्रेस इस मानसिकता से कभी आगे नहीं बढ़ सकती।...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभापति महोदय, सारी दुनिया देख रही है, हम नहीं देख रहे। अभी संकट आया, गैस के टैंकर नहीं आएँगे, जहाज नहीं आएँगे। प्रधान मंत्री जी का एक फोन गया, ईरान ने कहा - भारत का झंडा लहराते हुए निकल जाओ, कोई नहीं रोकेगा। जब-जब संकट आए, यूक्रेन-रूस का युद्ध हुआ, हमारे बच्चे वहाँ फंस गए, माता-पिता चिंतित थे, हमें फोन कर रहे थे कि क्या होगा, वे बचेंगे या नहीं बचेंगे। दोनों को, यानी रूस को भी, यूक्रेन को भी एक फोन गया कि हमारे बच्चे जब तिरंगा झंडा लेकर निकलें, तो युद्ध बंद कर देना।...(**व्यवधान**)... भारत के बच्चे तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय करते हुए जैसे ही निकले, रूस ने भी युद्ध बंद कर दिया, यूक्रेन ने भी युद्ध बंद कर दिया और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए हमारे बच्चे सुरक्षित भारत आ गए।...(**व्यवधान**)... यह आज का भारत है।...(**व्यवधान**)... यह न्यू इंडिया है, यह नया भारत है।...(**व्यवधान**)... आज मैं कहना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली भारत, एक गौरवशाली भारत, एक संपन्न भारत, एक समृद्ध भारत, एक शक्तिशाली भारत, एक आत्मनिर्भर भारत और एक विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। इसको कोई रोक नहीं सकता। अगर कोई साथ दे, तो उसके साथ, कोई साथ न दे, तो उसके बिना और कोई विरोध करे, तो उसके बावजूद यह विकसित भारत बन कर रहेगा। ...(**व्यवधान**)... आज मैं अंत में स्वामी विवेकानंद जी की एक टिप्पणी उद्धृत कर रहा हूँ। सवा सौ साल से ज्यादा हो गए, स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था, 'सुदीर्घ रजनी समाप्त हुई जान पड़ती है, महानिशा का अंत निकट है। जो अंधे हैं, वे देख नहीं सकते, जो बहरे हैं, वे सुन नहीं सकते, लेकिन मैं स्पष्ट रूप से देख रहा हूँ कि भारत माता एक बार फिर अंगड़ाई लेकर खड़ी हो रही है और विश्व गुरु के पद पर अधिष्ठित हो रही है।' यह एक नरेन्द्र, यानी स्वामी विवेकानंद ने कहा था और यह दूसरा नरेन्द्र, नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में यह पूरा होगा, यह पूरा होगा, यह पूरा होगा। इसको कोई नहीं रोक सकता, पर, हम सौभाग्यशाली हैं कि हम इस युग में पैदा हुए हैं, जो भारत को विकसित होते हुए देख रहे हैं और थोड़ा बहुत गिलहरी की तरह हम भी योगदान दे रहे हैं। आप भी नकारात्मक राजनीति छोड़िए और आ जाइए भारत माता की प्रगति और विकास के लिए। आप साथ आइए और रचनात्मक राजनीति करें और देश को परम वैभव के शिखर पर पहुँचाएँ, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापतिः माननीय सदस्यगण, अनाउंसमेंट...(**व्यवधान**)... माननीय संजय जी, अब चर्चा खत्म करें।...(**व्यवधान**)...

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली)**:** सर, माननीय मंत्री जी ने कहा था।...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी, आपने कहा था, इसलिए अब आप अपना वादा निभाइए।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः धन्यवाद, संजय जी। अब चर्चा खत्म करें।

Contents Page

श्री शिवराज सिंह चौहान: माननीय उपसभापति महोदय, संजय जी ने यह कहा था कि पंजाब के लिए बाढ़ में इतनी घोषणा की थी, लेकिन बिल्कुल पैसा नहीं दिया गया। मैं बहुत आदर करते हुए माननीय संजय जी को बताना चाहता हूँ कि मैं पंजाब गया था, अपने सही कहा। मैंने पंजाब की सरकार से बात की कि कितने घर ऐसे हैं, जो डैमेज़ हुए हैं, आप उसकी सूची तत्काल भेजें। हम उन घरों के पुनर्निर्माण के लिए राशि देंगे। कई दिनों तक सूची नहीं आई। मैं एक दिन फिर पंजाब जाने वाला था, तो मैंने फिर सरकार को फोन किया कि मैं आ रहा हूँ, उसके पहले आप सूची भेज दें। यह ऑन रिकॉर्ड है कि रात के नौ बजे मेरे पास सूची आई कि बाढ़ में इतने घरों का नुकसान हुआ है। सवेरे मैं 34,000 मकानों की स्वीकृति पत्र लेकर पंजाब के कृषि मंत्री के हाथों में सौंप कर आया कि लीजिए।...(**व्यवधान**)... पंजाब सरकार ने बीज के लिए मांग की थी। हमने तत्काल बीज के लिए जो राशि थी, वह स्वीकृत करने का काम किया। 'आजीविका मिशन' के अंतर्गत राशि रातों-रात स्वीकृत करने का काम किया। इसमें देर नहीं लगती। हम तत्काल करते हैं। जो कहते हैं, वह करते हैं।

श्री संजय सिंह: सर, मैं कुछ कहना चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

ANNOUNCEMENTS BY THE CHAIR

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, Sanjayji...(*Interruptions*)... No, no. Hon. Members, I have to inform the House that the House will be bidding farewell to the retiring Members tomorrow, that is, 18th of March, 2026. Accordingly, the Zero Hour and the Question Hour will be dispensed with tomorrow to enable the retiring Members, leaders of parties and others to make their farewell speeches.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Appropriation Bill, 2026 — Shri Rajeev Shukla.

[THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL) *in the Chair*.]

[$]THE APPROPRIATION BILL, 2026

श्री राजीव शुक्ला(छत्तीसगढ़): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं विनियोग विधेयक पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। ...(**व्यवधान**)... महोदया, इन्होंने कहा कि 30 साल से मैं भी मोदी जी को जानता हूँ, तो मैं भी मोदी जी को 30 साल से जानता हूँ। उनको इतनी तारीफ पसंद नहीं है, जितनी आज हुई। इसीलिए आज मेरी समझ में आया कि मोदी जी को जो भाषण अच्छा लगता है, उसको ट्वीट करके वे तारीफ करते हैं, लेकिन उन्होंने शिवराज जी की तारीफ आज तक नहीं की, जबकि ये

[$] Further consideration continued on a motion moved on the 16th March, 2026.

Contents Page

इतना लंबा-चौड़ा भाषण देते हैं। आज इन्होंने कम से कम 200 बार उनका नाम लिया होगा और ऐसा कर दिया कि 2014 के पहले इस देश में कुछ हुआ ही नहीं था। न बिजली के खम्भे थे, न बिजली थी, कुछ प्रगति नहीं हुई थी, न रेल थी, न ग्रामीण विकास हुआ था, न सड़क थी, कुछ भी नहीं था। देवेगौड़ा जी भी सुनते रहे कि वे भी एक साल प्रधान मंत्री थे, उनके जमाने में भी कुछ नहीं हुआ। अटल जी भी प्रधान मंत्री थे, उनके जमाने में भी कुछ नहीं हुआ। मतलब, सब 2014 के बाद ही हुआ? कमाल है! शिवराज जी ने आज क्या भाषण दिया, आप लोग तालियां बजा रहे हैं! आप कुछ तो समझाओ!

महोदया, निर्मला जी यहां नहीं हैं। मुझे लगता है कि यहां वित्त मंत्रालय के वित्त राज्य मंत्री जरूर होंगे, इसलिए अब मैं अपना भाषण शुरू करता हूँ। वित्त मंत्रालय का यह विनियोग विधेयक एक औपचारिकता है। इसके माध्यम से अतिरिक्त राशि लेनी होती है। ये करीब 2 लाख, 81 हज़ार करोड़ रुपये हैं, जिसकी गवर्नमेंट ने सैंक्शन ली है, हालांकि उन्होंने इसमें से सिर्फ 36 हज़ार करोड़ का चार्ज्ड एक्सपेंडिचर दिखाया है। लेकिन, यह परंपरा है और यह होता है। मेरा यह मानना है कि वित्त मंत्रालय को ध्यान देना चाहिए कि जो पैसा दिया जा रहा है, उसका पूरा विस्तार भी मंत्रालय से जरूर लेना चाहिए। वित्त मंत्री कुबेर की तरह होता है और कुबेर का काम सिर्फ पैसा देना नहीं है, उसका काम यह पता लगाना भी है कि वह कैसे खर्च होता है। यह काम पहले योजना आयोग करता था, लेकिन अब वह पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है, क्योंकि योजना आयोग खत्म हो गया, इसलिए अब इसे वित्त मंत्रालय को देखना चाहिए। उदाहरण के लिए हम डिफेंस मिनिस्ट्री, यानी रक्षा मंत्रालय को लेते हैं, कल इसका शक्तिसिंह जी ने भी जिक्र किया था। रक्षा मंत्रालय पर जो खर्च है, उसके मामले में आपको देखना पड़ेगा और नई रणनीति बनानी होगी। हमारा मेजर एक्सपेंडिचर आर्मी पर है, लेकिन पिछले युद्ध में आपने देखा कि आर्मी की एक इंच मूवमेंट भी नहीं हुई, सारा युद्ध आसमान में लड़ा गया। चाहे ऑपरेशन सिंदूर हो, वह सिर्फ आसमान का युद्ध था, मिसाइल्स का युद्ध था, ड्रोन का युद्ध था। इसी तरह, आज इजराइल और अमेरिका का जो युद्ध ईरान में चल रहा है, वह भी मिसाइल्स का युद्ध है और ड्रोन का युद्ध है। हमें अब स्ट्रेटजी बदलनी पड़ेगी, हमें फोकस वहां करना पड़ेगा और हमें मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम बनाना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा था कि मैं तीन दिन में वॉर खत्म कर दूंगा, लेकिन आज 18 दिन हो गए, क्या वह खत्म कर पाया? क्यों? क्योंकि ईरान का मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम इतना बड़ा था कि आज तक वह लड़ रहा है और उनका मुकाबला कर रहा है। इसलिए हमें भी अपनी रणनीति नए ढंग से सोचनी पड़ेगी कि हम जो पैसा अतिरिक्त बजट के प्रावधानों में दे रहे हैं, उसे हम कहाँ खर्च करें—precise development programs पर, और उसके साथ-साथ technology development पर भी। माननीय सदस्य ने कल कहा था कि research and development पर खर्च होना चाहिए। मैं भी इस बात का समर्थन करता हूँ। दूसरा, यह कि चीन ने PL-15 और अब PL-18 missile develop की है। PL-18 इतनी खतरनाक missile है कि उसे छोड़ने के बाद उस पर manual control ही नहीं रहता कि वह कहाँ चली जाए, तो इस मुकाबले के लिए तैयार रहने हेतु आपकी क्या strategy है और रक्षा मंत्रालय इस पर क्या कर रहा है? यह बहुत जरूरी है कि वित्त मंत्री जी इसे ensure करें।

Contents Page

तीसरा, यह कि ड्रोन की एक बड़ी समस्या है। एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी पर क्या काम हो रहा है, यह भी रक्षा मंत्रालय को देखना पड़ेगा। ड्रोन इतनी बड़ी समस्या बन चुका है कि यह 50 किलो तक एक्सप्लोसिव लेकर जा सकता है और कहीं भी गिरा सकता है। कल पंजाब के माननीय सांसद बता रहे थे कि ड्रोन के जरिए भारत के अंदर पंजाब में AK-47 तक गिरा दी जाती है, जिसका फायदा आतंकवादी ले सकते हैं, तो आप एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए क्या-क्या कर रहे हैं, यह भी देखना बहुत जरूरी है। आपको पता है कि पिछली बार जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, तब पठानकोट तक उनके ड्रोन आ गए थे, जिस कारण हमें IPL का मैच तक स्थगित करना पड़ा था, क्योंकि वहाँ से 50 किलोमीटर की दूरी पर धर्मशाला स्टेडियम था, तो ड्रोन की समस्या के लिए आप क्या-क्या कर रहे हैं, यह भी आपको ध्यान देना होगा, जो बजट में प्रावधान है उसके संदर्भ में।

महोदया, एक चीज ऐसी है, जिसके लिए मैं निर्मला जी को जिम्मेदार नहीं मानता हूँ। उसके लिए विदेश मंत्रालय जिम्मेदार है, लेकिन उनको पैसा देना पड़ता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी बीजेपी वाले भी अच्छी बात कर लेते हैं और अपने भाषण में कह देते हैं। पहले काफी दिनों तक वे कहते रहे कि कुछ है ही नहीं, कोई संकट नहीं है, विपक्ष बेवजह मुद्दा खड़ा कर रहा है, किसी किस्म का संकट नहीं है। कल और परसों हमने कुछ लोगों के भाषण सुने, अरुण सिंह जी और नड्डा जी के भाषण भी सुने, जिन्होंने माना कि संकट है। अब उन्होंने इसका नैरेटिव बदल दिया है। अब कहते हैं कि संकट है, लेकिन विपक्ष आपदा में भी अवसर ढूंढ़ रहा है, विपक्ष इस संकट में साथ नहीं दे रहा है। अभी LPG गैस वगैरह का संकट है, उसमें भी विपक्ष अवसर देख रहा है। मुझे तो याद है कि जब हमारे समय में गैस के दाम 10 रुपये भी बढ़ते थे, तो हमारी बहन स्मृति इरानी जी, जो बाद में मंत्री भी हुईं, सड़क पर सिलेंडर लेकर बैठ जाती थीं। फिर क्या-क्या नहीं करते थे। क्या वह आपदा में अवसर नहीं था? तब तो सिर्फ दाम बढ़ते थे, आज तो संकट है और यह संकट लगातार बढ़ता जा रहा है।

सामने से उन्होंने कहा कि एक फोन पर झंडा लहराते हुए जहाज निकल गया। तो मैं उनको बताना चाहता हूँ कि केवल दो ही शिप निकले हैं, अभी 22 शिप्स अटके हुए हैं, लेकिन यह सोचना पड़ेगा कि ये शिप्स अटके क्यों हैं। यह भी देखना पड़ेगा कि 80 साल बाद अचानक यह नौबत कैसे आई। इस देश में इतने प्रधान मंत्री हुए, लेकिन किसी के समय में नहीं अटके — चाहे जवाहरलाल नेहरू जी हों, चाहे लालबहादुर शास्त्री जी हों, चाहे इंदिरा जी हों, चाहे देवेगौड़ा जी, जो रिटायर होने वाले हैं, इनके ज़माने में — यहां नीरज जी बैठे हैं, इनके पिता चंद्र शेखर जी के समय में ईरान से हमारे best relation थे। इजरायल से भी अच्छे संबंध थे, अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे और रूस से भी अच्छे संबंध थे। कोई ऐसी बात ही नहीं थी कि अन्य किसी प्रधान मंत्री का किसी से झगड़ा था। हमारी नीति ऐसी थी कि सबसे दोस्ती थी, किसी से झगड़ा नहीं था। न हमारे जहाज रुकते थे, न इस तरह की स्थिति होती थी। अब यह एक नया शुरू हुआ कि हमने अपनी विदेश नीति को पूरी तरह से उलट दिया है। अब हम ऐसे चले गए कि हम पूरी तरह इजरायल के ब्लॉक में शामिल हो गए, उसके गुट में शामिल हो गए। समीर भाटिया, जो Hotmail से जुड़े रहे हैं

Contents Page

और IT क्षेत्र के व्यक्ति हैं, उन्होंने एक लाइन अपने ट्वीट में लिखा था कि I am still not able to understand what it means that India is a 'motherland' and Israel is a 'fatherland'. इसका मतलब क्या है? यह अमेरिका में बैठे भारतीयों को भी समझ में नहीं आ रहा है। इसी तरह बीजेपी के लोक सभा सदस्य बिजेंदर सिंह जी, जो अब बीजेपी में नहीं हैं, उनका हरियाणा में अभी एक भाषण हुआ, वह भाषण अभी सोशल मीडिया पर बहुत वायरल है। उन्होंने गाँव के लोगों की एक सभा में कहा कि इसका मतलब यह हुआ कि बापू तेरा इजरायल है। मदरलैंड, मातृशक्ति तो हम हैं और बापू इज़रायल है। यहूदी कब से हमारे पूर्वज हो गए और बाप हो गए? इसका अर्थ क्या है? यह भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि कब से उन्होंने यहूदियों को पूर्वज मान लिया? हम पूर्वज थे। भारत के लोग पूर्वज थे। हमारे राम, कृष्ण, हमारे ऋषि- मुनि थे, वे हमारा गौरव हैं। बाकी सब कौन पूर्वज थे? यह एक बहुत बड़ी बात है कि हमारी विदेश नीति में हमने जो कुछ भी किया, वह इस तरह का किया कि समझ में नहीं आ रहा है कि इसका अर्थ क्या है? यहां पर आपने देखा होगा कि हम कभी किसी से दुश्मनी नहीं लेते थे। हम दूसरों की लड़ाई में अपना सिर क्यों डाल रहे हैं? हम तो non-aligned नीति, निर्गुण नीति पर रहें। ऐसी क्या जरूरत पड़ गई कि हमें जाकर अपने आप को समर्पित करना पड़ा? हम उस ब्लॉक में शामिल हो रहे हैं और एक-एक जहाज़ को निकलवाने के लिए फोन करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति तो भारत सरकार की कभी नहीं हुई थी। यह क्यों कर रहे हैं? हमारा आपसे अनुरोध है कि गवर्नमेंट को इस पर ध्यान देना चाहिए। आज यहां सुधांशु जी और सारे लोग बैठे हैं। आपको पता है कि क्या असर हो रहा है? आप कहते हैं कि सब ठीक है, सब ठीक है, everything is hunky-dory. What is hunky-dory? बनारस-काशी विश्वनाथ का मंदिर है, जहां बाबा विश्वनाथ के बाद सबसे बड़ी माता मां अन्नपूर्णा देवी हैं। अन्नपूर्णा देवी का जो पूजन होता है कि काशी में उनका भोजन का भंडार कभी खाली नहीं होता। अन्नपूर्णा देवी की रसोई पर कल ताला लगाना पड़ा, क्योंकि गैस ही नहीं बची। जिस सरकार ने मां अन्नपूर्णा देवी की रसोई पर ताला लगवा दिया, वो कैसे बात कर सकती है कि सब कुछ सही है। उसके पहले अयोध्या में सीता रसोई बंद हो चुकी है। ...(**व्यवधान**)...

डा. सुधांशु त्रिवेदी (उत्तर प्रदेश): सर, अयोध्या के बारे में डीएम की स्टेटमेंट आ चुकी है। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ला: डीएम से तो आप स्टेटमेंट दिलवाते हैं। आप मेरा टाइम मत लीजिए। डीएम तो वही कहेगा, जो सरकार कहेगी, लेकिन मां अन्नपूर्णा के बारे में मंदिर के मुख्य पुजारी का बयान आया है कि वहां कैसे बंद हो गया। मैं यहां वीडियो सबमिट कर दूंगा। यह देखना चाहिए। नड्डा जी अभी यहां पर नहीं हैं।

महोदय, स्वास्थ्य मंत्रालय को दस हज़ार करोड़ रुपये के करीब पैसा रिलीज किया गया। दस हज़ार करोड़ रुपये में स्वास्थ्य मंत्रालय क्या करेगा? जो चार परसेंट से भी नीचे हैं। इस देश में जो लोगों की स्थिति है - इतना लंबा-चौड़ा भाषण शिवराज जी ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के स्टाइल में दिया। हाथ हिलाकर, नृत्य करके, घूम-घूम कर, लेकिन क्या आप उसका हल निकाल

Contents Page

पा रहे हैं? वे आयुष्मान भारत के बारे में बोल रहे थे, तो आयुष्मान भारत का क्या हाल है? जैसे पहले दिन ही गरीब प्राइवेट हॉस्पिटल में जाता है, तो उससे पूछते हैं कि आयुष्मान कार्ड है। वह कहता है कि हां है, तो जैसे उनको पता चलता है, तो दो दिन में पांच लाख का बिल बना दिया।*

अभी शिवराज जी बोले कि 2014 से पहले तो कुछ नहीं था। न अस्पताल थे, न बिजली थी, न कुछ था। 2014 के बाद बिजली आई। उसके पहले देश में कुछ नहीं था। सिर्फ सड़क, जंगल और नदियां थीं, फिर जब 2014 में मोदी जी आए, तभी आपका घर बना होगा। तब ही आप लोगों के बच्चों को नौकरियां मिली होंगी। उससे पहले कुछ नहीं था। उस पर मत जाइए कि पहले क्या होता था? सब प्रधानमंत्रियों ने काम किया है, ऐसी भावना रखो। मोदी जी ने स्वयं अपने भाषण में कहा था कि मैं हर प्रधान मंत्री के योगदान की सराहना करता हूं। इसलिए उसी पर कायम रहो और ज्यादा खुश करने के चक्कर में मत पड़ो। वे खुश नहीं होते हैं, मैं भी उनको जानता हूं। इसलिए आप लोग बीच में टोका-टाकी मत करें। आयुष्मान भारत को इनको देखना पड़ेगा। हम मानते हैं कि योजना अच्छी है। सब जगह पैसा जाना चाहिए, लेकिन उसका भयानक दुरुपयोग हो रहा है। *जितने प्राइवेट हॉस्पिटल्स हैं, वे लोगों का जबरदस्त शोषण कर रहे हैं। तीसरी बात यह है कि पब्लिक हेल्थ पर क्या खर्च किया जा रहा है? आप देखिए पॉल्यूशन रिलेटेड बीमारियां हो रही हैं। आज हर जगह प्रदूषण का बहुत बड़ा संकट है और उसके नाम पर कुछ भी नहीं है। इन्होंने जो पैसा सेंक्शन किया था, उसके बारे में मैं बताता हूं। उसमें 1300 करोड़ रुपये दिये थे, उसको घटाकर उन्होंने 858 करोड़ रुपये कर दिया। जब 16 करोड़, 20 लाख यूटिलाइजेशन की बात आई, तो सिर्फ 14 परसेंट यूटिलालाइज़ हुआ है।

4.00 **P.M.**

राजधानी दिल्ली के लिए जो एनसीएपी का फंड दिया गया था, उसका भी बहुत कम खर्च हुआ है, जो कि सबसे बड़ा संकट है। आप न तो प्रदूषण रिलेटेड बीमारियों पर कुछ खर्च कर रहे हैं, न आयुष्मान भारत स्कीम सही चल रही है। दूसरी तरफ, जो नए आंकड़े हैं, उनके अनुसार कॉरपोरेट का प्रॉफिट 22.3 प्रतिशत हो गया, लेकिन रोजगार सिर्फ 1.5 प्रतिशत बढ़ा है, यह भी बड़ी चिंता की बात है। कॉरपोरेट का प्रॉफिट बढ़े, बड़ी-बड़ी कंपनियों का प्रॉफिट बढ़े, हम खुश हैं, हमें इससे कोई समस्या नहीं है। हम जितना विकसित होंगे, उतना अच्छा है, लेकिन नौकरियाँ भी उसी अनुपात में मिलनी चाहिए। नौकरियाँ मिल नहीं रही हैं, क्योंकि यह सिर्फ दस प्रतिशत लोगों तक सीमित हो गया है। दस प्रतिशत कॉरपोरेट हाउस, बड़े-बड़े घरानों के पास 58 परसेंट नेशनल इनकम है। यहाँ पर नरहरी अमीन जी बैठे हैं, वे तो यह जानते हैं, गुजरात से ही हैं। उनसे ज्यादा हम क्या बताएंगे? उन्हें सारी बातें पता हैं। जहाँ तक वेल्थ की बात है, तो दस प्रतिशत के पास 65 प्रतिशत संपत्ति है और बाकी में व्यापारी और उद्योगपति हैं। यह भी बहुत चिंताजनक आंकड़ा है, जिस पर वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना होगा।

* Not recorded.

Contents Page

श्री दीपक प्रकाश (झारखंड): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आज इस सदन में प्रस्तुत विनियोग विधेयक के पुरजोर समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं लगातार विपक्ष के सम्मानित सदस्यों के कई विषयों को गंभीरता से सुन रहा था। मेरे ध्यान में आया कि वे ग्लोबल क्राइसिस के नाम पर कलेजा फाड़-फाड़ कर विलाप कर रहे थे, ग्लोबल क्राइसिस के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे थे। वे घड़ियाली आंसू इसलिए बहा रहे थे कि भारत की अर्थव्यवस्था को कैसे कमजोर किया जाए। यह आपकी कोई पहली चाल नहीं है, इसके पहले भी आपने कोविड-19 के समय में, कोरोना के कालखंड में भ्रम पैदा करने का प्रयास किया था और आपने वैक्सीन को भी भगवा वैक्सीन बता कर देश की जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया था। लेकिन देश की जनता ने आपकी चाल, चरित्र और चेहरे को अच्छे ढंग से समझा है। मोदी जी देश के सामने आई हर चुनौती को अवसर में बदलने का काम करते हैं, यह भारत का सामर्थ्य है। इसीलिए यह जो क्राइसिस आया है, यशस्वी प्रधान मंत्री, मोदी जी उस क्राइसिस को भी अवसर में बदलने का काम करेंगे। इसीलिए तो कहा जाता है कि 'मोदी है तो मुमकिन है'।

महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह क्राइसिस का समय है, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था आज अच्छी, बेहतर और दुनिया के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करने वाली है। आज विदेशी मुद्रा का भंडार घट नहीं रहा है। इस संकट के समय में भी आज विदेशी मुद्रा के मामले में भारत दुनिया का चौथा देश बन चुका है। चीन, जर्मनी और स्विटजरलैंड के बाद भारत के पास सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा है। यह 717 अरब डॉलर है। इस क्राइसिस में यह इतिहास रचने का काम इस देश की सरकार ने, मोदी जी की सरकार ने किया है। मैं आपको 2014 का कालखंड भी याद दिलाना चाहता हूं। 2014 के कालखंड में आपने भी अपनी योजना के तहत विदेशी मुद्रा जमा की थी। वह कितनी थी? मात्र 317 अरब डॉलर और आज 700 अरब डॉलर से पार! इसलिए इस संकट और चुनौती को अवसर में बदलने का नाम नरेन्द्र मोदी जी हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारत के पास सामर्थ्य है और सही नेतृत्व है, इसीलिए भारत को इस संकट से उबरने से कोई रोक नहीं सकता है।

महोदया, यह जो बिल है, इसका उद्देश्य ग्लोबल अनिश्चितता के समय आर्थिक स्थिरता प्रदान करना है, घरेलू कल्याण की रक्षा करना है। इसके साथ ही, ग्रोथ की रफ्तार घटे नहीं, बल्कि ग्रोथ की रफ्तार और तेजी से बढ़े, यह इस बिल का मूल उद्देश्य है। देखिए, इस बिल के अंदर दूरदृष्टि और पक्का इरादा है। जब अचानक ग्लोबल इकोनॉमी का संकट आया, तो उसको झेलने की ताकत देने के लिए, उस अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए इसके अंदर 57,381 करोड़ प्रदान किया गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है। इस बिल के अंदर खेती, किसान, खाद की सुरक्षा और कैसे आम किसानों के पास बेहतर फर्टिलाइजर जाए, इसके लिए इसमें उल्लेख किया गया है। इस सप्लीमेंटरी मांग में ग्रामीण रोजगार पर भी अत्याधिक ध्यान दिया गया है। सड़क, हाईवे सेक्टर आम लोगों तक सुलभ रूप से पहुंचे, इसके लिए इसमें डिमांड रखी गयी है। रेलवे सेक्टर सर्वस्पर्शी हो, सर्वव्यापी हो और सर्वग्राही हो, इसके लिए इसमें प्रावधान किया गया है।

Contents Page

महोदया, देश की रक्षा के सवाल की चिंता करने वाला नाम मोदी सरकार है और उसके लिए रक्षा के सेक्टर को मजबूत करने के लिए इसमें प्रावधान किया गया है, इसमें राशि आवंटित की गई है। राज्यों को अधिक सहायता देकर, शोध क्षेत्र में, R&D में बेहतर शोध करके, भारत को विकसित देश बनाने का जो संकल्प है, वह इसके अंदर है। महोदय, एटॉमिक एनर्जी के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा कैसे प्रदान की जाए, इसके लिए इसमें मांग की गई है।

महोदया, अब भारत, एक 'नया भारत' है, 'आत्मनिर्भर भारत' है, 'स्वावलंबी भारत' है और 'समर्थ भारत' बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। यूपीए के समय में, 2014 के भारत की अर्थव्यवस्था मात्र 2 ट्रिलियन डॉलर की थी, लेकिन आज एनडीए के शासन में 3.7 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है। अगर जीडीपी की बात की जाए, तो आज हमारे जीडीपी का रेट 7 परसेंट से ऊपर है। आज हम कह सकते हैं कि यूपीआई के माध्यम से डिजिटल पेमेंट के मामले में हम दुनिया के अंदर सर्वश्रेष्ठ देश बने हुए हैं। दुनिया में डिजिटल पेमेंट का जो मामला है, उसका 40 प्रतिशत भाग भारतीयों के द्वारा किया जाता है। अगर कहा जाए, तो यूपीआई के माध्यम से प्रत्येक माह 10 से 12 अरब रुपये का ट्रांजेक्शन होता है। अगर एक साल की बात की जाए, तो 180 लाख करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन आज यूपीआई के माध्यम से होता है। यह है - भारतीयों की सामर्थ्य। इसमें हम लोगों को इस बात का विचार करना चाहिए।

महोदया, 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 91,000 किलोमीटर थे, लेकिन आज ये 1.46 लाख किलोमीटर हैं। वर्तमान में एम्स की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। आपके कालखंड में 7 एम्स थे, वहीं आज 22 एम्स बन चुके हैं। 2014 में एमबीबीएस के 54,000 छात्र थे, वहीं आज के समय में 1 लाख, 80 हजार एमबीबीएस के छात्र प्रधान मंत्री जी के सौजन्य से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रक्षा के क्षेत्र में देखें, तो यहां संजय सेठ जी बैठे हुए हैं, 2014 में रक्षा सामग्री निर्यात लगभग 686 करोड़ का था, वहीं आज भारत 21,000 करोड़ से अधिक की रक्षा सामग्री को निर्यात कर रहा है। आज दुनिया के अंदर अगर उत्पादन के क्षेत्र की बात की जाए, तो चाहे चावल हो, दूध हो या मसाला हो, उन चीजों के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ उत्पादनकर्ता के रूप में भारत उभरा है। साथ ही, दुनिया में यह दूसरे स्थान पर गेहूं का उत्पादक है। कभी किसी समय में हम अमेरिका से गेहूं का आयात करते थे, वहीं आज हम गेहूं का निर्यात कर रहे हैं। गेहूं के उत्पादन के क्षेत्र में, चीनी के उत्पादन के क्षेत्र में, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत आज दुनिया में दूसरा स्थान प्राप्त किये हुए है। अगर दुनिया के मछली उत्पादन की बात की जाए, बिजली उत्पादन की बात की जाए, स्टील इकोसिस्टम की बात की जाए, तो इनमें दुनिया के अंदर भारत का तीसरा स्थान है।

महोदया, अब मैं थोड़ा कांग्रेस के कालखंड की भी बात करूंगा। जब द्वितीय पंचवर्षीय योजना की बात करते हैं, तो हम लोग उसको महालनोबिस मॉडल के रूप में याद करते हैं। किस प्रकार से महालनोबिस योजना के तहत भारत के किसानों के साथ अन्याय करने का काम किया गया, कृषि के क्षेत्र में किसानों की आत्मा पर प्रहार करके, भारत के कृषि क्षेत्र में जितना बड़ा

Contents Page

आघात किया गया, वैसा आज तक दुनिया के किसी देश ने नहीं किया। किसान का जो कृषि का क्षेत्र था, उसके साथ अन्याय करने का काम सेकंड फिफ्थ-ईयर प्लान में हुआ था। पहले और क्या हुआ था? स्वामीनाथन कमिशन की रिपोर्ट को किसने ठंडे बस्ते में डालने का काम किया था - वह कांग्रेस थी। आज एमएसपी की बात करें, तो जब नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आई, तो किसानों को एमएसपी भी देने का काम किया गया। इसलिए आज हमारे कई मित्र, कॉम्युनिस्ट मित्र जो भारत की अर्थव्यवस्था का आलोचना कर रहे हैं, मैं उनको बताना चाहता हूं कि चाहे मार्क्स हो, लेनिन हो या हेगेल हो, आज उनकी बताई अर्थव्यवस्था पर न तो चीन चलता है, न ही रशिया चलता है। आज वहां भी लोग मिक्स्ड इकोनॉमी के आधार पर आगे बढ़ रहे हैं, चाइना भी आगे बढ़ रहा है। इसलिए उनको इस प्रकार की आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है।

5.00 **P.M.**

महोदया, अंत में, मैं दो-तीन विषयों पर बात करके अपनी वाणी को विराम दूँगा।

'हम वो नहीं, जो विरासत में कर्ज छोड़ जाए।
हम वो हैं, जो आने वाली पीढ़ी के लिए मजबूत नींव छोड़ जाए।'

महोदया, मैं एक और शेर कहना चाहता हूँ :

'नज़र बदली, तो नज़ारे बदल गए।
किश्ती ने रुख बदला, तो किनारे बदल गए।'

आज भारत ने अपना रुख बदल लिया है। अब हम पिछलग्गू नहीं, बल्कि विश्व मित्र की ओर अग्रसर हैं।...(**समय की घंटी**)... यह विनियोग विधेयक उस महान यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत आभार।

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Shri Haris Beeran.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Madam Vice-Chairperson, the circumstances have changed since the Budget. We have seen the West Asia crisis. We have not seen any specific allocation for the Non-Resident Indians who will be in danger; who will be facing the brunt of this crisis and who will be forced to return to our country. Now, we have seen a lot of buttering up of Prime Minister Modi *ji* over here, but no facts being told by the Treasury Benches. Let us see what the facts are. The facts are that 40 per cent of our remittances are from the Gulf countries. 45 per cent of our energy needs are from the Gulf area. Almost one crore of our citizens live there for their livelihood. If the situation persists, it would lead to a disaster and we will be hit very badly. Now, we have already seen the crises happening. LPG cylinder is short. We have seen the

Contents Page

restaurants being closed because of lack of LPG cylinders. Rs.60 have been increased per LPG cylinder, despite the fact that the Government is saying that there is no shortage of LPG cylinders. We have seen how the air operations are badly hit. People are stuck and stranded over there. They are in a state of panic. Now, Israel and the United States cannot help in any of these areas as far as we are concerned. Therefore, we should not surrender our sovereignty. Why are we being dictated by the other countries? We should not do that. I urge the hon. Finance Minister to consider making enough allocations to provide some support for these NRIs who work in the Gulf and who will be forced to return if the situation persists.

Secondly, there are a large number of taxpayers who have grievances which are not taken up by the Income Tax Department and are pending for years for resolution, particularly from senior citizens. Now, taxpayers are getting very bureaucratic replies from the Income Tax Department. I would request the hon. Finance Minister to direct the Income Tax Department to conduct quarterly Lok Adalats chaired by the Zonal Members of the CBDT in every State, so that the grievances are addressed. If the hon. Finance Minister is serious about resolving the taxpayers' grievance, she should monitor the performance of these CBDT members based on the grievance resolution he or she has been able to achieve.

Now, coming back to the Appropriation Bill, the Government has planned to spend Rs.1 lakh crore as capital and Rs.1 lakh crore as revenue for the Department of Agriculture and Farmers' Welfare. Yet, we see a tragic rise in farmer suicide. In Maharashtra alone, 781 farmers have committed suicide in the first nine months of 2025 due to bad debt and crop loss. I would like to ask the hon. Finance Minister: Where is the welfare reaching? Now, the Government has allocated Rs.22,600 crores for the Modified Interest Subvention Scheme. (*Time-bell*) Farmers in Kerala are still waiting for timely paddy procurement payments. Thousands of tonnes of foodgrains rot in FCI Warehouses every year due to inadequate storage. Yet, the capital allocation for storage and godowns remains a drop in the ocean compared to the needs.

In conclusion, the Appropriation Bill presents a ledger of missed opportunities and misplaced priorities, while the Government seeks to withdraw Rs. 2.81 lakh crore from the Consolidated Fund of India. The yawning gap between these massive allocations and the lived reality of our citizens remains unaddressed. Thank you.

Contents Page

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Shri Shambhu Sharan Patel.

श्री शंभू शरण पटेल (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया, आपने मुझे 'Appropriation Bill, 2026' पर अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार। महोदया, अनुदान माँगें केवल अतिरिक्त आँकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प की दिशा में उठाए गए ठोस और त्वरित कदम हैं। महोदया, इस अनुदान मांगों में जो राशि मांगी गई है, इसका उपयोग रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने, पीएमजीएसवाई और नाबार्ड जैसी संस्थाओं को और मजबूत करने, देश के अन्नदाता किसान भाई-बहनों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने, भारत माता के वीर सपूतों, यानी भारत के पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने तथा देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देते रहने में होगा, जिनके लिए हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है।

महोदया, Appropriation Bill पर जिस दिन से डिबेट शुरू हुई है, तब से सभी लोगों ने एलपीजी और कच्चे तेल की बात कही। माननीय विपक्ष के नेता ने भी इसके बारे में कहा। महोदया, आज पूरा विश्व कच्चे तेल और एलपीजी की समस्या से जूझ रहा है। हम सभी जानते हैं कि खाड़ी देशों में इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो अटैक किया है, उसकी वजह से कच्चे तेल और एलपीजी का यह संकट पूरी दुनिया में है। ऐसा नहीं है कि यह संकट सिर्फ भारत देश में आया है, फिर भी हमारी सरकार ने चीजों को बहुत ही सूझ-बूझ के साथ tackle किया है। महोदया, हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता 'nation first' की रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी हमेशा देशवासियों के हितों की रक्षा करना अपना पहला धर्म और दायित्व, दोनों समझते हैं।

महोदया, इस Appropriation Bill में मांगी गई राशि का इस्तेमाल वैश्विक चुनौतियों, सप्लाई चेन में होने वाले व्यवधानों और अप्रत्याशित संकटों, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता से मुकाबला करने और भारतीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने में किया जाएगा। बढ़ी हुई कच्चे तेल की कीमतों का असर देशवासियों पर नहीं होने दिया जाएगा, इसके लिए हमारी सरकार दृढ़संकल्पित है।

महोदया, कल विपक्ष के नेता आदरणीय खरगे साहब कह रहे थे कि पूरे हिंदुस्तान में एलपीजी की किल्लत है। मैं उनकी इस बात का पूरी तरह से खंडन करता हूँ। इस राज्य सभा में हम लगभग 245 सदस्य हैं। पक्ष या विपक्ष का कोई भी एक सदस्य बोल दे कि 17 दिनों से जो युद्ध चल रहा है, उसमें किसी को एलपीजी की समस्या की वजह से गोबर के कंडे या लकड़ी पर खाना बनाकर राज्य सभा में आना पड़ा हो - मुझे ऐसा नहीं लगता है। यह पूरी वैश्विक समस्या है। यह खुशखबरी उनको भी पता होगी, लेकिन मैं फिर भी बता दूँ कि भारत सरकार की विदेश नीति का यह प्रतिफल है कि कल शिवालिक जहाज और आज नंदा देवी जहाज, जो एलपीजी लेकर आ रहे हैं, ये दोनों जहाज आज गुजरात के बंदरगाह पर पहुंचने वाले हैं। तीसरा, जगलाडकी, जो कच्चा तेल लेकर आ रहा है ...(**व्यवधान**)... दीदी ने कहा, वह पहुंच गया है। इसलिए एलपीजी या कच्चे

Contents Page

तेल की कोई समस्या नहीं है। महोदया, आप देखेंगी कि ऑलमोस्ट पूरी दुनिया में कच्चे तेल की कीमत डबल हो गयी है, फिर भी भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल का प्राइस नहीं बढ़ाया है। यह हमारी नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

महोदया, अगर माननीय खरगे साहब अपनी सरकार के समय में जाएँ, तो कांग्रेस के शासनकाल में एलपीजी सिलेंडर सांसदों की रिकमेंडेशन पर मिलता था। जब वाजपेयी जी की सरकार आई, तो उन्होंने एलपीजी कनेक्शन को फ्री किया। जब 2014 में माननीय प्रधान मंत्री जी सरकार में आए, तो सुदूर गांवों में, चाहे वह हिमालय की तराई वाला गांव हो, पठार का मैदान हो या मैदानी भाग हो, आप किसी भी गरीब के घर में चले जाइए, आपको गैस सिलेंडर मिलेगा ही मिलेगा। यह जो समस्या है, यह कुछ दिनों की समस्या है, उस पर भी हमारी सरकार विजय प्राप्त कर लेगी।

महोदया, Strait of Hormuz एक वैश्विक संकट है। कल हमारे गुजरात के सम्माननीय सांसद, शक्तिसिंह गोहिल साहब ने गैस बनाने को लेकर एक कमेंट किया था। मैं उनकी स्मरण शक्ति को थोड़ा बढ़ा देता हूँ, हालांकि वे सीनियर हैं। कचरे से गैस बनायी जा सकती है, कचरे को ऊर्जा में तब्दील किया जा सकता है, renewable energy में ऐसा प्रावधान है, लेकिन विश्व में ऐसा कोई वैज्ञानिक नहीं मिला है, जो आलू से सोना बना दे। ऐसा आज तक किसी ने नहीं देखा है कि आलू से सोने को बनाया जा सकता है। कचरे से ऊर्जा का उत्सर्जन हो सकता है, लेकिन आलू से सोना नहीं बनाया जा सकता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी (राजस्थान): पटेल जी, एक मिनट।

श्री शंभू शरण पटेल: सर, मुझे बोलने दीजिए, मेरा बोलने का समय समाप्त हो रहा है। आप सीनियर मेम्बर हैं।

श्री प्रमोद तिवारी: ठीक है, इनके बाद मुझे मौका दे दीजिएगा।

श्री शंभू शरण पटेल: मैं अभी समाप्त नहीं कर रहा हूं। महोदया, हमारे मनोज कुमार झा जी, जो RJD के सांसद हैं, मैं भी उसी प्रदेश से आता हूँ। उन्होंने कहा कि बिहार में development के लिए investors क्यों नहीं आ रहे हैं। वह एक senior professor हैं, DU जैसे संस्थान में पढ़ाते हैं। अगर वे अपने 15 साल पीछे के कालखंड में, 2005 के पहले जाएँ, तो उन्हें पता चल जाएगा कि investors क्यों नहीं आ रहे थे। अब वर्तमान दौर में — 2005 से 2025, और 2026 आने वाला है — एक-दो कालखंड को छोड़ दिया जाए, तो भारतीय जनता पार्टी और जेडीयू की एनडीए सरकार बिहार में रही है। इन 20 वर्षों के कालखंड में बिहार में दो AIIMS बने। पटना, बिहटा, भागलपुर, पूर्णिया और दरभंगा जैसे शहरों में नए airport बने। वर्तमान में 5-5, 6-6 expressways बनाए गए, गंगा के ऊपर 17 नए bridge बनाए गए। बिहार में 5,000 bed का भारत का सबसे बड़ा PMCH अस्पताल बनाया जा रहा है। आज पूरे बिहार में लड़कियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है।

Contents Page

महोदया, मैं अपने विपक्ष की साथियों को बताना चाहता हूँ कि मखाना बोर्ड और कोसी नदी पर bridge बनाया गया। पहले उत्तर बिहार में बाढ़ से भारी त्रासदी होती थी, उसके लिए समाधान किया गया है। 50,000 एकड़ में पुनः हमारे किसान भाई अपनी फसल उगा सकें, उसके लिए हमारे किसान भाइयों को पिछले बजट में माननीय मोदी जी ने special package दिया था। जीविका दीदियों के लिए अतिरिक्त सहायता, बेटियों को मुफ्त शिक्षा, वंदे भारत ट्रेन और बिहार के लगभग 50 से अधिक railway stations का सौंदर्यकरण किया गया है। लीची, मखाना, जर्दालु आम, कतरनी चूड़ा को GI tag दिया गया। हर घर नल योजना लाई गई। बिहार के लगभग सभी गाँवों में 99.9 परसेंट विद्युतीकरण हो चुका है। पटना में जयप्रकाश नारायण जी के नाम पर हड्डी और न्यूरो का अस्पताल बनाया गया है। पटना एयरपोर्ट का हज़ारों करोड़ रुपये से सौंदर्यीकरण और विस्तार किया गया है। PMCH में beds का विस्तार हुआ है। IGIMS पटना, जो एक पुराना institute है, उसका भी विस्तार किया गया है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यूएसए, चीन और जर्मनी के बाद हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इस Appropriation Bill में हमारी सरकार — हम जो इतना expense कर रहे हैं, उसके बावजूद हमारी वित्त मंत्री जी ने राजकोषीय घाटे को 5.1 से घटाकर 4.5 के लक्ष्य की ओर ले जाने का लक्ष्य बरकरार रखा है।

महोदया, बिहार एक आकांक्षी राज्य है, जिसे प्रधान मंत्री जी ने "अविकसित" से "आकांक्षी राज्य" का दर्जा दिया है। ऐसे राज्यों के लिए NABARD, PMGSY में विशेष प्रावधान किए गए हैं। आज बिहार में हर जिले में स्कूल बन रहे हैं, हर जिले में hospital बन रहे हैं, हर block में degree college बनाए जा रहे हैं। महोदय, जो काम 50 वर्षों में नहीं हो पाए, वे काम हमारे नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने अपने 10—12 वर्षों के कार्यकाल में करके दिखाया है। जैसा कहा गया है:

"धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय,
माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय।"

आपने 50 वर्षों में जो कार्य नहीं किया, वह हमारे नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने 10—11 वर्षों में करने का काम किया है। महोदय, मेरा बोलने का समय समाप्त हो रहा है। मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूँ। जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम्।

श्री प्रमोद तिवारी: महोदया, हमारे सदस्य जो बोले हैं, अगर उसको गलत किया जाए ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): रूल नंबर बताइए?

श्री प्रमोद तिवारी: आप Rule 238 देख लें, सब में है। मैं आपको स्पष्ट कर दूँ कि शक्तिसिंह गोहिल जी ने यह कहा था कि नाली से गैस बनने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने जो कहा था, उसका उल्लेख किया था, कचरे से नहीं किया था। यह कचरे से बनती है, इससे हम भी सहमत हैं।

Contents Page

दूसरा, आपने नेता प्रतिपक्ष ...(**व्यवधान**)... हम तो आपके कहने पर बैठ जाएंगे, ...(**व्यवधान**)... आप बोल लीजिए...(**व्यवधान**)... हम यह भी बता देते हैं कि जो "आलू से सोना" बनने की बात है, वह कभी नहीं कही गई थी, वह नरेन्द्र मोदी जी ने नहीं कहा था...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): नेक्स्ट, श्रीमती महुआ माजी।

श्रीमती महुआ माजी (झारखंड): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एप्रोप्रिएशन बिल, 2026 पर चर्चा करते हुए सदन के सामने एक प्रश्न रखना चाहती हूँ कि क्या विनियोग वास्तव में संघीय न्याय को मजबूत करता है या फिर संसाधन देने वाले राज्यों के साथ आर्थिक असमानता को और गहरा करता है? मैं झारखंड से आती हूँ। वह एक ऐसा राज्य है, जहाँ देश का सबसे बड़ा कोयला भंडार है। लगभग 83 से 86 अरब टन कोयला का भंडार है, जो लौह अयस्क, बॉक्साइड, यूरेनियम तथा अन्य खनिजों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। दुख इस बात का है कि जो राज्य देश को इतने बड़े पैमाने पर ऊर्जा देता है, उसी झारखंड के लाखों लोग आज भी गरीबी, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं।

महोदय, झारखंड सरकार माननीय मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में सीमित संसाधनों के बावजूद महिलाओं, युवाओं और आदिवासी समाज के सशक्तीकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। 'मैया सम्मान योजना', 'फूलो झानो आशीर्वाद अभियान', 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना', 'पोटो हो खेल विकास योजना', 'गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना' ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रम और युवाओं के लिए कौशल एवं रोजगार योजनाएं शुरू की गई हैं, जिसके लिए अधिक फंड की जरूरत है, लेकिन केन्द्र सरकार, झारखंड सरकार की वैध मांगों को लगातार टाल रही है, उसे कर्ज में डूबो रही है। आज भी केन्द्र सरकार पर झारखंड का लाखों करोड़ों का बकाया है। लगभग 1 लाख, 1 हज़ार, 142 करोड़ रुपये भूमि मुआवजा, 32 हजार करोड़ कॉमन कॉज़ से सम्बंधित राशि और लगभग 2,500 करोड़ कोयला रॉयल्टी शामिल है।

महोदय, झारखंड सरकार कोई विशेष पैकेज नहीं मांग रही है। वह केवल अपना हक मांग रही है। झारखंड के खनिज संसाधनों पर उचित राजस्व हिस्सा मांग रही है। बंद खदानों की जमीन राज्य सरकार को वापस करने की मांग कर रही है। आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष वित्तीय सहायता की मांग कर रही है। रांची मेट्रो और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहयोग आदि की मांग कर रही है। झारखंड जैसे राज्यों को जीएसटी व्यवस्था से भी भारी नुकसान हुआ है। 2017 से अब तक राज्य को 16, 408 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और आने वाले वर्षों में यह नुकसान और बढ़ सकता है। झारखंड सरकार ने केन्द्र से जीएसटी घाटे की भरपाई के लिए प्रति वर्ष करीब 2000 करोड़ रुपये की सहायता की मांग भी की है। मैं सदन से पूछना चाहती हूँ कि क्या यही न्याय है? झारखंड देश को खनिज दे, झारखंड देश को ऊर्जा दे, लेकिन झारखंड के युवाओं को रोज़गार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़े। आज भी झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ और रोज़गार के लिए अधिक निवेश की आवश्यकता

Contents Page

है। झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों के कारण राज्य पर 13 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ पड़ा है, जिसे माफ करने की मांग भी की गई है।

महोदय, झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहाँ लगभग 26 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजातियों की है, लेकिन शिक्षा की स्थिति अभी भी चुनौतिपूर्ण है। झारखंड की साक्षरता दर लगभग 67 परसेंट है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। कई आदिवासी क्षेत्रों में स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों की भारी कमी को देखते हुए झारखंड सरकार ने सीएम एक्सीलेंस स्कूल आदि खोलने की पहल की है। मेडिकल इजीनियरिंग की तैयारी के लिए प्रतिभाशाली आदिवासी छात्र-छात्राओं को सरकारी मदद से कोचिंग कराई जा रही है, जिसमें महत्वपूर्ण संस्थानों से टीचर्स को बुलाया गया है। मरांग गोमके स्कॉलरशिप योजना के तहत विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में यहाँ के प्रतिभाशाली बच्चों को चुनकर पचास छात्रों को हर साल पढ़ाया जा रहा है। केन्द्र से झारखंड सरकार ने मांग की है कि नए केंद्रीय विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान स्थापित किए जाएं। झारखंड के आदवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत झारखंड को अधिक संसाधन दिए जाएं और राज्य में मेडिकल इंफास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए विशेष सहायता दी जाए। ...(समय की घंटी)... विशेषज्ञ डॉक्टर्स और ट्रेन्ड नर्सों की भारी कमी को दूर किया जाए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पोषण अभियान, आंगनवाड़ी सेवाओं और महिला सशक्तीकरण योजनाओं के लिए झारखंड को अधिक वित्तीय सहायता दी जाए।

SHRI SADANAND MHALU SHET TANAVADE (Goa): Thank you, Madam, for giving me the opportunity. I rise to support the Appropriation Bill, 2026, a document that is testament to the resilient and visionary economic stewardship of our hon. Finance Minister, Nirmala Sitharaman ji, and under the transformative leadership of our hon. Prime Minister, Narendra Modi ji. This Bill seeks to authorize appropriation of Rs. 2,81,289.26 crore from the Consolidated Fund of India for the financial year 2025-26 ensuring that momentum of India's development remains unstoppable. Madam, our commitment to the *Annadata* remains unwavering as we strive for an Atmanirbhar Bharat. While this Bill includes supplementary revenue and capital grants for the Department of Agriculture and Farmers Welfare, it builds upon a decade of success in schemes like PM-Kisan Samman Nidhi, PM Fasal Bima Yojana, PM Krishi Sinchayee Yojana, eNAM, PM-KUSUM, National Food Security Mission, Soil Health Card, etc.

Madam, this Bill authorizes capital funds for the Ministry of Power to ensure that our energy sector remains resilient and sustainable for generations to come. By empowering our farmers with technology and securing our power grids, we are ensuring that India's growth story is both equitable and unstoppable. The Indian

Contents Page

Railways has entered a golden age of modernization and connectivity under this Government. The transformative role of Vande Bharat Express has redefined passenger experience showcasing our engineering and technology skills. There is reduction in accidents. We can see track upgradation. The Indian Railways has achieved significant milestone with approximately 99.2 per cent of its broad gauge network electrified. This Appropriation Bill includes a capital allocation for the Ministry of Railways, reinforcing our commitment to building world-class infrastructure. We are connecting aspiration of our citizens through the Amrit Bharat Station scheme, which is transforming stations into world-class hub. This is the Modi era where dreams meet determination and our emphasis on electrification and safety ensures that every journey is secure and efficient.

Madam, Defence sector has received unparalleled focus, moving India from being a major arms importer to a nation that manufactures cutting-edge equipment. This Bill provides critical funding across our armed forces to ensure we remain at the forefront of military power globally. Specifically for Defence Services, a massive sum of Rs. 43,515.70 crore has been allocated to meet the operational needs of our brave men and women. Furthermore, Rs. 1,876.98 crore has been designated for capital outlay on Defence Services, ensuring our Army, Navy and Air Force are equipped with the most advanced technology and resources. We are also honouring our veterans with an allocation of Rs. 391.50 crore for Defence pension, ensuring their well-being is a fundamental pillar of our commitment.

Madam, a Viksit Bharat must also be a Swastha Bharat where our *Nari Shakti* leads the way. The Department of Health and Family Welfare has been allocated a significant sum of Rs. 10,721.89 crore in this Bill. This funding is essential for the continued success of the Ayushman Bharat Initiative, Mission Indradhanush, eSanjeevani, Jan Aushadhi, etc.

Madam, by deploying science and technology for the betterment of society, biotech and healthcare innovation, the Modi Government is reshaping the destiny of the nation. We are building a nation that is confident, resilient and ready to lead the world, ensuring that no Indian is left behind in our journey towards 2047.

Madam, the Department of School Education and Literacy has been provided a supplementary revenue allocation of Rs. 2 lakh crore to ensure that our educational framework remains dynamic and responsive to the needs of the youth. Major

Contents Page

decisions taken by PM Modi ji's Government after 2014 include the National Education Policy, institutional expansion, and establishment of 23 IITs, 20 IIMs and 22 Northeast Universities. Other initiatives include digital initiatives, research and innovation, and inclusive education. In this, we have seen 18 per cent increase in female gross enrollment ratio. There is *Beti Bachao, Beti Padhao* initiative. There are scholarships for the SC and ST students. Another area is skill development. This is the investment for architecture of Viksit Bharat by strengthening the foundation of literacy and schooling. The Government is ensuring that the benefits of digital technology and AI revolution are accessible to every child, regardless of the background, thereby turning the demographic dividend into the tangible reality for the coming century.

Madam, our progress is being achieved in harmony with nature as evidenced by the allocation of Rs. 16.55 crore for the Ministry of Environment, Forest and Climate Change in an era of global climate uncertainty where India has become a leader in sustainable development. These funds are critical for safeguarding our biodiversity and promoting eco-friendly practices. This allocation supports our strategic intervention in climate resilience and ensures that our infrastructure expands.

Madam, we do not compromise the environmental heritage that belongs to future generations. It reflects holistic approach where science makes progress with humility and responsibility towards the planet. This Bill underscores the commitment of our hon. Prime Minister to *Sabka Saath Sabka Vikas* through massive scale of transfer to States. The Government had transferred a staggering capital allocation of Rs. 4,354.01 crore specifically designated to empower State Governments. This heavy focus on capital transfer is a decisive step to ensure that the fruits of national growth reach every corner of the country, from the coastal stretch to my home State of Goa. (*Time-bell rings.*) Madam, with integrated technology through One Nation One Ration Card and Aadhaar-based verification, we brought unparalleled transparency in the Public Distribution System. This is not just welfare; it is a fundamental pillar. Madam, with this, I extend full and unwavering support to the Appropriation Bill, 2026 for a stronger, self-reliant and prosperous Bharat under the leadership of our hon. Prime Minister Narendra Modiji. Thank you.

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Now, Shri Masthan Rao Yadav Beedha.

Contents Page

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA (Andhra Pradesh): Madam, I rise to speak in support of the Appropriation Bill, 2026, placed before this august House. The total demand placed before the House stands at Rs. 2.81 lakh crore across 101 Demands. This moderation reflects better fiscal planning, prudent expenditure management, and stronger budgetary discipline by the Government.

Madam, the Government has adopted a saturation-based approach to welfare, ensuring that basic amenities reach every household. As a result, nearly 25 crore people have been lifted out of poverty in the last decade. The Government is also strengthening the backbone of our economy -- MSME sector. Targeted allocations and support through institutions such as SIDBI aim to bridge the credit gap for small enterprises that provide employment to over 11 crore citizens.

Agriculture continues to remain a key pillar of our economy. The Government has taken steps to ensure stable agricultural production and farmer welfare through financial transfers and improved input availability. Then, I come to importance of the Defence sector. A developed nation must also be a secure nation. An amount of Rs.1,876 crore for capital outlay of Defence strengthens India's defence preparedness and promotes indigenous defence manufacturing under the vision of *Atmanirbhar Bharat*. In this context, the Government of Andhra Pradesh has identified five Defence manufacturing hubs focusing on missile and ammunition, aircraft components, aerospace and defence electronics. To support this initiative, I request the Government of India to consider establishing a Defence Industrial Corridor in Andhra Pradesh, which would significantly strengthen domestic defence manufacturing and create employment opportunities. Further, Tirupati of Andhra Pradesh has been proposed as a research and development hub. I would request the Government of India to establish a DRDO Industry-Academia Centre of Excellence in Tirupati to promote research, innovation and industry collaboration.

Madam, I now come to strengthening railway infrastructure. My hometown, Bitragunta, in the Nellore District of Andhra Pradesh, has over 818 acres of railway land, offering immense potential for railway-linked production units, logistics hubs, freight terminals and industrial infrastructure. I request the Government of India to kindly depute a multidisciplinary team to undertake a techno-economic feasibility study for integrated development of the vacant land at Bitragunta, so that it can

Contents Page

emerge as a major railway logistics and industrial hub in Southern India. With this, I support this Bill. Thank you.

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Now, Shri Harsh Vardhan Shringla.

SHRI HARSH VARDHAN SHRINGLA (Nominated): Hon. Vice-Chairman, Madam, I thank you for giving me this opportunity to speak on the Appropriation Bill. I wish to begin by congratulating the hon. Prime Minister Narendra Modiji and the hon. Finance Minister Nirmala Sitharamanji on India's exceptional macroeconomic stewardship. In the year 2025-26, India's GDP grew at a rate of 7.6 per cent, making it the fastest growing large economy in the world. At a time, when the rest of the world is grappling with inflation, in the year 2025-26, India achieved an inflation rate of less than 2.5 per cent -- one of the lowest in our country and one of the lowest in the world. A combination of high growth and low inflation has contributed to strengthening our external balance. Our foreign exchange reserves are today at a record US $725 billion. This not only provides more than 11 months of import cover but also insulates us from the global shocks that we see in today's day and age. One of the areas that I also want to highlight is that our strengths is in the service sector. Service exports in India have risen to a figure of US $348 billion, which contributes 10 per cent of our economy. This is a prime example of how India's economy is transforming from a consumption-led to a high-value export-led growth. Madam Vice-Chairman, all of these achievements are an indication that India's economic stewardship, under the leadership of hon. Prime Minister Modi, has been among the best in the world today.

Now, when we come to the Appropriation Bill, 2026, this Bill seeks an authorisation of Rs 2,81,000 crores from the Consolidated Fund of India for the Financial Year 2025-26. Of the total amount, only Rs 2.01 lakh crores is net cash outgo, about Rs 902 crores is for recoupment of earlier Contingency Fund advances and roughly Rs 80,000 crores consists of technical supplementaries across 32 Grants. These technical supplementaries are not fresh debt in disguise. They are accounting adjustments enabled by internal savings, recoveries and reallocations within the fiscal system. This is an important parliamentary distinction. A Government that continues to review spending needs during the year, identifies savings, redeploys under-utilized resources, and still keeps the revised fiscal deficit at 4.4 per cent of GDP is demonstrating active fiscal management. If we break down the Appropriation

Contents Page

Demands, we will find that roughly Rs. 44,000 crores is being allocated for Fertilisers and Food, Rs. 45,000 crores for Defence, there is Rs 38,000 crores in total transfers to States under Vote, Rs 5,000 crores of transfers to Jammu and Kashmir and Rs. 17,000 crores of transfers for Road, Transport and Highways. When the allocation pattern is read together, the logic is plain — protect agriculture, protect food security, protect Defence readiness, continue infrastructure and preserve federal fiscal flows.

Madam Vice-Chairman, an additional Rs. 19,230 crores has been requested for fertilizer subsidy. This is a direct response to elevated international fertilizer prices driven by energy costs and supply disruptions. Without such an intervention, the burden would simply move from global commodity markets to the Indian farmers. The impact is visible in the stock position also. Domestic fertilizer stocks in April 2026 rose to 163 lakh metric tonnes compared to 128 lakh metric tonnes in the same period last year. This is a 26 per cent increase. This is not a minor administrative improvement. It materially strengthens preparedness ahead of the Rabi and Kharif crops. The Rs. 23,000 crore allocation for food also reinforces food security arrangements and supports continued availability of affordable grains under the public system. This shows the State carrying the shock so that cultivation costs and household food insecurity do not worsen simultaneously.

Madam, there was a comment on the fact that there has been no Appropriation for the Viksit Bharat- G RAM G. The Government, in fact, has provided for Rs 30,000 crore for National Employment Guarantee Scheme to clear the pending MGNREGA wage liabilities up to 31st March. I think, this is something that is in addition to the National Rural Livelihoods Mission, including Rs. 739 crore for Scheduled Castes, Rs 743 crore for Scheduled Tribes and Rs. 2,500 crore for other beneficiaries. *…(Time-bell rings.)…* The largest cash supplementary allocation is for defence, and here, of course, I think it is important to note that not only the allocation is for the Army, Navy and Air Force, but also for the ex-servicemen's defence health benefits.

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Now Shri Sanjay Raut.

श्री संजय राउत (महाराष्ट्र): वाइस चेयरमैन मैडम, यह जो विधेयक है, यह सरकार को लगभग 2.81 लाख करोड़ रुपये भारत की Consolidated Fund से खर्च करने की अनुमति देता है। तो

Contents Page

क्या यह जो पैसा है, यह 140 करोड़ लोगों के लिए खर्च होने जा रहा है या कुछ चुनिंदा लोगों के हिस्से में जा रहा है, उसका हिसाब मांगने का अधिकार इस सदन को है, जनता को भी है? यह जो चर्चा है, पूरी चर्चा LPG gas की shortage के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। यह बहुत चिंता का विषय है, एक गंभीर विषय है।

मैडम, वहां से बार-बार ये कहते हैं कि सब कुछ ठीक है, LPG gas की कोई shortage नहीं है, लेकिन आप बाहर जाकर देखिए कि वहां क्या परिस्थिति है। अगर आपको देखना है, तो आप काशी में जाइए। ...(**व्यवधान**)... हम तो ईरान जाएंगे, लेकिन आपको भी एक दिन वहां जाना पड़ेगा। ईरान की मेहरबानी से ही तो आपके दो जहाज छूटे हैं, यह मत भूलिए। ...(**व्यवधान**)... काशी में 35 साल से चल रही मां अन्नपूर्णा मंदिर की रसोई बंद हो गई है। ...(**व्यवधान**)... वहां 35 सालों से चल रही रसोई बंद हो गई है। वहां रोज 10-15 हजार श्रद्धालु लोग प्रसाद खाते थे, लेकिन गैस के सिलेंडर की शॉर्टेज की वजह से वह रसोई बंद हो गई है। ...(**व्यवधान**)... महाराष्ट्र के शिरडी में प्रसाद के दो लड्डू देते थे, लेकिन चूंकि अब गैस सिलेंडर नहीं है, तो वहां एक ही लड्डू देने लगे हैं और प्रसाद की जो थाली है, उसमें भी कटौती की गई है। ...(**व्यवधान**)... मुंबई में हर दिन 20 लाख वड़ा पाव बिकते थे। वहां ठेलों पर लगभग 20 लाख वड़ा पाव बिकते थे, लेकिन अब गैस की किल्लत की वजह से 5 लाख वड़ा पाव ही बिकने लगे हैं। मैडम, यह रोजगार का विषय है। हर ठेले वाला मंथली 10 हजार, 15 हजार या 20 हजार रुपया कमा लेता था। बात ऐसी है कि देश में गैस का भीषण संकट चल रहा है, लोग चिंता में हैं, लेकिन देश के प्रधान मंत्री चुनाव रैली में बिजी हैं। उनको इस वक्त दिल्ली में होना चाहिए था, उनको ऑल पार्टीज़ के साथ मीटिंग करनी चाहिए थी।

मैडम, अगर हम देश की अर्थव्यवस्था की बात करते हैं, तो हम हमेशा कहते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था अब सुपरपावर बनने जा रही है, चीन और अमेरिका के बाद सुपर पावर हम बनेंगे। लेकिन चीन और अमेरिका की जनता इस वक्त एलपीजी सिलेंडर के लिए कतार में खड़ी नहीं है, भारत की जनता खड़ी है। ...(**समय की घंटी**)... वहां भारत की जनता खड़ी है। भारत का रुपया लगातार कमजोर हो रहा है, महंगाई बढ़ रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, किसानों हालत गंभीर है। ...(**समय की घंटी**)... *इसका इन्वेस्टिगेशन हुआ है। ...(**व्यवधान**)... महाराष्ट्र की विधान सभा में चर्चा हुई है। ...(**व्यवधान**)... वहां आपकी सरकार है। ...(**व्यवधान**)...

संस्कृति मंत्री; तथा पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत): मैडम, ...(**व्यवधान**)... इसे authenticate करना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): संजय जी, authenticate कीजिए। ...(**व्यवधान**)... Your time is over. ...(*Interruptions*)... Now, Dr. V. Sivadasan.

* Not recorded.

Contents Page

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Respected Chair, the great son of our nation, Babasaheb Ambedkar, said on the 26th of January, 1950, "We are going to enter into a life of contradictions. In politics, we will have equality. In social and economic life, we will have inequality." After 75 years, what is the condition? In this period of BJP rule, according to Report on Inequality, the top 1 per cent of Indians now own more than 40 per cent of the country's total wealth, while the bottom 50 per cent together possess barely 3 per cent.

[THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA) *in the Chair.*]

The same Report notes that nearly three-fourths of the wealth created in recent years has gone to the richest one per cent. Research by economists such as Thomas Piketty also shows that the income share of the top in India is now around 22 per cent of national income. India is called the capital of inequality during the period of BJP rule. Inequality has been steadily increasing since the period of economic liberalization. According to the reports, around 63 million Indians fell into poverty every year due to healthcare expenses. If a person is admitted to a hospital, whether due to accident or any other reason, they are often charged more than lakhs of rupees for only one or two days. The Government claims that India has the best insurance scheme in the world. But, in Delhi itself, thousands of patients are on the pavement of the hospitals like AIIMS and their number is rising every year. How will the Government explain this, Sir? Extreme economic inequality is destroying our democracy. In India, now, the situation is very pathetic. The real income of common people is decreasing due to policies of the Government. The data shows that in 2024, personal income tax collection reached Rs.12.35 lakh crore, while corporate tax collection was only Rs.9.86 lakh crore. This is the tax collection, Sir. Over the last five years, personal tax collection has been growing, while corporate tax collection has been decreasing! Sir, today, millions of Indians are suffering due to LPG shortages—not the richest millionaires, but the poorest of the poor in India. They are being forced to buy just 1 kg. LPG for 300 rupees! One of the greatest martyrs of our nation, Bhagat Singh, clearly stated that the exploitation of man by man and of nation by nation must end. I request the Government to protect the interests of the people not the corporate houses. With these words, I conclude. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade.

Contents Page

डा. अजित माधवराव गोपछड़े (महाराष्ट्र): महोदय, मैं इस विधेयक के समर्थन में खड़ा हूँ। यह 2047 के विकसित भारत की नींव है। आज जब पूरी दुनिया युद्ध की ज्वाला में जल रही है, तब भारत की अर्थव्यवस्था एक ब्राइट स्पॉट बन कर चमक रही है। महोदय, कुछ लोग आज गैस की किल्लत की बात कर रहे हैं। उनको पता नहीं है कि अन्नपूर्णा की रसोई बनाने में लकड़ियों का यूज़ किया जाता है। यहाँ पर यह भी पता चलना चाहिए कि आजकल रमजान की इफ्तार पार्टियाँ भी चल रही हैं। मुझे यह भी बताना है कि जो लोग गैस की किल्लत की बात कर रहे थे, उन्होंने दशकों तक इस देश को कतारों में खड़ा रखा था। मुझे यूपीए की सरकार का वह अहंकार याद है, जब देश की जनता महँगाई से त्रस्त थी, तब कांग्रेस के नेता का बयान था कि 900 रुपए का सिलेंडर है, हर कोई अफोर्ड नहीं कर सकता, यानी एलपीजी मिडिल क्लास के लिए नहीं है।...(**व्यवधान**)... यह कांग्रेस की सोच थी। गैस अमीरों के लिए है, गरीब फिर से चूल्हे पर जाए - यह उनकी सोच थी।...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please, please.

डा. अजित माधवराव गोपछड़े: महोदय, यह संकेत दिया था कि एलपीजी आम आदमी या मध्यम वर्ग के लिए नहीं है। यह कांग्रेस की मानसिकता है। वे मध्यम वर्ग को तुच्छ समझते थे। वे मानते थे कि सुविधाएँ केवल एक खास परिवार के लिए हैं, उनके चहेतों के लिए हैं। ऐसी उनकी हालत थी।...(**व्यवधान**)... महोदय, मुझे इतिहास के वे पन्ने याद आते हैं, जब निराशा के भंवर में देश था। विपक्ष के मेरे साथी जब यहाँ खड़े होकर बातें करते हैं, तो मुझे हैरत होती है। उन्हें लगता है कि जनता भूल गई है। उनके लिए मैं बस यही कहना चाहता हूँ:

'वे मंजिलें भी खो गईं, वे रास्ते भी खो गए।
जो खुद को रहबर कहते थे, वे खुद ही सो गए।'

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं 2014 के पहले की याद दिलाना चाहता हूँ। उस समय भारत की गिनती fragile five अर्थव्यवस्थाओं में होती थी, बैंकों के बुरे कर्ज और नीतिगत अपंगता ने देश की कमर तोड़ दी थी और भ्रष्टाचार का कैंसर रग-रग में समाया हुआ था, लेकिन आज भारत दुनिया की आंखों में आंखें डालकर खड़ा है। हमारी नाम मात्र की जीडीपी आज 357.14 लाख करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े को छू रही है। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार 686 बिलियन डॉलर के पार है। यह कोई जादू नहीं है, यह मोदी सरकार की तपस्या है।

"हवाएँ लाख मुख़ालिफ हों, मगर हम डटे रहे,
जमीं पे अपनी हकीकत के नक्शे गढ़ते रहे।"

विपक्ष कहता है कि हमने क्या किया? हमने वह किया, जो वे 60 सालों में नहीं कर पाए। हमने 57,381.84 करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (ईएसएफ) बनाया है, ताकि जब दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ें या कोई वैश्विक संकट आए, तो भारतीय जनता की रसोई पर उसका कोई

Contents Page

असर न पड़े। हम भारत को वैश्विक वित्तीय ढांचे में एकीकृत कर रहे हैं। Sovereign Bond के जरिये 1,730 करोड़ जुटाकर हमने बुनियादी ढांचे की परियोजना को मजबूत किया है। विपक्षी साथियों की आदत है, पीठ दिखाकर भाग जाना। मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि जब आप सत्ता में थे, तब "गरीबी हटाओ" का नारा केवल नारों तक सीमित था, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। हमने पूर्ण संतृप्ति का अपना धर्म माना है, इसलिए आपके लिए मैं एक शेर बोलता हूँः

"चिराग हम भी जला सकते थे अंधेरों में,
मगर हमें तो सूरज को ही उगाना था।"

हमने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए। यह आंकड़ा नहीं है, करोड़ों महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की सुरक्षा का विषय है। जल जीवन मिशन के माध्यम से 13 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचाना किसी भागीरथ प्रयास से कम नहीं है। पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ पक्के घर बनाए गए हैं। डीबीटी के माध्यम से 43.45 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक के खातों में जा रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, अब बिचौलियों की दुकानें बंद हो गई हैं, इसलिए इनको दर्द हो रहा है और इसलिए ये अंधकार, संकट और अस्थिरता का वातावरण निर्माण कर रहे हैं। इसके लिए मैं उनसे यह कहना चाहता हूँः

"न कोई हाथ फैला है, न कोई हक़ मरा है,
यह मोदी का शासन है, जहां हर शख्स खड़ा है।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर हम अपने अन्नदाता किसान की बात करें, तो उनको भी हमने 14.27 लाख करोड़ रुपये का सीधा हस्तांतरण किया है। आज भू-राजनीतिक तनाव के बीच में भी भारत खाद्य की संपूर्ण सप्लाई पर आंच आने नहीं दे रहा है। आज भारत दुनिया का विश्व बंधु है, जो केवल अपना पेट नहीं भरता, बल्कि दुनिया के संकट के समय सारी दुनिया को अपना अनाज देता है। मैं अपने किसानों के प्रति बोलना चाहता हूँः

"मिट्टी की जो खुशबू किसान के पसीने में है,
असली देश की धड़कन उसी के सीने में है।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमको 10 मिनट का समय दिया गया था, अभी 6 मिनट ही हुए हैं। रिफॉर्म एक्सप्रेस बहुत तेजी से चल रही है। 350 से अधिक सुधार किए गए हैं। हमारा ईज़ ऑफ लिविंग और ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस भी बढ़ रहा है। एमएसएमई सेक्टर, जो देश की रीढ़ है, उसके प्रावधान भी हमने बढ़ा दिए हैं। हमारा डिजिटल इंडिया, सर्विसेज का पावर हाउस, हमारा यह सेवा निर्यात कई बिलियन डॉलर तक बढ़ गया है। हमारा देश अभी रियल टाइम भुगतान में जिस तरह से आगे दौड़ रहा है, उसके लिए मैं आखिर में यही कहना चाहता हूँः

Contents Page

"यह तरक्की की रफ्तार है, रुकने वाली नहीं,
यह नए भारत की ललकार है, झुकने वाली नहीं।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): श्रीमती धर्मशीला गुप्ता जी।

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (बिहार)**:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं विनियोग विधेयक, 2026 के पुरजोर समर्थन में खड़ी हूँ। आज हम अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा कर रहे हैं। मैं बहुत सरल शब्दों में कहना चाहती हूँ कि यह केवल अतिरिक्त धन देने का मामला नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार विकास की गति को किसी भी परिस्थिति में रुकने नहीं देना चाहती। यह मोदी की गारंटी है और यह मोदी का शासन है। जब किसी योजना में धन की आवश्यकता बढ़ जाती है या नई प्राथमिकताएं सामने आती हैं, तब अनुपूरक अनुदान के माध्यम से संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि जनता को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। लेकिन अफसोस है कि हमारे सामने विपक्ष के जो माननीय सांसद बैठे हैं, उनकी समझ से यह बात परे है। यह बजट केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि विकास की निरंतरता और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले एक दशक में देश ने जो परिवर्तन देखा है, वह ऐतिहासिक है। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में दिखाई पड़ता है। सड़क, रेल, हवाई अड्डे, डिजिटल सेवाएँ, गरीब कल्याण योजनाएँ, हर क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से हुआ है।

आज मोदी सरकार की स्पष्ट सोच है कि विकास केवल महानगरों तक सीमित न रहे, बल्कि गाँव, गरीब और पिछड़े राज्यों तक समान रूप से पहुँचे। लेकिन दुर्भाग्य है कि विपक्ष के कुछ साथियों को यह विकास दिखाई नहीं देता। शायद इसलिए कि वे अभी भी पुरानी राजनीति के चश्मे से नए भारत को देखना चाहते हैं। यह मोदी का भारत है — यह सशक्त भारत है और विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सरकार ने विशेष संवेदनशीलता दिखाई है। आज देश भर में 9 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जिन्हें बैंकों के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। पोषण अभियान, मिशन शक्ति और आंगनवाड़ी सुदृढ़ीकरण योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। आज गाँव की महिलाएँ बैंकिंग कर रही हैं, छोटे उद्यम चला रही हैं और आर्थिक निर्णयों में भागीदारी निभा रही हैं। जब नारी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती है, तभी समाज के विकास की वास्तविक तस्वीर सामने आती है। विपक्ष के कुछ माननीय सांसद कह रहे थे कि गैस नहीं मिलती है, सिलेंडर नहीं मिलता है। लेकिन मैं बताना चाहती हूँ कि जब यूपीए

Contents Page

की सरकार थी, कांग्रेस की सरकार थी, तब गाँव की महिलाओं और लोगों ने गैस का मुंह तक नहीं देखा था। वह केवल अमीर लोगों तक सीमित था, लेकिन आज माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में गाँव-गाँव, घर-घर में गैस सिलेंडर पहुँचा है। महिलाओं को स्वच्छ और सम्मानजनक रसोईघर मिला है, जिससे समय की बचत होती है और वे उस समय को अपने बच्चों और रोजगार में लगा रही हैं।

महोदय, मैं विशेष रूप से बिहार का उल्लेख करना चाहती हूँ। पिछले वर्षों में बिहार में बुनियादी ढाँचे का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई बढ़कर 6 हज़ार किलोमीटर से अधिक हो चुकी है। गंगा पर नए पुलों और सड़कों के निर्माण ने यात्रा को आसान बनाया है और व्यापार तथा आर्थिक गतिविधियों को गति दी है। पटना का मरीन ड्राइव आज बदलते हुए बिहार का प्रतीक बन चुका है। जहाँ कभी शाम के बाद सन्नाटा होता था, वहीं आज परिवार, युवा और महिलाएँ देर रात तक सुरक्षित वातावरण में घूमते दिखाई देते हैं। यह डबल इंजन की सरकार — मोदी जी और नीतीश जी — के नेतृत्व में संभव हो सका है। यह केवल एक सड़क नहीं है, बल्कि सुरक्षित और आत्मविश्वासी बिहार की पहचान है।

"जहाँ डर के साये थे कभी शाम ढलते ही,
आज वहाँ उम्मीदों के दिए जलते हैं रात भर।"

यह मोदी का परिवर्तन है। रेलवे और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व निवेश हो रहा है। रेलवे के लिए लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे नई रेल लाइनों, स्टेशन आधुनिकीकरण और कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। इससे बिहार सहित पूरे पूर्वी भारत में व्यापार और उद्योग को नई गति मिल रही है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ प्रमुख बजटीय प्रावधानों का भी उल्लेख करना चाहती हूं। रक्षा मंत्रालय में लगभग 7.8 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान हुआ है। राजकोषीय अनुशासन वैश्विक अनिश्चिंताओं और युद्ध के चलते एलपीजी क्राइसिस के बावजूद सरकार ने राजकीय घाटे के बावजूद भी हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और वित्तीय संरक्षण मिला है। ...(**समय की घंटी**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, please conclude.

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता: रेल मंत्रालय लगभग 2.5 लाख करोड़, कृषि एवं विज्ञान किसान मंत्रालय लगभग 1.5 लाख करोड़, स्वास्थ्य मंत्रालय लगभग 10 हजार करोड़। हमारी सरकार भारत को दुनिया का manufacturing hub बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you.

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता: सर, मैं लास्ट की दो लाइन पढ़कर खत्म करती हूं। भारत केवल विकास नहीं कर रहा है, बल्कि अवसरों का विस्तार भी कर रहा है। अंत में मैं यही कहना चाहूंगी कि यह अनुपूरक अनुदान केवल खर्च नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए निवेश है। गरीब की गरिमा में,

Contents Page

महिलाओं की सुरक्षा में, युवाओं के रोजगार में और बिहार सहित पूरे देश के उज्ज्वल भविष्य में हम इसी संकल्प और सहयोग के साथ आगे बढ़ें, यही मेरा निवेदन है, धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I will have to move on. Thank you. श्रीमान बंशीलाल गुर्जर जी।

श्री बंशीलाल गुर्जर (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मैं अनुदान पूरक मांगों पर चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। उसके लिए मैं अपनी पार्टी को धन्यवाद देता हूँ। वर्ष 2025-26 की पूरक अनुदानों पर जब हम चर्चा कर रहे हैं, तो इस समय विश्व में अनिश्चितता का वातावरण है और इस वातावरण से हमारी आंतरिक घरेलू कल्याणकारी व्यवस्थाएं प्रभावित न हो, आंतरिक घरेलू कल्याणकारी योजनाओं का सुचारू संचालन होता रहे, हमारे आम नागरिक प्रभावित न हो, यह सरकार की प्राथमिकता है और इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार काम कर रही है। साथ ही हमारी विकास की रफ्तार को बनाए रखना सरकार का लक्ष्य है। हमारी सरकार अपने नागरिकों, किसानों और आंतरिक व्यापार को प्रभावित नहीं होने देना चाहती और बाहरी आर्थिक दबावों से अपने आंतरिक व्यापार को बचाने का काम कर रही है।

महोदय, इस विषम परिस्थिति में भी सरकार अधिसंरचनाओं को मजबूत रखते हुए टेक्नोलॉजी और रक्षा व्यवस्थाओं को भी मजबूती प्रदान करने का काम कर रही है। इन अनुपूरक अनुदानों में एक मुख्य प्रावधान आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के लिए भी है, ताकि हमारी आर्थिक स्थिति स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय झटकों से निपटने के लिए भी सरकार ने राजकोषीय लचीलापन बनाए रखने के लिए 57 हजार 381 करोड़ रुपए का प्रावधान पूरक अनुदान मांगों में रखा है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी को इसके लिए धन्यवाद देता हूँ। मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण माहौल अनुकूल नहीं है, परंतु इस स्थिति में भी सरकार जीडीपी के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटा लक्ष्य को तोड़े बिना लक्षित राजकोषीय हस्तक्षेप के जरिए इन झटकों से निपटने में सरकार को मदद मिलेगी।

महोदय, खेती और खाद्य सुरक्षा को सहयोग के लिए अनुपूरक अनुदार मांगों के लिए सरकार ने अतिरिक्त 19 हजार 320 करोड़ रुपये दिए हैं, जिसमें पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के लिए 15 हज़ार करोड़ रुपये तथा यूरिया सब्सिडी के लिए 4,230 करोड़ रुपये इसमें शामिल हैं। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। खेती की लागत घटाने एवं किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए यूरिया की जो बोरी बाज़ार में 2,200 से 2,500 रुपये में मिलती है, वह केवल 242 से 266 रुपये में मिल रही है तथा इसी तरह डीएपी, जिसका बाज़ार मूल्य 4000 रुपये तक है, इसे मात्र 1,350 रुपये में किसानों को देने का काम सरकार कर रही है। इसलिए पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 1 लाख 97 हज़ार 420 करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी देने का काम सरकार ने किया है। सरकार लगातार किसानों के साथ खड़ी है। मैं प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

Contents Page

6.00 P.M.

महोदय, यहाँ मैं यह भी उल्लेख करना आवश्यक समझता हूँ कि पूरी दुनिया में रासायनिक खादों की कीमतें बढ़ी हुई हैं, परंतु हमारी सरकार बहुत कम दामों पर अपने किसानों को खाद उपलब्ध कराने का काम कर रही है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): माननीय सदस्य, एक मिनट रुकिये। Hon. Members, it is now 6 p.m. If the House agrees, we may sit beyond 6 p.m. till disposal of today's Listed Business. Do I have the leave of the House to extend the sitting beyond 6 p.m.?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I get the sense of the House that we will extend beyond 6 p.m. Hon. Member, please continue.

श्री बंशीलाल गुर्जर: महोदय, इसी तरह खाद्य और सार्वजनिक वितरण के लिए भी 23,642 करोड़ रुपए दिए हैं। इससे खाद्य सुरक्षा मजबूत बनी रहेगी व देश के 81 करोड़ नागरिकों को खाद्यान्न वितरण करने में आसानी होगी।

माननीय वित्त मंत्री महोदया ने ग्रामीण आजीविका और रोजगार पर ध्यान देते हुए मनरेगा के लिए अतिरिक्त 30,000 करोड़ दिए हैं। इनसे मनरेगा के अधूरे कामों को पूरा किया जा सकेगा। यहाँ यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि वीबी - जी राम जी के लिए भी इस बजट में 95,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिससे जरूरतमंद ग्रामीण मजदूरों को रोजगार दिया जा सके, साथ ही स्थायी अधोसंरचनाएँ भी विकसित की जा सकें। यह रोजगार पाने वालों की आमदनी में मदद करेगा और गाँव की मांग और आपूर्ति को बनाए रखेगा। पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को अनुपूरक अनुदानों पर आवंटन में 4,000 करोड़ के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को और सहायता दी जाती रहेगी।

इस मिशन में अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए 739 करोड़ रुपए, अनुसूचित जनजाति के लिए 743 करोड़ रुपए और अन्य लाभार्थियों के लिए 2,517 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। इससे स्वयं सहायता समूह एवं सामुदाय आधारित आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। अधोसंरचनात्मक विकास के लिए अनुपूरक मांगों में 17,647 करोड़ रुपए का पूंजीगत आवंटन किया गया है। इससे हमारे देश की सड़कों के विकास की गति बनी रहेगी।

इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के माध्यम से मुद्रीकरण के लिए 18,837 करोड़ रुपए, डीएपीएसटी ढांचे के तहत आदिवासी क्षेत्रों में सड़क परियोजनाओं के लिए 3,000 करोड़ रुपए और उत्तर-पूर्वी राज्यों की सड़कों के लिए 1,000 करोड़ रुपए शामिल हैं। हमारी सड़कें बेहतर हों,

Contents Page

तो परिवहन खर्च कम होगा, वस्तुएं समय पर पहुँचेंगी, जिसका लाभ व्यापार को भी होगा और उपभोक्ताओं को भी सस्ता सामान मिलेगा। सड़कों का बेहतरीन विकास नए रास्ते खोलेगा। ...(**समय की घंटी**)... महोदय,मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने सभी वर्गों को लाभ देने के लिए और इस विषम परिस्थिति में भी सरकार मजबूती के साथ अपने आर्थिक ढाँचे को बेहतर बनाए रखे, उसके लिए कई प्रावधान किए हैं। मैं उन सब के लिए उनको धन्यवाद देता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, Dr. Anil Sukhdeorao Bonde.

DR. ANIL SUKHDEORAO BONDE (Maharashtra): [&]Thank you, hon.Deputy Chairman Sir. I rise today to speak in support of the Appropriation Bill, 2026. March 19 marks Chaitra Pratipada, the Hindu New Year. In Maharashtra, it is celebrated as Gudi Padwa. In the land of Chhatrapati Shivaji Maharaj, a saffron Gudi is hoisted atop every home to welcome the new year. Chhatrapati Shivaji Maharaj is deeply revered in Maharashtra; he is beyond comparison. However, it is unfortunate that the President of the Maharashtra Congress compared Chhatrapati Shivaji Maharaj with Tipu Sultan, an act that was strongly rejected by the people. Just yesterday, an MLA from the Nationalist Congress Party made an objectionable remark about Chhatrapati Shivaji Maharaj on the floor of the Legislative Assembly and was compelled to apologise. The public is now demanding his suspension. History teaches us that any ruler who governs in accordance with the principles of Shiv-Niti, the governance philosophy of Chhatrapati Shivaji Maharaj, emerges as a successful leader. I would like to state that, without making a direct comparison, our Prime Minister Shri Narendra Modi, follows similar principles of governance. He himself has often acknowledged that he draws inspiration from the life, conduct, and administrative acumen of Chhatrapati Shivaji Maharaj.

Chhatrapati Shivaji Maharaj was a leader of extraordinary courage and intelligence. His daring escape from captivity in Agra is a testament to his strategic brilliance. Today, this governance principles, this Shiv-Niti, is famous worldwide as Modi Policy. In a similar spirit, India's policy today reflects a vision of friendship with all nations and enemity with none. Through this Appropriation Bill, which provides for the financial requirements of 2025—26 and 2026—27, the Modi Government has taken important steps to strengthen our armed forces. A strong military is essential for a

[&] English translation of the original speech delivered in Marathi.

Contents Page

strong nation and for ensuring national security. In this context, I would like to recall the oath taken by Chhatrapati Shivaji Maharaj along with his young Mavla warriors at the fort of Rohideshwara. Many of these warriors were only 15 to 17 years old. Shivaji Maharaj himself captured his first fort, Torna, at the age of 16 years.

Similarly, Sir, the Modi Government introduced the Agnipath scheme with the objective of reducing the average age profile of the armed forces, which was approximately 30 to 32 years. Under this scheme, young individuals who have completed Class 10 and meet physical standards can join as 'Agniveers'. Within four years, they are trained into disciplined and skilled soldiers. As per available information, around 1.75 lakh Agniveers have been inducted into the Army, Air Force, and Navy, including both men and women. Out of the total Agniveers, 25 per cent will be absorbed into the regular forces. The remaining personnel will not be left without opportunities, they will find employment in organisations such as the CISF, CAPFs, and State Police forces. Their training and discipline will also support entrepreneurial pursuits, thereby creating a pool of capable and disciplined youth for the nation. In this way, a civilian force of 75 thousand people shall be created. This scheme has been adopted by many nations throughout the world. In times of internal challenges, such trained individuals can contribute significantly to maintaining stability and security. It is encouraging that internal security is now being given importance equal to external security.

Referring to the 1962 war, Brigadier John Dalvi's book 'Himalayan Blunder' highlights the lack of preparedness at that time. Pandit Jawaharlal Nehru ji was a dreamer. He believed in Indo-China brotherhood. Therefore there was inadequate infrastructure, and our soldiers lacked essential equipment and Indian army had to face the Chinese army in such situations. That insult and defeat has been described in 'Himalayan Blunder'. Today, efforts have been made to ensure that such a situation is never repeated. Border infrastructure has been strengthened through initiatives like the 'Vibrant Villages Programme'. Our defence preparedness has significantly improved, including the induction of advanced fighter aircrafts like Rafale. Someone mentioned that the future warfare shall be with missiles and drones. Indigenous missile systems such as Agni and BrahMos further enhance our capabilities. Sir, a dedicated funding mechanism has also been established to ensure that the armed forces have timely access to resources, particularly for research and development. Institutions like DRDO are contributing innovative solutions. For example, the use of

Contents Page

Sea Buckthorn, a plant rich in Vitamin C found in Ladakh, helps improve the health and endurance of soldiers deployed in high-altitude regions. Adequate financial allocations have been made in this Bill to ensure that India's defence sector continues to progress and remains among the best in the world.

Turning to the agricultural sector, I would like to highlight the continued support provided under the PM Kisan Samman Nidhi scheme. Recently, the 23rd instalment was released from Guwahati, benefiting about 9 crore farmers through direct benefit transfer. That is, 46 thousand rupees have been credited to every farmer's account. This provides crucial support, especially to small and marginal farmers. I would also like to draw attention to irrigation initiatives. The concept of river interlinking has been discussed for many years. I remember Shri Manohar Parrikar ji and Suresh Prabhu ji. During this Government's tenure, the Ken-Betwa River Interlinking Project has received financial support. In Maharashtra, projects like Gosikhurd have been implemented, particularly benefiting the Vidarbha region. The proposed Wainganga-Painganga River Interlinking Project, with an estimated cost of Rs. 90,000 crore, has received approval at the State level. Once cleared by the Central Government, it has the potential to transform regions like Marathwada and Vidarbha, which have faced a prolonged agricultural distress and farmer suicides. Another important concept is that of 'Per Drop, More Crop', mentioned by Pandit Deendayal Upadhyay. The Government has placed strong emphasis on micro-irrigation. Since 2014, significant progress has been made, and around 100 Lakh hectares have been brought under micro-irrigation.

Sir, with regard to this Appropriation Bill, it is important to plan ahead. Preparations are being made to ensure the availability of essential fertilizers like urea and DAP for the upcoming Kharif season. While organic farming is being encouraged, chemical fertilizers continue to play a role in ensuring food security. The farmers receive Rs. 10,000 every year to encourage the use of chemical fertilizers. These are also essential to satisfy the hunger of the world as well as India. The use of Chemical Fertilizers must be balanced to maintain soil health, for which, Soil Health Cards are being used. Financial support is also being provided to promote sustainable agricultural practices. These measures collectively contribute towards building a self-reliant and developed India. With these words, I extend my full support to the Appropriation Bill, 2026 and conclude my speech. Jai Hind! Jai Bharat!

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shrimati Darshana Singh.

श्रीमती दर्शना सिंह (उत्तर प्रदेश): महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विनियोग विधेयक, 2026 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करती हूँ। महोदय, यह बिल केवल सरकार के खर्च का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की दिशा, मोदी जी की सरकार की प्राथमिकताओं और आम जन के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। महोदय, आचार्य कौटिल्य ने कहा था कि राज्य की समृद्धि तभी संभव है, जब शासन व्यवस्था सुदृढ़ हो, अर्थव्यवस्था स्थिर हो और संसाधनों का उपयोग जन कल्याण के लिए किया जाए। आज जब हम इस विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं, तो वही विचार मोदी जी की सरकार की नीतियों में दिख रहा है। महोदय, 'विकसित भारत, 2047' का जो लक्ष्य रखा गया है, वह केवल एक नारा नहीं है, बल्कि देश को आगे ले जाने की एक ठोस योजना है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज देश में विकास और जनकल्याण साथ-साथ आगे बढ़ते दिख रहे हैं।

महोदय, पिछले कुछ वर्षो में भारत की अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती के साथ आगे बढ़ने का काम किया है, वह पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण बन चुकी है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। हमारी नाम मात्र की जीडीपी लगभग 357 लाख करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है और देश के पास विशाल विदेशी मुद्रा भंडार भी है, जो यह दर्शाता है कि भारत की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है।

महोदय, जब हम ग्रामीण भारत की बात करते हैं, तो यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि आज गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कई दशक पहले तक, जब कांग्रेस की सरकार दशकों तक रही, तब गांव के गरीब लोगों की बुनियादी समस्याओं पर उतना ध्यान नहीं दिया, जितना ध्यान देना चाहिए था। उस समय करोड़ों गरीब परिवारों के पास रहने के लिए पक्के घर नहीं थे, लोग झोपड़ियों में रहने के लिए मजबूर थे। जब माता-पिता मजदूरी करने बाहर जाते थे, तो उनके मन में यह चिंता रहती थी कि इस भीषण गर्मी, बरसात या सर्दी में घर पर उनके जो छोटे-छोटे बच्चे हैं, वे कैसे रह रहे होंगे, क्योंकि जब बरसात होती थी, तो बरसात का पानी कच्चे मकान में टपकता था, गर्मी में लू लगती थी और सर्दी में ठंड लगती थी। ऐसे में एक गरीब परिवार का ऐसे घर में रहना कितना मुश्किल और कितना दुखकर था। लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने गरीब के इस दर्द को समझा और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के घर देने का काम किया।

महोदय, मैं बड़े दुःख के साथ कह रही हूं कि गांवों में शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी कांग्रेस सरकारों के समय में नहीं थीं। महिलाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था। एक महिला होने के नाते, मैं इस दर्द को अच्छी तरह से समझ सकती हूँ कि कई बार महिलाओं को अंधेरा होने का इंतजार करना पड़ता था कि कब अंधेरा हो और वे शौच के लिए बाहर जाएं। कभी-

Contents Page

कभी तो ऐसा होता था कि अगर कोई गाड़ी वहां से गुजर रही होती थी और उसकी लाइट उन पर पड़ती थी, तो उनको बड़ी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता था और जो गाड़ी में बैठा होता था, वह भी नजरें झुका कर वहां से जाता था। यह केवल एक परेशानी नहीं थी, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सम्मान से जुड़ा हुआ एक बहुत बड़ा विषय था। इतने वर्षों तक कांग्रेस की सरकारों ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया, जब देश में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, तब गरीबों और महिलाओं के जीवन को बदलने का वास्तविक काम शुरू हुआ। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि देश की किसी भी महिला को अब खुले में शौच के लिए बाहर जाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। इसके लिए उन्होंने 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत देश भर में लगभग 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनवाए।

महोदय, 'जल जीवन मिशन' के माध्यम से भी गांवों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। पहले महिलाओं को पानी लाने के लिए बाहर कई-कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था और वे अपने सिर पर घड़े रखकर पानी लेकर आती थी, लेकिन आज लगभग 13 करोड़ घरों में नल से स्वच्छ जल पहुंच रहा है। इससे महिलाओं का समय भी बच रहा है और उनके जीवन की जो परेशानियां थीं, वे दूर हुई हैं। महोदय, यह बदलाव केवल योजनाओं का नहीं, बल्कि सोच का है। जो काम दशकों तक नहीं हो पाये, वे काम आज हमारे माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत और संवेदनशील तरीके से हो रहे हैं।

महोदय, मोदी जी की सरकार की सबसे बड़ी बात यह है कि योजनाओं का लाभ लोगों तक सीधे पहुंच रहा है, यानी कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए पहुंच रहा है। इसके जरिए लगभग 43 लाख करोड़ से अधिक की राशि डायरेक्ट लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है, जिससे बिचौलिया की भूमिका खत्म हुई है और भ्रष्टाचार भी कम हुआ है। जिससे गरीबों को उनका हक सही तरीके से मिल रहा है।

महोदय, आज भारत डिजिटल क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हमारा डिजिटल भुगतान तंत्र पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। यूपीआई के माध्यम से हर महीने अरबों डिजिटल लेन-देन हो रहे हैं और यह व्यवस्था आम लोगों के जीवन को बेहद आसान बना रही है।

महोदय, जब हम किसान भाइयों के जीवन को देखते हैं, तो यह पाते हैं और हम सबने देखा है कि जब कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तब किसानों को खाद के लिए घंटों लाइन में लगना होता था, फिर भी पर्याप्त मात्रा में उन्हें खाद और यूरिया नहीं मिलते थे। लंबी लाइन लगानी होती थी और कभी-कभी तो इसके लिए उन्हें पुलिस की लाठियाँ भी खानी पड़ती थीं, लेकिन आज हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में किसानों के लिए बड़े पैमाने पर खाद, बीज और सिंचाई जैसी सुविधाएँ पहले से बेहतर मिल रही हैं और किसानों को 'किसान सम्मान निधि' मिल रही है। सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुँच रहा है और इसी का परिणाम है कि आज भारत चावल के उत्पादन में दुनिया में नंबर वन बन चुका है।

Contents Page

महोदय, राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने मजबूत और स्पष्ट नीति अपनाई है। देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रक्षा के क्षेत्र में लगातार निवेश बढ़ाया गया है। साथ ही, पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह सरकार देश की सुरक्षा के साथ-साथ उन लोगों का भी सम्मान करती है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।

महोदय, उद्योगों के लिए आसान वातावरण बनाने के उद्देश्य से अनेक सुधार किए गए हैं। इससे ' Ease of Doing Business' में सुधार हुआ है और आज भारत निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। महोदय, यदि हम कुछ वर्षों पहले के समय को याद करें, तो यह स्पष्ट दिखाई देता है कि उस समय देश की स्थिति बिल्कुल अलग थी। लंबे समय तक कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आए। नीति निर्माण में स्पष्टता का अभाव था और निर्णय लेने में देरी होती थी। इसके कारण देश कमजोर स्थिति में था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज निर्णायक कार्य और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से देश को एक नई दिशा दी गई है। आज भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है और दुनिया भारत की आर्थिक रणनीति को पहचान रही है।

महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से 2012 की एक घटना याद दिलाना चाहती हूँ। मैं सभी को सुन रही थी। हमारे विपक्ष के लोग कुछ कह रहे थे। मुझे 2012 की एक घटना याद आ रही है। कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेत्री, जो आज इस सदन की माननीय सदस्या भी हैं; जब कांग्रेस सरकार के समय में सिलेंडर का दाम 900 रुपए हुआ, तो उनसे पूछा गया था, तब उन्होंने कहा था कि क्या आप गैस के सिलेंडर का दाम 900 रुपए नहीं दे सकते? क्या गरीब एलपीजी यूज़ करते हैं? मतलब, कांग्रेस के समय में एक गरीब परिवार एलपीजी यूज़ करने की सोच भी नहीं सकता था। इस तरह से कांग्रेस पार्टी की सरकार ने, यूपीए सरकार ने गरीब और अमीर की खाई को चौड़ा करके रखा था, लेकिन हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने जिस तरह से एक गरीब परिवार को, एक महिला के दर्द को समझते हुए आज 'उज्ज्वला योजना' के द्वारा घर-घर में गैस का सिलेंडर पहुँचाने का काम किया है।...(**समय की घंटी**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude.

श्रीमती दर्शना सिंह: महोदय, मैं यह कहना चाहती हूँ कि आज सरकार ने गरीबों के कल्याण, किसानों की समृद्धि और युवाओं को रोजगार, देश की आर्थिक मजबूती और महिला सशक्तीकरण को ध्यान में रख कर नीतियाँ बनाईं हैं।

महोदय, अतः मैं इस विनियोग विधेयक का पूर्ण समर्थन करती हूँ और मुझे पूरा विश्वास है कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने 'विकसित भारत 2047' का जो संकल्प लिया है, उसमें निश्चित तौर पर, ये जो सरकार के निर्णय हैं, ये निर्णय उस विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में पूरी मदद करेंगे, बहुत-बहुत धन्यवाद।

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara.

श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा (गुजरात): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज मैं इस सदन में विनियोग विधेयक, 2026 के समर्थन में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए खड़ी हुई हूँ। महोदय, यह बिल केवल वित्तीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि भारत के विकास, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण मजबूत दस्तावेज है।

महोदय, हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले दशक में भारत ने जल, थल और नभ के विकास में नए-नए आयाम प्रस्थापित किए हैं। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। देश की आर्थिक स्थिरता, पारदर्शिता और समावेशी विकास हमारी मोदी सरकार की मुख्य पहचान बन गई है। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य "सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास" के मंत्र को साकार करना, सार्थक करना है। इस सिलसिले में सबसे पहले मैं गरीब कल्याण के विषय में बात करना चाहती हूँ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना" के माध्यम से देश में लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। यह योजना विश्व की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा के रूप में जानी जाती है। इस योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को मुश्किल समय में बड़ी राहत मिल रही है। दूसरा महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है - महिला सशक्तीकरण। "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" के माध्यम से हमारे देश की 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को एलपीजी कनेक्शंस मिल रहे हैं, जिसके कारण धुआंमुक्त रसोई और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य मिल रहा है। "प्रधानमंत्री जन-धन योजना" के माध्यम से 34 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुले हैं, जिनमें बड़ी संख्या में हमारी महिलाएं हैं। इस कारण हमारी महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता भी मिल रही है।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, किसान कल्याण के लिए भी हमारी सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" के माध्यम से आज 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधी आर्थिक सहायता मिल रही है। आज तक लाखों-करोड़ों रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर हुए हैं। यह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, यानी डीबीटी सरकार की प्रणाली की पारदर्शिता का एक उत्तम उदाहरण और मोदी सरकार की सिद्धि है।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारे देश के युवाओं को रोजगार देने के लिए, उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी मोदी सरकार लाखों-करोड़ों रुपये का निवेश कर रही है। इसके लिए आज अनेक योजनाएं कार्यरत हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के मामले में भी देश ने अद्भुत प्रगति की है। पिछले वर्षों में हजारों किलोमीटर नए-नए हाईवेज़ बने हैं, अनेक पुलों का निर्माण भी हुआ है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ वंदे भारत ट्रेनें हमारी भारत की नई प्रगति का प्रतीक बनी हैं। हमारे देश की हवाई यात्रा को अधिक सुलभ बनाने के लिए "उड़ान

Contents Page

योजना" के माध्यम से छोटे-छोटे शहरों को भी एक कनेक्टिविटी मिल रही है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारे देशवासियों की व्यावसायिक सेवाओं को भी हमारे प्रधान मंत्री जी बखूबी निभा रहे हैं और इसके लिए आज कई योजनाएँ कार्यरत हैं।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अंत में मैं यह कहना चाहती हूँ कि Appropriation Bill, 2026 केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह हमारे देश के 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह बिल विकसित भारत के उस मार्ग को प्रशस्त करता है, जहाँ अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति को भी विकास का फल प्राप्त हो।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारे प्रधान मंत्री मोदी जी की सरकार reform, perform और transform के मंत्र पर चलते हुए देश को 5 trillion dollar की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर है। माननीय मोदी सरकार ने चुनौतियों को अवसर में बदला है। आज मैं ज़रूर कहूँगी कि भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि विश्व गुरु बनने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस विधेयक का समर्थन करते हुए मैं सभी सदस्यों से आग्रह करती हूँ कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में इस विधेयक का पूर्ण समर्थन करें, ताकि विकास की यह गति निर्बाध रूप से आगे जारी रहे।

अंत में, हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी और हमारी महिलाओं का गौरव, आदरणीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देते हुए मैं यह कहना चाहूँगी कि विपक्ष प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए हमारे देश को कितनी भी गालियां दे, हमारे प्रधान मंत्री की कितनी भी बदनामी करे, लेकिन मैं यह ज़रूर कहूँगी कि — "मोदी है तो मुमकिन है।" मोदी मुश्किलों को भी अवसरों में बदलते हैं। इसी के साथ, पुनः इस विधेयक का समर्थन करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देती हूँ, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Dr. Bhim Singh

डा. भीम सिंह (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, बजट, जिसे संविधान में वार्षिक वित्त विवरण कहा गया है, वर्ष 2025–26 की second supplementary and that is related to Appropriation Bill, 2026 पर सदन चर्चा कर रहा है। आपने मुझे इस पर बोलने का अवसर दिया, पार्टी ने अवसर दिया, मैं दोनों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

महोदय, यह Supplementary Demand क्या है, यह Supplementary Demand क्यों लाई जाती है और यह Supplementary Demand कब लाई जाती है — क्या इसकी चर्चा संविधान में की गई है? यदि इन प्रश्नों के उत्तर देखें, तो मूल रूप से जो वार्षिक वित्त विवरण प्रस्तुत किया जाता है, उसमें यदि किसी सेवा या योजना में कमी हो जाए, कोई नई योजना शुरू की जाए या ऐसी कोई योजना हो, जिसका प्रावधान तो किया गया, लेकिन राशि का प्रावधान किसी कारणवश नहीं किया गया, तो ऐसी स्थिति में यह अनुपूरक मांग प्रस्तुत की जाती है। इस

Contents Page

अनुपूरक मांग के माध्यम से सरकार अपने विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। संविधान के अनुच्छेद 115, खंड (1), उपखंड (क) में इसका विस्तार से वर्णन है कि सरकार इसे प्रस्तुत करे और सदन की सहमति से इसे पारित कर भारत के संचित कोष से निकासी करके अपनी विकास योजनाओं पर खर्च करे।

हमारी सरकार ने यही कार्य किया है। हमारी सरकार एक बड़ी राशि का यह supplementary budget लाई है। यह राशि 28 खरब, 12 अरब, 89 करोड़, 26 लाख रुपये है। हमारी सरकार ने इतना विस्तृत अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया है। क्यों किया? इसलिए कि हमारी सरकार विकास के कार्यों को और भी गति देना चाहती हैं। अब जो टोटल खर्च है, इसमें net cash outgo – यह जो खर्च है, इसका अगर ब्रेकअप किया जाए, तो इसमें तीन तरह के प्रावधान होते हैं। पहला, net cash outgo है, जो कि सचमुच में हम संचित निधि से खर्च करेंगे। वह 20 खरब, 11 अरब, 42 करोड़, 96 लाख रुपये है। बाकी 80 हजार, 145 करोड़ रुपये हैं, वे तकनीकी अनुपूरक हैं, सप्लीमेंट्री अनुपूरक हैं। अब यह सप्लीमेंट्री अनुपूरक क्या है? सप्लीमेंट्री टेक्निकल अनुपूरक में हम संचित निधि से नया पैसा नहीं ले रहे हैं, बल्कि एक हेड से दूसरे हेड में ट्रांसफर कर रहे हैं। यह है टेक्निकल सप्लीमेंट्री। हमने 59 लाख रुपये टोकन सप्लीमेंट्री का भी प्रावधान किया है। यह टोकन सप्लीमेंट्री क्या है? हम apprehend करते हैं कि कोई ऐसे भी खर्च हो सकते हैं, जिसको भविष्य में खर्च करने की। जरूरत हो, लेकिन अगर प्रावधान नहीं हो, तो हम अप्रोप्रिएशन कर सकें। हमारी सरकार जो सेकंड सप्लीमेंट्री और तत्संबंधी विनियोग विधेयक लाई है, उसका हम समर्थन करने के लिए खड़े हैं। तहेदिल से हम इसका समर्थन करते हैं।

महोदय, इस अनुपूरक बजट के माध्यम से सरकार अपने कई विभागों को कॉमन अनुदान मांगों पर अपनी मांग प्रस्तुत की है। अगर उन मांगों की चर्चा करने लगूं, तो उतना तो समय नहीं है। दस मिनट का ही समय है, तो मैं थोड़ा-थोड़ा संक्षेप में अपनी बात को रखना चाहूँगा। जैसे कि मोदी सरकार के एजेंडा में किसान, गरीब और गांव सबसे पहले है। मैं किसान की बात से ही बात अपनी रखना शुरू करता हूं। उर्वरक विभाग के तहत 19 हजार, 230 करोड़ रुपए की इसमें अनुपूरक मांग की जा रही है। यह क्यों किया जा रहा है? पहले उर्वरक की स्थिति क्या थी? यह जो यूपीए की सरकार थी, उसमें किसानों को समय पर खाद नहीं मिलती थी। अगर सप्लाई भी होती थी, तो काला बाजारी में चली जाती थी और सब्सिडी भी नहीं दी जाती थी। अगर दी जाती थी, तो वह भी काफी कम होता था। 2013-14 जब इनका अंतिम बार जो बजट पेश हुआ था, उसमें उन्होंने अधिकतम 70 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। प्रति बोरा, जो सब्सिडी दी जाती थी, प्रति सैक, वह मात्र 600-700 रुपये होता था। हमारी सरकार जब सत्ता में आई है, तब हमने इस काला बाजारी को रोका है, हमने लीकेज को रोका है और लीकेज को रोकने के लिए हमने नीम कोटेड यूरिया का प्रावधान मार्केट में भेजने का काम किया है। इस तरह किसानों को सही समय पर, सही दाम पर यूरिया का प्रावधान हो इसके लिए हमारी सरकार ने जो पहले से प्रावधान किया, उसमें हम 19 हज़ार, 230 करोड़ रुपये का और इजाफा कर रहे हैं। हमारी सरकार हरेक बोरे पर 1900 से लेकर 2000 हजार रुपये तक का हमारी सरकार सब्सिडी देने का भी काम कर

Contents Page

रही है। यह अच्छा काम है। इसके लिए प्रावधान किया गया है। हम दूसरे विभाग पर आते हैं - खाद्य और सार्वजनिक वितरण। सार्वजनिक वितरण की व्यवस्था भी काफी खराब थी। हमारी सरकार, हमारे प्रधान मंत्री मोदी जी का दिल दया से भरा हुआ है। जब कोविड का संकट आया, जब गांव के गरीबों को काम का संकट हुआ, उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की और उस गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करा रहे हैं। इतना ही नहीं जो राशन से जो राशन कार्ड पर राशन सप्लाई होता है। उसमें भी पहले लिखा था। इतना ही नहीं, राशन कार्ड पर जो राशन सप्लाई होता है, पहले उसमें भी लीकेज था। फर्जी राशन कार्ड बने हुए थे और फर्जी राशन से राशन जनता को नहीं मिलता था, बल्कि उसे बिचौलिये खा जाते थे। इन सारे लीकेजेज़ को रोकने का काम मोदी जी की सरकार ने किया है।

महोदय, हम वन नेशन, वन राशन कार्ड लेकर आए हैं। मैं बिहार से हूँ। बिहार की पीड़ा है कि हमारे काफी लोग खेती-मजदूरी के लिए प्रवास करते हैं। जब वे एक जगह से दूसरी जगह जाते थे और उनके पास गाँव का राशन कार्ड होता था, जैसे कोई व्यक्ति जिला अरवल, बिहार के किसी गाँव का है और वह मुंबई में काम कर रहा है, ऐसे में उसे राशन नहीं मिलता था। मोदी जी की सरकार ने यह प्रबंध किया कि अब उसी राशन कार्ड पर हमारा कोई मजदूर भाई मुंबई में भी राशन ले सकता है। इन सारे कामों के लिए इस अनुपूरक बजट में 23,641 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया।

महोदय, अगर हम तीसरे मुद्दे पर आएं, तो लगता है कि एक मिनट ही बचा है। महोदय, हम तीसरे मुद्दे पर आते हैं। हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विकेंद्रीकरण नीति और डा. राम मनोहर लोहिया के चौखम्भा राज के सिद्धांतों पर चलने वाली सरकार है। हम विकेंद्रीकरण को आत्मसात करते हैं, इसलिए हम चाहते हैं कि देश में जो पंचायती राज व्यवस्था है, वह मजबूत हो और इस पंचायती राज व्यवस्था को अंतरण करने के लिए, मनी ट्रांसफर करने के लिए हम राज्यों को ट्रांसफर कर रहे हैं। पहले भारत सरकार से पंचायतों के लिए, लोकल बजट के लिए जो पैसा ट्रांसफर होता था, वह राज्यों में ही रह जाता था, राज्यों की राजधानियों में ही सिमट जाता था। हमारी मोदी जी की सरकार ने सीधे पंचायतों को पैसा ट्रांसफर करने के लिए इस अनुपूरक बजट में 38,585 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इस कारण से भी यह अनुपूरक बजट लाया गया है।

अब हम ग्रामीण विकास की बात करते हैं। ग्रामीण विकास की बहुत चर्चा हुई। हमारे मंत्री जी ने भी इसका जवाब दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी ग्रामीण विकास और मजदूरों के रोजगार के लिए जो प्रावधान थे, उनमें कमी पूरी करने के लिए, यानी कि जो मनरेगा कार्यक्रम है या ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से विकास की गति होनी है, उसके लिए हमारी सरकार ने 34,000 करोड़ रुपए इस अनुपूरक बजट में प्रदान करने का काम किया।

अगर हम सड़क परिवहन और राजमार्ग की बात करें, तो सड़क परिवहन और राजमार्ग हमारी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि को मोदी जी की सरकार ने चरम पर

Contents Page

पहुँचाया है। इसका प्रारम्भ माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में हुआ था और उसे चरम पर पहुंचाने का काम हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के शासन में हुआ है। अभी काँग्रेस के नेता बिहार में सड़क यात्रा कर रहे थे, उन्हें कहीं ठेस भी नहीं लगी। अगर बिहार में उसी राष्ट्रीय जनता दल का शासन होता, तो उनके पैरों में ठेले पड़ जाते, लेकिन मक्खन की तरह चकाचक सड़कों पर काँग्रेसी नेता घूमते रहे। उन्हें कोई भी परेशानी नहीं हुई। इन सारे कामों को करने के लिए भी हमारी सरकार ने इसमें 17,647 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। पहले की सरकारों में कभी भूमि अधिग्रहण, कभी पर्यावरण की समस्या, पर्यावरण क्लीयरेंस के कारण प्रोजेक्ट अटके रहते थे, लेकिन हमारी सरकार इन सारी बाधाओं को दूर करके निर्माण में गति लाई गई है। आज हाईवे के निर्माण की जो गति है, वह 28 से लेकर 37 किलोमीटर प्रतिदिन है।

महोदय, देश की रक्षा हमारी सेना के जवान करते हैं। हम सेना को सैल्यूट करते हैं। हमारी सरकार की प्राथमिकता में सेना के जवान हैं। यदि गांव का किसान हमारी प्राथमिकता में है, तो सरहद पर चौकी पर बैठा हुआ जवान भी हमारी प्राथमिकता में है। पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना और आत्म आत्मनिर्भर भारत के तहत पहले क्या होता था? इनके शासन में सेना में गोला-बारूद की कमी थी, पनडुब्बी, जहाजों की कमी थी, पोतों पर जहाज नहीं थे और सिर्फ 10 दिन का गोला-बारूद बचा था। यह हम नहीं कहते हैं, मोदी जी की सरकार नहीं कहती है, यह कैग की रिपोर्ट कहती है। हमारी सरकार ने इन कमियों को दूर किया है और आत्मनिर्भर भारत द्वारा आज सेना के साजो-सामान में हम लगभग आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। इस कार्य के लिए भी हमारी सरकार को पैसे की और आवश्यकता है। पहले की तुलना में हमने 45,392 करोड़ रुपये का प्रावधान इस अनुपूरक बजट के माध्यम से करने का काम किया है।

अब मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के बारे में कहना चाहूंगा। अभी प्रश्न काल में एक माननीय सदस्य, धोलकिया जी का एक प्रश्न था कि सभी के लिए सर्वसुलभ स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु बीमा होना चाहिए। सरकार ने इसका जवाब दिया और बहुत अच्छा जवाब दिया। हम सरकार को धन्यवाद देते हैं कि 100 परसेंट हेल्थ सिक्योरिटी के लिए, हेल्थ इंश्योरेंस के लिए सबसे बड़ी योजना 'आयुष्मान भारत' लाने का काम किया है। ...(**समय की घंटी**)... आज देश के 40 प्रतिशत लोग इस हेल्थ बीमा से कवर हो गए हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. ...*(Interruptions)*... He is concluding. I have asked him to conclude. ...*(Interruptions)*...Please conclude. ...*(Interruptions)*...

डा. भीम सिंह: यह सरकार इस योजना को और आगे बढ़ाना चाहती है। हम एम्स पर बना रहे हैं। हर एक राज्य बना रहा है। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. माननीय सदस्य, कन्क्लूड करें।

डा. भीम सिंह: इसके लिए भी फंड का व्यवस्था है। इसीलिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि के तहत हम इसमें पैसे का प्रबंध कर रहे हैं। इसमें भी 10 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. माननीय सदस्य, कन्क्लूड करें।

डा. भीम सिंह: हमारी सरकार सब कुछ कर रही है। दाएं, बाएं, ऊपर, नीचे, सभी तरफ विकास की गंगा बहा रही है। हमारी सरकार ने अनुपूरक बजट पेश किया है ...(**समय की घंटी**)... हम इसका जोरदार समर्थन करते हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now Shri Ram Chander Jangra.

श्री रामचंद्र जांगड़ा (हरियाणा): मान्यवर, आपने इस Appropriation Bill, 2026 पर बोलने का मौका देने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री जयराम रमेश: सर, मंत्री जी का जवाब आज है या कल है? यह सब टाइम पास हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... मंत्री जी को बुलाइए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): She is here.

श्री रामचंद्र जांगड़ा: सर, अप्रोप्रिएशन बिल के ऊपर सदन में जो चर्चा होती है, इसमें मुख्य रूप से यही देखना होता है ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**डा. सस्मित पात्रा**): प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... माननीय जांगड़ा जी, आप बोलिए।

श्री रामचंद्र जांगड़ा: ये जो अनुदान मांगें हैं, जो धन सरकार से लिया जा रहा है, उस धन का प्रयोग कैसे होगा, किन-किन विषयों के ऊपर होगा और राष्ट्र के लिए वे कितने हितकारी होंगे, इसके ऊपर सारी चर्चा होती है। जैसा शुक्ला जी बोल रहे थे कि चर्चा के बाद विधेयक हमें लौटाना ही होता है और यह एक आम प्रक्रिया है, लेकिन सारी मांगों का मूल उद्देश्य क्या है, यह सारी चर्चा सदन के अंदर होती है और वह काफी हो भी चुकी है। मैं उन विषयों के ऊपर दोबारा नहीं कहना चाहता। मेरे बोलने से पूर्व जितने भी हमारे माननीय सांसद बोले हैं, उन सभी ने आंकड़े रखे हैं।

मान्यवर, मैं कुछ इतिहास की बात करना चाहता हूं। यह देश सोने की चिड़िया रहा है। देश में गौरी आए, गजनी आए, लाखों टन सोना-चांदी भी लूटकर ले गए, परंतु फिर भी यह देश सोने की चिड़िया बना रहा। लेकिन अंग्रेजी कालखंड में जो देश का शोषण हुआ और जिस तरह से देश

Contents Page

को लूटा गया, 1947 में आजादी तक देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से अंग्रेजों ने निचोड़ लिया। सवाल यह पैदा होता है कि आजादी के बाद कैसी योजनाएं बननी चाहिए थीं, ताकि देश दोबारा सोने की चिड़िया बन जाए? मान्यवर, अगर हम देश की भौगोलिक स्थिति देखेंगे, तो दुनिया में कोई भी देश ऐसा नहीं है, जिसके पूरे उत्तरी ध्रुव की तरफ पर्वतीय श्रृंखला हो और दक्षिण में समुद्र हो। पर्वतों से बर्फ पिघल कर वहां से बर्फ का पानी

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

आते-आते और पूरे देश को सींचता हुआ दक्षिण में समुद्रों में चला जाता है। ऐसी भौगोलिक स्थिति दुनिया में किसी देश की नहीं है, जो भारतवर्ष की है। मान्यवर, मैं और कितने समय तक बोल सकता हूं?

श्री उपसभापति: आप जितनी जल्द कंक्लूड कर सकें, कर दें, बल्कि कंक्लूडिंग लाइन हो, तो और बेहतर है।

श्री रामचंद्र जांगड़ा: मान्यवर, अभी 7 मिनट बाकी दिख रहे हैं, क्या मैं बोल लूं?

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं। आप जितनी जल्द खत्म करें, कर दें, यह मेरा अनुरोध होगा।

श्री रामचंद्र जांगड़ा: ठीक है। मान्यवर, मैं इस बात का उल्लेख कर रहा था कि देश में आजादी के बाद नवाचार के ऊपर क्या होना चाहिए था; मूल रूप से देश का जो एग्रीकल्चर है, जिसको हम कृषि कहते हैं, उसके ऊपर क्या होना चाहिए था; शिक्षा के ऊपर क्या होना चाहिए था। जब हम वे सारी चीजें देखेंगे, जब हम इतिहास की पूरी समीक्षा करेंगे, तो कई बार हम देखते हैं कि दो बोरी सीमेंट लेने के लिए भी बीडीओ ऑफिस से एक परमिट लेना पड़ता था। अगर वह व्यवस्था इस देश में चलती रहती, तो क्या देश में इतनी बड़ी मेट्रो, इतना बड़ा नेटवर्क, इतने बड़े पुल, इतना बड़ा कुछ बन पाता?

मान्यवर, गैस सिलिंडरों के बारे में बड़ी चर्चा हो रही थी। हमने देखा है कि जब कांग्रेस का काल था, तो घर में बूढ़ी औरत थोड़ी यूं दिखाई दे, तो लोग समझते थे कि इसको फुर्सत है और कहते थे कि मां, आज सिलिंडर की पर्ची कटवा लेना, सिलिंडर खत्म हो रहा है। वह लाइन ऐसे चलती थी कि मेन खिड़की से दो पर्चियां कटती थीं, तो पीछे ब्लैक की चार पर्चियां कटती थीं। धीरे-धीरे, धीरे-धीरे वह लाइन ऐसी चलती थी, जैसे पुराने जमाने में लड़कियां फेरों के समय धीरे-धीरे चलती थीं। जब तक बेचारी बुढ़िया खिड़की तक पहुंचती थी, तब तक शटर डाउन हो जाता था। वह कहता था कि ताई, आज तो खत्म हो गया, आप फिर आ जाना। हमारे देश के अंदर यह स्थिति थी! उज्ज्वला योजना और अन्य योजनाओ में 17 करोड़ कनेक्शंस देने के बाद भी अब यह थोड़ी सी समस्या इस बार के संकट की वजह से आई है, वरना आप टेलीफोन करिए और घर में सिलिंडर उपलब्ध है। कांग्रेस के समय ब्लैक होता था और कांग्रेस के जाते ही सब कुछ खुल गया। यह व्यवस्था कैसे हुई!

Contents Page

मान्यवर, चूंकि समय कम है, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि तमाम सदस्यों ने अनुदान मांगों के ऊपर, इस एप्रोप्रिएशन बिल के ऊपर अपना समर्थन दिया है, तो मैं भी इसका समर्थन करते हुए अपनी बात को विराम देता हूं, धन्यवाद।

श्री उपसभापति: बहुत-बहुत धन्यवाद, माननीय जांगड़ा जी। Now, hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman to reply to the discussion.

THE MINISTER OF FINANCE; AND THE MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, thank you very much. The discussion on the Supplementary Demands for Grants has been going on since yesterday. A lot of Members have spoken more on the Budget *per se*, which will come into effect from 1st April 2026, and I think, less on the Supplementary Demands for Grants. Therefore, without spending much time on points which are already answered in my Budget reply, I will focus on those points on which many Members have spoken on Supplementary Demands. This has been extensively debated in the Lok Sabha; and here too, Members have raised a few questions on it. So, I will focus largely on that, except, of course, highlighting the features of this current Supplementary Demands, which is the second one for this year. It involves 61 Grants and a gross expenditure of about Rs. 2.81 lakhs through all three - cash, technical and token supplementaries. I will not go into very specific details of those. I would like to highlight that we have given Rs. 57,381.84 crores for the Economic Stabilization Fund. And then, for Defence Services, about Rs. 41,430 crores has been provided, essentially because we are paying the spectrum charges, which will, in any way, come back to the Consolidated Fund of India. And, for the Ex-servicemen Contributory Health Scheme, we are giving Rs. 6,140 crores, which will benefit ex-servicemen in their health requirements. Sir, transfer to States is the other Head, on which I would like to draw the attention of the hon. Members. Under this Head, Rs. 37,886 crores as recommended by the 15th Finance Commission, are being given to local bodies as grants after meeting conditions by the State Governments and UTs with legislature. They can be election-related or health-related, SASCI and also for the back-to-back loans.

Contents Page

Sir, subsidy on fertilizers is Rs. 19,230 crores. I want to draw the attention of the hon. House towards this amount because this is to meet additional requirements coming up due to unforeseen circumstances. This amount is sanctioned for meeting any exigencies that may arise, particularly getting ready for importing fertilizer for the coming Rabi season. For the current Kharif season, we are well equipped. We have enough of fertilizer. But, from now onwards, they start bidding globally and procuring for the winter, i.e., November, December onwards. For the coming winter, we have sanctioned the amount in advance.

Sir, Rs. 5000 crores is being given to Jammu and Kashmir as central assistance to meet their developmental requirements.

MSMEs always have a problem of sufficient credit. So, through, SIDBI, we are giving Rs. 3,000 crores to MSMEs, so that MSMEs do not suffer for want of credit. The last point I would like to highlight is a token supplementary which is being given. A sum of Rs. 30,000 crores is being made available to the Employment Guarantee Fun--MGNREGA--for all the earlier dues. It is being provided now. From 1st April, the Viksit Bharat- G RAM G will get Rs. 95,000 crores. It was announced at the time of passing of that Bill itself. So, States which have had dues under MGNREGA— Members were questioning whether this money will be available--this money is being provided.

Sir, now, I will be referring to hon. Members who questioned or asked their concerns on the developing situation. I like to highlight the fact that India's economy today stands at a position of strength. We are able to look after unforeseen circumstances. I would say a word on how it has been managed because it is important for us to understand. Since COVID, India's macroeconomic performance has remained relatively strong and stable. Every year comes up with newer problems and we have managed the economy, so that there are no severe shocks domestically. We faced COVID, then supply chain disruptions, Russia-Ukraine war, global inflation surge due to stimulus given rampantly, debt crisis emerged, particularly, in the emerging markets, trade wars, de-globalization trends, climate shocks, etc. Despite all that, we are able to maintain balance within our economy and now the Middle-East crisis has also come up with newer challenges.

मैं सभी मेंम्बर्स के लिए यह बात बोलना चाहती हूं कि जब माननीय प्रधान मंत्री जी ने सभी segments में 'आत्मनिर्भर भारत' का विषय उठाया, तो policies भी ऐसी plan कीं कि क्यों न

Contents Page

हम अपनी basic necessities का उत्पादन भारत में ही करें। इसके प्रभाव के कारण, we are able to stand up and meet crisis-like situation in some segments of our economy. While I go further, I would expand it a bit more. The position of Indian economy is what gives us the strength to meet these unforeseen problems. Together with this, the Central Government's capital outlay has increased 4.2 times from Rs. 2.63 lakh crores in 2017-18 to Rs. 12.20 lakh crores in 26-27.

7.00 **P.M.**

As a result, the pickup in the economy is happening because the Government is very clear that we are going to get the benefit of the multiplier effect when we spend money on capital expenditure. So, we have kept that spending absolutely going upwards and that has really shown benefits for the Indian economy to sustain the growth momentum.

Sir, a lot of Members spoke about the LPG crisis. How are we managing it? Are we doing anything at all to manage it? The Petroleum and Natural Gas Minister has already spoken about it; I do not want to elaborate on it. But, just to reassure everyone, nearly 65 per cent of all our LPG is imported, and overwhelmingly the majority of it —90 per cent of that 60 per cent — comes through the Strait of Hormuz. As a result, there are speculations about whether we will get it or not. But, there are enough reports in the public domain on how we are ensuring a steady flow even in these turbulent times. However, we are not just depending on getting a steady flow even in troubled waters. The way in which we have built our power sector today stands as a very big support for us, because *Atmanirbhar Bharat* and self-sufficiency in energy through our power sector are actually playing out in many different ways to support us. The installed generation capacity has more than doubled since 2014, and there are no energy shortages now. You may wonder why I am talking about LPG and bringing up this point. It is important for us to understand, Sir, that similarly, even in the energy and LPG sector, we have been building up capacities. Even at this time, the way in which we have ramped up domestic capacity in LPG is also coming to our help now. On 8th March 2026, just two weeks ago, the Government directed refineries and petrochemical complexes to maximize LPG production by diverting propane, butane, and propylene streams to the LPG pool. As a result, domestically also, we are ramping up capacities to supply LPG, and domestic LPG production has gone up by about 25 per cent approximately. The entire output of this ramped-up

Contents Page

capacity is going to domestic consumers. So, to ensure that households do not suffer, not only are we ensuring steady streams from the shipping lines coming in, but domestically also we have ramped up capacity for the production of LPG by diverting from the production of other hydrocarbon materials to LPG production. As a result, domestic supplies will be adequately streamlined and the supplies will remain steady. This is also because we have this *atmanirbharta* governing every sector, not just electricity production but also LPG production. So, the ability to ramp up domestic LPG production by 25 per cent literally overnight, the availability of alternative energy sources, and the reduced share of fossil fuels in the overall energy mix have not happened by accident. A steady, policy-backed approach by the Government of India has actually resulted in us being able to suddenly improve on something so that any situation which requires that additional support can be handled. So, this *Atmanirbhar Bharat* has actually been built in various segments and, today, all of them are standing by us. It is the outcome of a deliberate decade-long energy transition strategy launched by the hon. Prime Minister in 2014 itself. I just want to say that nothing is a standalone. Everything in this policy seems to come together in the name of *atmanirbhar* we are able to build up and meet up emergency situations.

Sir, I would not be inappropriate for me to say how our electricity production is as per *Atmanirbhar Bharat*, going ahead of schedule. By January 2026, the total installed capacity has more than doubled to 520.5 Gigawatts. Non-fossil fuel sources now stand at 271.97 Gigawatts, accounting for more than 52 per cent of total capacity and surpassing fossil fuel capacity of 248.5 Gigawatts. For the first time in India's history, non-fossil fuel sources exceeded fossil fuel capacity. It is a remarkable position to reach. अभी हमारे पास non-fossil fuel की capacity fossil fuel की capacity से ज्यादा है। यह 5 साल ahead of schedule है। 5 साल के बाद जो achieve करना था, उस deadline से पहले ही हमने इसको achieve कर लिया है। Therefore, it is a very remarkable thing. All the more, climate finance debates में विदेश से पैसा आना चाहिए, पैसे के लिए मांग होती है, विदेश से पैसा नहीं आया, इसीलिए हम आगे बढ़ नहीं पा रहे हैं, ऐसी बहुत सारी बातें सुनने में आती हैं। मगर, भारत जैसे देश में विदेश से पैसा आया है या नहीं आया है, इसकी चर्चा अलग है और हम इसकी परवाह न करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। आज हम fossil fuel से compare करते हुए non-fossil, मतलब renewable ज्यादा produce कर रहे हैं, इसलिए यह हमारी 5 साल पहले की ही achievement है। इसे हम सबको ध्यान में रखना चाहिए। यह हमारे देश के लिए एक सराहनीय काम है, जिसमें पूरा देश भाग ले रहा है। सांसद होने के नाते, we should be able to appreciate it. Particulary, in 2025, Sir, highest ever renewable energy expansion भारत देश में हुआ है। A record 44.51 Gigawatt of renewable capacity

Contents Page

